बनिहाल जेल में पहुंच गए। कर्नल का तो पता नहीं पर बडू और डोगरा साहब को यहां हमारे साथ ही लाया गया। आज इन्ही को स्पैशल क्लास मे हुक्का मिल गया जो जेल में सबसे बड़ी नयामत है। 24 फरवरी, आज सतपाल उधमपुर वाला जो बहुत दिनों से बीमार था, इसको बनिहाल सरकारी हस्पताल में दाखिल करवाया गया। सतपाल ने अपने चार साथियों के साथ उधमपुर में सत्याग्रह किया था। उसी दिन तहसील राम नगर के गाँव थयाल के सात और लोगों ने सत्याग्रह किया। पुलिस ने इन सब को पकड़ कर हवालात में बन्द कर दिया। सबने अपने नाम और पते गलत लिखवाए इनको पता था कि अदालत सज़ा के साथ जुर्माना भी करती है और जुर्माना लेने के लिए पुलिस घर वालों को तंग करती है। इन के साथ एक चौदह साल की उम्र का लड़का सीताराम भी था।

पुलिस ने इस लड़के की खूब पिटाई की और बाकी के नाम और पते सही–सही जान लिए। अदालत ने बाकी लोगों को एक–एक साल कैद और 500 रूपए की सज़ा सुनाई और सीताराम को उम्र कम होने के कारण बरी कर दिया। सीताराम ने अदालत में कहा कि पाँच रोज़ जो अदालत ने मुझ पर जुल्म किया, क्या उस वक्त मैं बच्चा नहीं था? आज अदालत में लाते समय पाँच रोज़ के बाद मुझे खाना खिलाया गया। मैं चल फिर भी नहीं सकता था भरी अदालत में जिस्म के तमाम कपड़े उतार कर उसने अपने जिस्म के निशान दिखाए। उसके जख्मों को देख और उसकी कहानी सुन सब वकीलों और खुद जज साहब ने अंगुली मुँह मे डाल ली। इसी तरह खेमराज, रामचन्द, शिवरः सिंह, गिरधारीलाल और बलदेव ने भी पृथ्वीराज सब इनस्पैक्टर और दूसरे सिपाहियों की मार के निशान अदालत में दिखाए। उन्होंने कहा, हर रोज़ शाम को सब इनस्पैक्टर पृथ्वी राज शराब पी, हैवान बन कर हम लोगों को पीटता था। यह लड़का सीताराम रो–रो कर अपनी जिन्दगी की भीख माँगता था पर पुलिस वालों पर हमारे रोने चिल्लाने का कोई असर नहीं होता था क्योंकि वो पुलिस थी, इन्सान नहीं। इन्सान और पुलिस में बहुत फर्क होता है। हमारे रोने–चिल्लाने से हवालात की दीवारें कांप उठती थी। इससे पहले भी इसी इलाके के तीन आदमी सागर सिंह और चन्द मरौठी के रहने वाले थे और अनन्त राम पट्टन का रहने वाला, को इन वहशियों ने इतना मारा कि उनके बचने की कोई आशा न रही। रात के अन्धेरे में, हवालात से निकाल इनको एक मैदान में छोड़ आए। दिन निकलने पर लोगों ने देखा और जम्मू लेजाकर इनके फोटो भारतवर्ष की तमाम अखबारों में छपवाए। दुनिया ने पुलिस वालों के वहशीपन का नंगा नाच देखा। लोगों ने इसके खिलाफ आवाज उठाई। थाने का घेराव किया तो पृथ्वीराज ने कहा कि ऐसा करने के लिए डी. सी. दुरानी और एस. पी. भाखड़ी ने हुक्म दिया। उन्ही दिनों थाना में रामनगर एक मिर्ज़ा नाम का सब इनस्पैक्टर था। उसका मारने का अलग ही ढंग था। वो दोनों हाथ बांध मुँह को भी बांध देता था ताकि किसी के रोने की आवाज़ बाहर न आ सके।

उन्हीं दिनों कटड़ा से तीन लड़कियों को घसीट कर थाना में लाया गया। उनको वो–वो गालियां निकाली, जो इन्सान नहीं सुन सकता था। वो रोती थी और कहती थीं, हमें गोली मार दो। जो व्यवहार इन्होंने हमारे साथ किया है इसको सहन करके हम जीना नहीं चाहतीं। इनमें एक 25 साल की कुवाँरी ब्राह्मण कन्या भी थी, जिसने सारी उम्र शादी न करने का वचन लिया था। वो अपना सिर शर्म से नहीं उठा रही थी। इन्सानियत रो रही थी और हैवानियत हंस रही थी। यह सब बलदेव राम और शिवरः सिंह ने हमको सुनाए। 25, 26 और 27 फरवरी गुज़र गए।

28 फरवरी, सामने दूर पहाड़ी पर मिलिट्री कैंम्प है, उनको नाचते और रंग फेंकते देख कर जान पड़ा कि आज होली है। जान पड़ा, जिन्दगी फिर जिन्दा हो उठी है। यह लोग अपने घर से हज़ारों मील दूर अपने सगे–सम्बन्धियों से बहुत समय से घर से बेघर, भगवान श्रीकृष्ण की याद को ताज़ा रखने के लिए एक दूसरे पर रंग और गुलाल फेंक खुश हो रहे हैं और नाच रहे हैं। दूसरी तरफ हम पिंजरें में बन्द पक्षी की तरह उड़ना चाह कर भी नहीं उड़ सकते। इसी तरह शाम तक मिलिट्री वालों के फाग़ के गीत सुनते रहे। पहली मार्च, आज एक नया साथी तहसील रामवन, गाँव पोगल प्रस्थान, परियों के देश से पकड़ कर लाया गया। सादा तबियत, देहाती अनपढ़, नाम था गजेह सिंह। सब लोग उसके इर्द–गिंद होकर जेल के बाहर की दुनियां के हालात जानने लगे। बातों से पता चला कि न ही यह सियासत को जानता है और न ही इसका कोई इससे लेन–देन है। कहने लगा, जब मैंने सुना कि शेख ने हल का झंडा लहराया तो गुस्से में आकर हमने भी भारत मां की जय का नारा बोल दिया। हमें नहीं मालूम कि विधान क्या होता है और सुप्रीम कोर्ट किस चिड़िया का नाम है। हमे तो इतना ही मालूम है कि महाराजा हरि सिंह ने हमें हिन्द के साथ जोड़ दिया था, यह तोड़ने वाला शेख कौन है। पुलिस मुझे पकड़ने मेरे गांव पोगल आई। गाँव के लोग लाठियाँ लेकर मरने मारने को तैयार होकर आ गए। बोले, किसकी मजाल जो हमारे जीते जी गजेह सिंह को पकड़ सके। मैंने कहा, आप लोग शान्त रहो। सुना है, पंडित प्रेमनाथ जी ने कहा है, मार खाओ पर हाथ न उठाओ। बहुत से लोगों ने मुझे गालियां दी। और कहा, डरपोक है जो ऐसे ही गिरफ्तार हो गया। शायद इसकी प्रजा–परिषद् और पंडित भी डरपोक होगा। उन बेचारों को यह भी मालूम नहीं कि प्रजा–परिषद् कोई आदमी नहीं, पार्टी का नाम है। पुलिस ने कहा, तुम क्या चाहते हो। मैंने कहाख जो पंडित चाहता है। पंडित क्या चाहता है, पुलिस वालों ने पूछा।

मैंने कहा, पंडित चाहता है, हलवाला झंडा उतार दो और भारतमाता का झंडा लगाओ। बस उन्होंने पकड़ कर मुझे जेल में डाल दिया। मैंने कहा, "गजेह सिंह जी, क्या वाकई आपके गाँव में परियाँ होती हैं।" उसने बड़े मज़े ले लेकर दंत कथा सुनानी शुरू कर दी। मेरे गाँव का नाम पोगल है। थोड़ी ही दूर दूसरे गाँव का नाम प्रस्थान

है। कहते हैं उस गाँव के पास जंगल में बहुत पुराना थड़ा बना हुआ है। वहां एक सोने की मोतियों से जड़ित कुर्सी होती थी। जिस पर आकर परियों की रानी बैठती थी और बाकी परियाँ उसके गिंद घेरा डाल नाचती थीं। गंधर्व लोग राग़ गाते थे।

यह सब कुछ मेरे दादा के दादा जी कहते थे। वो कहते थे, यह सब कुछ मैंने अपनी आँखों से देखा है। पर अब वहां कुछ भी नहीं। सब कुछ मिट्टी के नीचे दब गया। उस जंगल में कोई नहीं जाता। कहते हैं, बहुत देर पहले एक आदमी गया था पर वो वापिस नहीं आया। पर अब भी कभी–कभी पूर्णमाशी की रात चाँद जब पूरी तरह चमकता है, बहुत ही मीठे स्वरों में गाने और घुंघरू की आवाज़ सुनाई देती है। हमारे इलाके के लोग बहुत मेहनती और ताकतवर होते हैं। आए दिन जंगली सूरों और रीच्छों से हमारा सामना होता रहता है। दवा दारू के नाम से हम कोसों दूर हैं। हर बीमारी में हम जादू टोनों पर निर्भर हैं। 2 मार्च, मौसम आहिस्ता–आहिस्ता खुलता जा रहा है। सर्दी कम हो रही है। वृक्ष जो पहले रूंड–मुंड दिखाई देते थे। बर्फ पिघलने पर आहिस्ता–आहिस्ता कई कोंपलें फूट रही है। और नए पत्ते उग रहे हैं। हर रोज नहाने का मजा आने लगा। हमारा आहता जो पहले बिल्कुल खुला था, अब कांटेदार तार लगने से आज़ादी में कुछ कमी हो गई है। आज रात भूंचाल के झटके हुए। सब उठकर हरीहर स्तोत्र और हनुमान चालिसा का पाठ करने लगे।

तीन मार्च, आज रामवन से दो और साथी हथकड़ियों में जकड़ कर लाए गए। हमने आने वालों का स्वागत किया। उनमें एक नौजवान लड़का विद्याप्रकाश, स्कूल मास्टर और दूसरा बुर्जुग किस्म का लाला ठाकुरदास, रामवन का दुकानदार है। उनसे पता चला, एक मार्च को रामवन में चारों तरफ से छोटे–छोटे जुलूस मिल एक बहुत बड़ा जुलूस बन गया। प्रजा–परिषद् जिन्दाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाता बज़ार में आया। पुलिस ने बिना किसी चेतावनी के अंधाधुंध लाठी चार्ज करना शुरू कर दिया। पर जलूस न रूक सका। आगे ही आगे बढ़ता गया। जब जुलूस लाठी चार्ज से न रूक सका तो तहसीलदार रामवन ने पुलिस को फाईरिंग का हुक्म दे दिया। गोलियां बरसनी शुरू हो गई। लोग जमीन पर लेट गए। तीन आदमी वहीं शहीद हो गए और जख्मी कितने हुए, कोई पता नहीं। पर वो फिर भी डटे रहे। तहसीलदार ने गुस्से में आकर मिलिशिया फोर्स बुला दी। मिलिशिया में तकरीबन ज्यादा मुसलमान सिपाही थे। चारों तरफ बन्दूकें तान हजूम को घेरे में ले लिया। तहसीलदार रामवन निज़ामऊल रहमान ने गर्जदार आवाज से कहा, अगर दो मिनट के अन्दर–अन्दर जलूस भंग न हुआ। तो सब को गोलियों से भून दिया जाएगा। जुलूस बिखरना शुरू हो गया। घड़ाघड़ गिरफ्तारियां शुरू कर दी। हम दोनों को यहां भेज दिया। बाकी का पता नहीं कहां भेज दिए गए। अभी आठ रोज पहले भद्रवाह जेल से रिहा होकर आया हूँ। आज आपके पास आ गया, लाला ठाकुरदास ने कहा। अब हम इस बर्फ भरी चोटी पर बनाई गई जेल में 107 आदमी थे। रणवीर सिंह पुरा, अखनूर, हीरानगर, उधमपुर, रियासी, रामवन, साम्बा, कठुआ मानों इस चिड़िया घर में भिन्न–भिन्न प्रकार के पंछी, भिन्न–भिन्न बोलियां बोलने वाले एक ही बोली बोल रहे थे। भारत माता जिन्दाबाद, प्रजा–परिषद् जिन्दाबाद। हमने दिल बहलाने के कईं साधन पैदा कर लिए थे। कुछ तो धरती पर लकीरें निकाल ठीकरियों से खेलते थे। कुछ अपने–अपने प्रान्त की कहानियां सुनाकर समय गुजारते थे। जब रात को दरवाजे बन्द हो जाते, विनोद सभा भी किया करते थे। अपने ही कपड़ों में तरह–तरह के सवांग बना कर ड्रामा और कामेडी पार्ट भी कर लिया करते थे। कृष्णलाल अखनूर वाला कामेडियन ड्रामें बहुत अच्छे करता था। उधमपूर का कृष्ण लाल कश्मीरी नक्ल इस ढंग से करता, कि उसकी जुबान मानों कश्मीर की मादरी जुबान हो। उसके जुएँ मारने का ढंग देख सब हसँ–हसँ कर दोहरे हो जाते थे। खजूर सिंह और हृदय सिंह गुड़ा सलाथियाँ वाले दोनों रागी थे। कभी–कभी मस्ती में आकर बाटी डिब्बा हाथ में ले ताल से ताल मिला कर वो समा बाँध देते कि सब चिन्ता फिक्र भूल जाते। बूटा सिंह, तहसील रणवीर सिंह पूरा का, मेघ राज वाली, राजोरी वाला जो मोटा और कद से छोटा था, उसकी नकल खूब उतारता था और उसको मदारी का रिच्छ और नाइयों का पड़ोला कहता था। जम्मू वाले कृशण कुमार, विघासागर और सुंदर्शन कुमार जो छोटी उम्र के थे और शक्ल से भी खूबसूरत थे, सब उनको कृशण महाराज की सखियां कहकर बुलाया करते थे।

एक रात विनोद सभा में जगदीश दत्त रणवीर सिंह पुरा वाला और कृष्ण कुमार अखनूर वाला दोनों ने मिलकर वो नाच किया कि हसँ–हसँ कर सबकी कमर दोहरी हो गई। जगदीश दत्त का शरीर बेडोल और मोटा था। नाचने पर ऐसा प्रतीत होता मानों तेली का कोल्हू नाच रहा हो। एक थे, श्री मान संसार सिंह गुड़ा सलाथियाँ वाले। उनका नाम हमने लाउडस्पीकर रखा हुआ था।

वक्त–बे–वक्त बहुत ही ऊँची आवाज में बेसुरी सुरें निकालता था। उसकी सहज बोली चीनी या जापानी मालूम होती थी। इन सब से कमाल तहसील अखनूर का कमल सिंह था। सब लोग इसको भाई सिपाही कहकर बुलाया करते थे। वो पुलिस की नौकरी कर चुका था। कभी–कभी गुस्से में आकर वो–वो गालियाँ पुलिस वालों को निकालता था जो बड़े–बड़े शब्दकोश में भी नहीं मिलती थीं। कुछ समय सोचना पड़ता था कि जो गाली उसने किसी का नाम लेकर निकाली है, वो उसके किस रिश्तेदार को लगी है। ऐसे ही एक भाई अमर सिंह, तहसील अखनूर गाँव पलाँवाला का था। कभी–कभी लहर में आकर लहराया करता था। कानों में ऊंगलियाँ दे पहाड़ी तर्ज पर कुछ गाता था। गाने के उतार–चढ़ाव का बिना हमें कुछ समझ नही आता था। ज्ञान चन्द साम्बा वाले का नाम "वनदक समे यानि बिना आवाज़ के फिल्म मशहूर था। वो देख कर मुहँ ही मुहँ मुस्करा दिया करता था। बोलता बहुत कम था। इसी तरह हँसी मजाक और छेड़छाड़ में अपने दिन गुज़र रहे थे। कभी–कभी रात को मेजर हरि सिंह तहसील अखनूर का कहानियाँ सुनाया करता था। उसकी हर कहानी, "एक था राजा" से शुरू होती और कभी शुरू तो राजा से ही होती और कहता, "एक था राजा, जब उसके पास खाने को कुछ ना रहा"। हम सब हँसते थे और कहते, "मेजर साहब वो राजा था या भीखमँगा।" कहानियों में कृशण लाल तहसील रणवीर सिंह पूरा वाले और हरि सिंह अखनूर वाले की कहानी बहुत पसन्द की जाती थी। इसी तरह दिन और रात गुजर रहे थे। एक दिन खबर सुनी के विशनाह में पुलिस सब इन्स्पैक्टर पर गोली चलाई गई और साथ ही यह भी सुना कि वहां के कुछ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिनमें गिरधारी लाल, हरिसरण, मुल्खराज, ज्ञान चन्द, कस्तूरी लाल और मेरे पिता जी शामिल हैं। कुछ और लोगों को पुलिस ढूंढ रही है। जिनमें मेरा छोटा भाई पूर्ण चन्द अंडरग्राऊंड हो गया है। सुनकर काफी परेशानी हुई। मैं जेल में हूं, पिता जी जेल में हैं, भाई अंडरग्राऊंड है। घर कैसे चलता होगा।

यह भी सुना कि चरण दास तहसील रणवीर सिंह पुरा का एक ही लड़का था, सो ईश्वर को प्यारा हो गया। इससे पहले उसके तीन बच्चे मर चुके थे। सुनकर चरण दास को बहुत दुःख हुआ। हमने कहा, "तुम पैरोल पर घर चले जाओ।" बोला, "मेरी यह दुनियाँ तो तबाह हो गई अब दिन क्यों बरबाद करूं। लोग कहेंगे कि मुआफ़ी माँग कर आया है। मैं ऐसा कभी न करूँगा।" यह सुन हम सब चुप हो गए। चौदह मार्च, किसी ने कहा, आज

चेत–चौदश है। जम्मू के नज़दीक परमंडल एक तीर्थ स्थान है। वहाँ हर साल चौदश वाले दिन बड़ा मेला लगता है। वहाँ बहुत बड़ा शिवजी का मन्दिर है। हजारों यात्री हर साल इस पवित्र स्थान पर चेत चौदश के दिन दर्शन करने आते हैं। यह मन्दिर महाराजा रणवीर सिंह ने बनवाया था। कभी–कभी मैं भी साथियों के साथ दर्शन अर्थ जाया करता था। मेरे न जाने से मेला तो रूक नहीं सकता और न ही मेले की रौनक कम हो सकती है। आज मस्तराम उधमपुर वाला सख्त बीमार हो गया। उसे स्पेशल गाड़ी पर जम्मू पहुंचा दिया गया। न मालूम वो जम्मू पहुंचा कि नहीं। 15 मार्च, आज अमावस्या है। बारिश शुरू हो गई। जो लगातार 18 मार्च तक होती रही। बाहिर निकलना बन्द हो गया। दरया के पार से हमारे पीने के लिए पानी आता था। बाढ़ की वजह से जो लकड़ी का पुल बना था, वो टूट गया। पार जाने का कोई रास्ता न होने की वजह से तीन रोज हमें वोही दरया का गन्दा पानी पीना पड़ा। 20 मार्च को पुल की मुरम्मत हुई तो हमें साफ पानी पीने को मिल सका। आज गौरी मल रियासी वाला जो कई रोज से बीमार था की हालत खराब हो गई। उसको बनिहाल अस्पताल ले जाकर दाखिल करवाया गया।

24 मार्च, हम लोग नहाने दरया पर गए। अचानक एक फायर हमारी ओर हुआ। हम सब लोग पत्थरों की ओट में छिप गए। जैमल सिंह, तहसील हिरानगर और सूबेदार हरिसिंह तहसील अखनूर, सूबेदार बसन्त सिंह तहसील अखनूर आहिस्ता–आहिस्ता तीनो यह रिटायर्ड फौजी पत्थरों की आड़ में आगे, जिधर से फायर हुआ था, बढ़ने लगे। इन तीनों ने दो आदमियों को पत्थर की पीछे से जाकर पकड़ लिया। वो दोनों कश्मीरी मुसलमान थे। देसी बन्दूक में फिर बारूद भर रहे थे। पकड़कर पुलिस के हवाले किया। जैमल सिंह मिलट्री का पैन्शन रिटायर्ड सिपाही दूसरे विश्व युद्ध में सिंगापुर में I.N.A. में नेताजी सुभाषचन्द्र की फौज में शामिल था। सुभाष बाबू का नाम बड़े सम्मान से लिया करता था। सुभाष बाबू के भाषण जो कभी–कभी उन्होंने I.N.A. में दिए थे, बड़े जोश से सुनाया करता था और कभी–कभी उन की याद में रो भी पड़ता था। दूसरा सूबेदार बसन्त सिंह अम्ब गरोटा तहसील अखनूर का रहने वाला था। जब यह सत्याग्रह करने निकला तो अपनी धर्मपत्नी बच्चा, हल, बैल और बकरी भी साथ ले गए। सब के गले में फूलों के हार डाले और गिरफ्तारी के लिए पेश कर दिए। पुलिस ने कहा, हम सिर्फ तुम्हें गिरफ्तार करेंगे। क्योंकि धारा 144 तुमने तोड़ी है। बोला, अकेले मैंने नहीं, इन सबने तोड़ी है। सबको जेल में ले चलो। पर पुलिस ने सिर्फ बसन्त सिंह को गिरफ्तार किया। 25 मार्च, दो इखलाकी कैदी, जो हमारा खाना बनाने के लिए लंगर में काम करते थे, आज अपनी सज़ा काट घर वापिस जा रहे हैं। इनमें एक ज्ञान चन्द तहसील जम्मू का रहने वाला है। अपनी विरादरी में लड़ाई हो गई। दूसरी ओर से किसी का कत्ल हो गया। काफी लोग लड़ाई में शामिल थे। बलवा करार दिया गया। फाँसी से बच गए। पर इन तीन भाइयों को सात–सात साल की सजा हुई। दो भाई जम्मू जेल में हैं। वो भी आज रिहा हो रहे होंगे। दूसरा है, देवी सिंह / देवा बटाला का रहने वाला। वो शराब निकालता हुआ पकड़ा गया। उसकी भी सज़ा आज खत्म हो रही है। मैंने देवी सिंह से

कहा, अब तो यह धंधा नहीं करोगे। बोला, साहिब जिस काम के लिए जेल काटी। वो भला छोड़ दूँ। मैं नामर्द नहीं। दोनों आज खुशी–खुशी हम सब से हाथ मिला घर जा रहे हैं। हम सब इनको छोड़ने गेट तक आए। पर हमारे एक कुम्भकर्ण जी महाराज सो रहे हैं। रात जब सब लोग सो जाते हैं तो वो पढ़ते रहते हैं और दिन का खाना खा, लम्बी तान ओढ़ सो जाते हैं और शाम को खाना खाने के समय ही इनकों जगाना पड़ता है। यह हैं, देवकी नंदन, हीरानगर वाले। मैंने कहा, "देवकी नंदन जी, जबसे आप यहाँ आए हैं। मैंने आपको एक बार भी नहाते नहीं देखा। अब तो मौसम भी ठंडा नहीं। हम सब तकरीबन रोज नहाते हैं।" बोला, मैं तो केवल तीन ही अश्नान जानता हूं। तीन अश्नान, मैंने हैरानगी से पूछा, खुलकर बताओ। बोला, दाइयों का नाइयों का, और भाइओं का। मैं फिर भी नहीं समझा। बोला, मेरे पैदा होने पर पहला स्नान दाई ने कराया वो था दाइयों का स्नान, दूसरा मेरी शादी पर नाई ने कराया। वो था नाइयों का स्नान तीसरा मेरे मरने पर शायद मेरे भाई करवाएँ। इससे ज्यादा नहाना मैं पाप समझता हूँ। वाक़ई यह अपने वचन का पक्का था। हमने अप्रैल, मई तक भी उसको नहाते नहीं देखा। ओमप्रकाश, कठुआ वाले ने बताया कि देवकीनंदन ने पहले भी जेल काटी थी। अब दुबारा हमारे साथ आया है। देवकी नंदन के अंधे और बूढ़े माता–पिता को पुलिस ने देवकी नंदन पर किए जुर्माने की वसूली के लिए चार दिन हवालात में रखा, मारा पिटा पर जुर्माना वसूल न हो सका। वो कई दिन बेचारे बीमार होकर अस्पताल में पड़े रहे। यह सब सुनकर भी देवकी नंदन के मुँह पर हमने उदासी नहीं देखी। ओमप्रकाश कठुआ का रहने वाला है। पुलिस ने इस आंदोलन में उसको पकड़ने की बहुत बार कोशिश की मगर यह हर बार पुलिस को बुद्धु बनाकर निकल जाता पर पार्टी आदेश को मान इसने सत्याग्रह किया और गिरफ्तार हो गया। पुलिस ने तेरह जुर्म लगाकर इसको न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने इसको तेरह जुर्मों पर तेरह वर्ष की कैद और 700 रू का जुर्माना किया। इसके साथ ही दूसरे साहिब हैं, सरदारी लाल एम. ए. नगरी पड़ोल के रहने वाले हैं। बहुत तेज गर्म मिज़ाज और प्रजा परिषद् के सरगर्म कार्यकर्ता हैं।

एक बार जब नगरी पलोड़ पंचायत के चुनाव होने लगे, नौ आदमियों ने प्रजा परिषद् की टिकट पर पर्चे दाखिल किए। चुनाव वाले दिन जब नैशनल कानफ्रेंस वालों को जान पड़ा कि हमारे उम्मीदवार प्रजा परिषद् के मुकाबले नहीं जीत सकते तो सन्दूकचियाँ उठा, कहा आज चुनाव नहीं होगा। चुनाव अफसरों और पंचायत अफसर ने भी नेशनल कानफ्रेंस की हां में हां मिलाई। प्रजा परिषद् ने चेतावनी दी, यदि नौ सीटें बिना मुकाबला हमारे उम्मीदवारों को न दी गई तो हम भूख हड़ताल कर देंगे। उन अफसरों पर इनकी चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ। भूख हड़ताल हुई और जोरदार हुई। हुकूमत ने सात सीटें बिना मुकाबला प्रजा परिषद् के उम्मीदवारों को दे दीं और उन दोनों अफसरों को मुअतल कर दिया। उसी भूख हड़ताल की वजह से सरदारी लाल का दिमाग खराब हो गया है। अब भी कभी–कभी उसका असर दिखाई देता है। जोश में आने पर दुर्वासा का रूप धारण कर लेता है। अभी थोड़े दिन पहले की बात है। एक जेल का वार्डन जिसका नाम सर्वानन्द, कश्मीरी पंडित ने कैप्टन ओमकार सिंह जो वज़ीर जोरावर सिंह के प्रपोते पोते हैं, किसी बात पर गाली निकाल दी। बस फिर क्या था। अल्लाह दे और बंदा ले। सरदारी लाल को गुस्सा आ गया। मानों ज्वालामुखी फट पड़ा। बड़ी मुश्किल सर्वानंद को दूसरे कमरे में छिपा सरदारी लाल के गुस्से से बचाया गया।

मैंने कैप्टन ओमकार सिंह से उनके परदादा वज़ीर जोरावर सिंह, जिनका हमारी रियासत जम्मू कश्मीर को बनाने में बहुत बड़ा सहयोग था के कारनामें जानने के लिए कहा। कैप्टन ओमकार सिंह वजीर जोरावर सिंह के पड़पोते, दादा जी का नाम विजयसिंह और पिता जी का नाम कर्नल इश्रीसिंह बताया। वज़ीर जोरावर सिंह तीन भाई थे, सरदार सिंह सबसे बड़े, उनसे छोटे वज़ीर जोरावर सिंह और छोटे का नाम दलेल सिंह था। यह कांगड़ा प्रान्त के गाँव आसंरा के रहने वाले थे। जोरावर सिंह महाराजा रंजीत सिंह की फौज में मुलाज़िम थे। परेड और ड्यूटी से फारिग होने पर हुक्का गर्म करते। पहाड़ी होने के कारण हुक्का के बहुत शौकीन थे। एक दिन उनके कमांडिंग अफसर जो एक सिक्ख था, हुक्का को ठोकर मारते हुए इन को पहाड़ी चूहा कहा और कहा कि सारा दिन हुक्का ही गुड़गड़ाते हो या कोई और काम भी है। झट गुस्से से उठ कर कहा, काम क्यों नहीं, अपनी बेइज्जती करने वाले को कत्ल करने का काम भी मुझे आता है। तलवार निकाल अफसर का सिर धड़ से अलग कर दिया। भाग कर राजा कांगड़ा की फौज में भरती हो गए। सिक्खों की फौज ने कांगड़ा पर चढ़ाई कर दी। कांगड़ा का राजा उस फौज का मुकाबला नहीं कर सकता था। हार मान ली। सिक्खों ने कहा, "जोरावर सिंह हमारा मुलज़िम है, इसको हमारे हवाले किया जाए।" जोरावर सिंह को हथकड़ी–बेड़ी डाल ले जा कर किले में बन्द कर दिया। एक रात जोरदार बारिश हो रही थी किला के नीचे दरया ब्यास बहता था, दरया में बाढ़ आई थी।

पहरेदार मस्त हो कर सो रहे थे। माँ भगवती को याद कर किला की दीवार से छलांग लगा दी। पानी से जब बाहिर निकले, देवयोग से उनकी हथकड़ी और बेड़ी खुल गई थी। तैरते–तैरते 35 मील की दूरी पर गाँव मुँगेतर के नज़दीक किनारे पर लगे। उठकर फिर घर आ गए। अपने मकान के बाहिर बैठे हुक्का गुड़गड़ा रहे थे कि सिक्खों की फौज की टुकड़ी उधर से गुज़री, उन्होंने पहचान लिया। जब वो पकड़ने आगे बढ़े तो मकान की दीवार फाँद यह उनकी नज़रों से ओझल हो गए।

सोचा, अब तो जम्मू का मियाँ डीडो ही मेरी रक्षा कर सकता है। उनकी बहादुरी के बहुत से कारनामें सुनने में आ रहे थे। पाँच आदमी अपने साथ ले, ढाल तलवार लगा जम्मू की ओर चले आए। यहाँ आज कल वाटर बर्कस हैं। वहाँ ना ही कोई सड़क थी और न ही वाटर बर्कस था। महाराजा गुलाब सिंह से अचानक मुलाकात हुई। महाराजा गुलाब सिंह ने इनकी चाल ढाल से जाना कि परदेसी है। इनसे पूछा और सारी बात सुन अभयदान दे अपनी फौज में शामिल कर लिया। थोड़े दिनों बाद इनको रियासी जहाँ पहले ही अपनी फौज के 25 आदमी थे, वहाँ इन पांचों को भेज दिया। वहां के राजा ने जो गुलाब सिंह से हार कर भाग गया था, पुनः 500 आदमियों के साथ रियासी किला पर हमला कर दिया। किला में सिर्फ 30 आदमी थे। किला में बन्द होकर दुश्मन का मुकाबला करने लगे। उन दिनों न ही एटमबम, हवाई जहाज होते थे, सिर्फ तोड़ेदार देसी बन्दूके थीं। बारूद बहुत थोड़ा था, उसको संभालकर रख दिया। ईंटों और पत्थरों से लड़ाई करते रहे। इधर जम्मू महाराजा गुलाब सिंह को यह सारी खबर मिल गई। जम्मू से उनकी मदद के लिए फौज भेजी। दुश्मन भाग गए। वहाँ से आगे बढ़े चनैनी को फत्तह कर लिया। कुछ समय बाद डोडा, जहाँ उस समय ठक्कर कौम का एक राजा मौलक जूँन हकूमत करता था, उसको भी अपने अधीन किया और यह खबर महाराज को भेज दी। किश्तवाड़ को स्वयं महाराजा गुलाब सिंह ने फतह किया। किश्तवाड़ से आगे मड़वादशन पर एक मलक कौम का बहादुर मुसलमान राज करता था पर जोरावर सिंह के सामने वो भी हार गया। जब तक वो जिन्दा रहा, जोरावर सिंह के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर लड़ता रहा फिर यहाँ से आगे सोरू करगल, असकरदु की पहाड़ियों को फतह करते हुए यह मौत के टक्कर लेने वाला बहादुर लद्दाख में जा दाखिल हुआ। लद्दाख को भी अपने अधीन करके अपना नायब बिठा वापिस किश्त वाड़ आ गया। सर्दियों के दिन गुज़रने के बाद पाडर को फतह किया, जहाँ दरया चन्द्रभागा दो हिस्सों में बहता है। एक हिस्सा को चन्द्र, दूसरे को भागा कहते हैं। दरया पार के इलाके पर नजर डाली, खून ने जोश मारा क्यों न इस इलाके पर कब्जा किया जाए। वो हिस्सा रयासत चम्बा के अधीन था। उसको अधीन करते जस्कांर पर कब्जा किया। वहाँ से आठ हज़ार बढ़िया नस्ल के घोड़े और बहुत सा कीमती समान लूट जम्मू आ कर महाराज की नज़र किया। महाराज ने उसकी बहादुरी और विजय की गाथा तमाम दरबारियों को सुनाई और कहा, पहले हम

तीन भाई थे, आज से ज़ोरावर सिंह भी हमारा चौथा भाई हो गया और इसको आज से वज़ीर ज़ोरावर सिंह के नाम से बुलाया जाए। अभी थोड़े ही दिन हुए थे कि गुप्तचरों ने आकर सुनाया कि लद्दाख खतरे में है। लद्दाख का लामा जो हारकर भाग गया था, उसकी मदद को तिब्बत का जरनैल कौशिक वत अठारह हज़ार तिब्बती सेना लेकर लद्दाख पर हमला करने आ रहा है। अपनें चुने हुए 700 योद्धा ले लद्दाख को दौड़े। डोगरा वीरों ने वो रण कौशल दिखाए कि तिब्बती सेना के पाँव उखड़ गए। डोगरा फौज जीत गई और जीत की खुशी में बेफिक्र होकर जश्न मनाने लगी पर दुनिया में जयचन्द सरीखे आदमियों की कमी नहीं। किश्तवाड़ का हाकिम बुद्धनशाह जो वज़ीर की फौज के साथ आया था, दुश्मन से जा मिला। राशन की कमी और फौज की संख्या दुश्मन को बता दी तो दुश्मन ने फिर फौज इकट्ठी की और पुनः लद्दाख पर हल्ला बोल दिया। झील मानसरोवर के नज़दीक जोरदार युद्ध हुआ। दुश्मन ने डोगरा फौज को चारों ओर से घेर लिया। फौज ग्लेशियर में घिर गई। ऊपर से सुर्ख बर्फ पड़नी शुरू हो गई। बहुत से जवान सर्दी में अकड़ कर मर गए। संख्या कम होने लगी। जीने की आशा छूट गई। इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने पूरे हथियार ले दुश्मन पर टूट पड़े। सिर्फ एक तलवार हाथ में रह गई। इतने में एक गोली टाँग पर लगी। घोड़ी से उतर तलवार हाथ में ले दुश्मन को ललकारा। फिर एक गोली दूसरी टाँग में लगी। दुश्मन ने चारों ओर से घेर लिया। शेर को जख्मी देख एकदम बहुत से नेजे सीने से पार हो गए और एक युग का अंत हो गया। दुश्मन के एक सिपाही ने डरते–डरते तलवार से सिर काट लिया। सिर और बचे 57 सिपाही गिरफ्तार कर लिए और लहासा ले जाए गए। यह सारी गाथा कैप्टन ओमकार सिंह ने हमको सुनाई।

30 मार्च, दोपहर के समय बनिहाल टॉल पोस्ट पर गाड़ियाँ देखी। जोरदार नारों की आवाज़े आने लगी। पता लगा कि श्रीनगर का रास्ता खुल गया है। यह सत्याग्रही जम्मू जेल से निकाल श्रीनगर ले जाए जा रहे हैं। इधर से भी जोरदार नारे गूँजने लगे। यह भी मालूम हुआ कि उनकी गिनती 125 है। इससे मालूम हुआ कि सत्याग्रह खूब जोर से चल रहा है। इसलिए इनकों श्रीनगर ले जाया जा रहा है कि नए आने वाले कैदियों के लिए जगह बनाई जाए। जब हमने भी जवाब में नारे लगाने शुरू किए तो बली मुहम्मद बार्डन भागा–भागा गया और डाक्टर वद्री नाथ जो थोड़े दिनों से हमारी जेल का इन्चार्ज था, उसको बुला लाया। डाक्टर ने हाथ जोड़ कहा, मेरी नौकरी का विचार कर नारे बंद कर दो। हमने कहा, हम जेल तोड़ तो बाहिर नहीं जा रहे हैं। जब भागने लगे तो बेशक गोली चला देना। बोला, भगवान के लिए मेरे हाल पर रहम करो। आपका जेल दारोगा जम्मू गया है। मैं तो दो चार दिन का जेल इन्चार्ज हूँ। जसवंत सिंह के आने पर जैसा चाहो करना। पता चला कि कोठे से गिर कर उसका लड़का मर गया है। उसके दुःख में रो–रो कर उसकी धर्म पत्नी भी अंधी हो गई है। जो इखलाकी कैदी हमारे लंगर में काम करते थे, उनमें से तीन–चार ने कहा, ऐसे आदमी का यही हाल होता है। आप लोग तो बोल

भी सकते हैं पर हम किसी से शिकायत भी नहीं कर सकते। बार–बार लाठियों से पिटाई करवाता और राशन भी कम देता था। एक बार कर्नल चोपड़ा जम्मू जेल में आया था, हम में से दो–तीन आदमियों ने डायरेक्टर चोपड़ा से शिकायत की कि हमें एक महीने से न ही साबुन मिला है और न ही तेल और राशन भी कम मिलता है जिससे हमारी भूख भी शान्त नहीं होती। डायरेक्टर तो चला गया पर रात को उन शिकायत वालों की वो पिटाई इस जसवंत सिंह ने करवाई कि शैतान भी काँप उठा। आंदोलन खत्म होने पर एक दिन सरदार जसवंत सिंह विशनाह आया। मैने सतश्री अकाल करके पूछा, "कहो सरदार जी, कैसे आना हुआ।" बोला, मैं रिटायर्ड हो चुका हूँ। सिममबल कैम्प तहसील रणवीर सिंह पुरा में रहता हूँ। मेरे घर चोरी हो गई है। चोर सब कुछ लूट कर ले गए हैं। मैने कहा, चोरों के घर मोर। अपनी सर्विस में कैदियों का राशन काट–काट कर जो धन आपने इकट्ठा किया, सब उनकी बददुआयों का असर है। चलो हिसाब बराबर हुआ। हाँ तो, 125 सत्याग्रही जम्मू जेल से श्रीनगर ले जाए जा रहे थे। हम उनके नारों का जवाब दे रहे थे। आज दो और इखलाकी कैदी अपनी सजा पूरी कर घर जा रहे हैं। जिनमें एक का नाम धर्मा है। वो मिलट्री से भागा हुआ है और दूसरा मिलट्री का सिपाही गुच्छू तहसील अखनूर का रहने वाला है। उसने अपनी कंपनी के सूबेदार की किसी बात पर पिटाई की थी। वह दोनों आज घर वापिस जा रहे हैं। उनके जाने के बाद वार्डन वली मुहम्मद नाक पोंछता–पोंछता आया क्योंकि उसकी नाक हर वक्त बहती रहती थी। बोला, मेहरबानी करके अपने दो–तीन आदमी लंगर में लगा देवें क्योंकि मेरे पास सिर्फ एक ही कैदी रह गया है। मैने जम्मू फोन किया है, हो सकता है कल तक और आदमी जम्मू से आ जाएं। हमने साफ इन्कार कर दिया। जो भी हो, हमें ठीक–वक्त पर खाना मिलना चाहिए। वर्ना––––। वो भागा–भागा डाक्टर इन्चार्ज के पास गया। डाक्टर ने हाथ जोड़े और कहा, फिर दो दिन के लिए आप मेरी मदद करें मैं आपको तीसरे दिन तकलीफ नहीं दूंगा। कैप्टन ओमकार सिंह ने दो दिन के वायदे पर कहा, चलो हम अपने आदमी खाना बनाने पर लगा देते हैं। तीसरे दिन की बात तो दूर सरकार ने हमें एक दिन भी तकलीफ न करने दी। सिर्फ शाम का खाना बनाना पड़ा। सब लोग खाना खा कम्बल ओढ़ सो गए। केवल मैं अपनी डायरी लिख रहा था। रात बारह बजे बाहिर बूटों की आवाज़ें आने लगी। खिड़की से झाँककर देखा, एक लम्बी कतार फौजी जवानों की नजर आई। बाहिर चाँद और गैस की रोशनी में यह भी देखा कि हर एक ने बन्दूक तान रखी है। दरवाजा खुला, एक फौजी अफसर ने अन्दर आकर जोरदार आवाज से कहा, सब लोग दो–दो कम्बल लेकर बाहिर आ जाओ। उसकी गर्जदार आवाज से कुछ लोग जाग गए और कहा, रात 12 बजे हम कहीं भी जाने को तैयार नही। दिन निकलने पर जहाँ आपकी मर्जी हो, हमें ले जाना। "कौन कहता है, हम इस वक्त नहीं जाएँगे," फौजी अफसर बोला। मैने कहा, "मैं कहता हूँ।" झट दो सिपाहियों ने मुझे बाजू से पकड़ा और बाहिर ले गए। जवानों ने बूटों और बन्दूक के कुंदों से मेरी पिटाई शुरू कर दी। मेरी पिटाई देख सब पर असर हुआ। झट अपने–अपने कम्बल ले

कमरे से बाहिर आ गए। गैस की रोशनी में देखा, तकरीबन सौ जवान जम्मू–कश्मीर मिलिशिया के हाथों में बन्दूकें और स्टेनगनें लिए खड़े थे। आप तो जानते ही होंगे कि मिलिशिया में 90 प्रतिशत कश्मीरी मुसलमान थे। इसी समय सामने वाली बैरक से रोने चिल्लाने की आवाज़ें आने लगी। उस बैरक में देवेन्द्र प्रेमी वसोहली वाले की पिटाई मिलिशिया के जवान कर रहे थे। उसने भी मेरी तरह रात को सफर करनें से इन्कार किया था। उसको मार से बचाने के लिए विद्यासागर, जम्मू निवासी और सुचेत सिंह साम्बा निवासी आगे बढ़े। सिपाहियों ने देवेन्द्र को छोड़ इन दोनों की पिटाई की। यह दोनों श्रीनगर जाकर तेल तारपीन की मालिश करते रहे। जब सब दो–दो कम्बल लेकर बाहिर आ गए। हमारी गिनती करके लाइन में लकड़ी का पुल पार करा के जम्मू–कश्मीर ट्रांस्पोर्ट के ट्रकों पर हमको लाद कर (सवार करके नहीं बल्कि लाद कर) कश्मीर की तरफ मार्च किया। उस वक्त रात के तकरीबन दो बजे थे। अभी दिन अच्छी तरह नहीं निकला था कि हमारे ट्रक श्रीनगर जेल के फाटक पर पहुँच गए। सामने देखा, लोहे का स्याह काला जेल का मनहूस दरवाजा खड़ा है। उसके आगे तीन–तीन कबाइली पठान काली वर्दी पहने हमारे स्वागत को तैयार थे। हमें देख वो बार–बार अपनी मूछों को ताव दे रहे थे। हिन्दू थ्यूरी के मान्य वो नरक के यमदूतों की तरह हमें नरक में ले जाने को तैयार खड़े थे। हमें ट्रकों से उतार कर जेल के फाटक के सामने बिठाया गया। हमारे इर्द–गिर्द जेल के वार्डन लाठियाँ ले खड़े हो गए। हममें से कोई भी हिलने या बोलने की कोशिश करता, वो गन्दी गालियाँ निकालते जिनको लिखा नहीं जा सकता। चार–चार आदमियों को जेल के फाटक की छोटी खिड़की से अन्दर धकेला जाता। तलाशी होती, छीना–झपटी होती। किसी के पास साबुन, तेल या सिगरेट थे, वो वार्डन लोग अपने बाप का माल समझ कर जेबों में डाल रहे थे। बिल्कुल ऐसे जैसे मरे हुए जानवर का माँस नौच–नौच कर गिद्ध खाता है। आप लोग अनुमान लगा लें कि मैं अपनी डायरी के पन्ने कैसे बचा सका। तलाशी के बाद हमें अन्दर ले जाया गया। तमाम बैरकें बन्द, मैदान सुनसान। क्या मजाल वहाँ कोई जानदार चीज़ दिखाई देती हो। एक बैरक जिसका नं.10 था, में हमें दाखिल करके फाटक बन्द कर दिया। बैरक गन्दी, बदबूदार, फर्श जगह जगह से उखड़ा हुआ, खिड़कियां, रोशनदान बिल्कुल बन्द। काल कोठरी की तरह। थोड़ी देर में फाटक खुला। एक ग्रुप और अन्दर धकेला गया। फिर चन्द मिनट बाद एक और इस तरह उस बैरक में हम चालिस आदमी हो गए। दिल में शान्ति हो गई कि बैरक में इतने सारे लोग इकट्ठे हो गए हैं। बैरक का फर्श ठण्डा और जगह–जगह से टूटा हुआ था। कम्बल बिछा बैठ गए। बारह बजे के करीब बैरक का दरवाजा खुला, देखा, एक साहब उनके साथ चार–पाँच जेल वार्डन लाठियाँ लिए अन्दर आए। उसने बारी–बारी एक–एक आदमी की तरह देखना शुरू किया। किसी–किसी को ऊँगली के ईशारे से उठने को कहा। बाद में पता चला, यह जेल का डिप्टी दारोगा, जिसका नाम मुहम्मद शरीफ था, उसको जेल का स्टाफ चीफ़ कह कर सम्बोधन करता था और यह भी पता चला कि जो आदमी यहाँ से बाहिर ले जाए गए हैं

उनको संगीन कोठरियों में बन्द किया गया है। शाम पाँच बजे फिर एक बार फाटक खुला। हर एक को एक बार फिर बाटी और डिब्बा मिल गया। कल शाम बनिहाल से खाना खाने के बाद इस समय तक 24 घण्टे बीत गए थे। भूख जोरों से लग रही थी। इतने में वन मानुष जैसे दिखाई देने वाले आदमी मैले कपड़े पहने बड़े–बड़े बर्तन उठाए अन्दर आए। हर एक को चावल और साग खाने को मिल गया। बाद में ज्ञात हुआ यह वन मानुश सरीखे आदमी हमारे ही साथी हैं जो नवम्बर और दिसम्बर में यहाँ लाए गए थे। इन पर बहुत बड़ी सख्तियाँ की गई थी। वह बाद में लिखेंगे क्योंकि इस समय उनसे कोई बात करने की मनाही कर दी गई है। दो कम्बल हमारे पास पहले थे, चार–चार और मिल गए। बैरक का दरवाजा बन्द हो गया। रात तकरीबन दो बजे बाहर से नारों की आवाजें सुनाई दी। पहरेदार से पता चला कि जम्मू जेल से और भी बहुत से कैदी लाए गए हैं। दिन निकलने पर बैरक का दरवाजा खुला, बाहिर पानी की टैंकी से पानी लेने की आज्ञा मिल गई। देखा, सामने किलाहारी पर्वत शान से खड़ा दिखाई दिया। सामने रसोई और अस्पताल के कमरे भी देखे। साथ ही संगीन कोठरियाँ और दूर परे फाँसी पर लटका ऊपर भेजा जाता है, दिखाई दिए। पता लगा, यह आहता सदा बन्द रहता है। केवल उसी रोज खुलता है, जब बड़ा ही मनहूस दिन हो यानि किसी को फाँसी पर लटकाना हो। हमारी बैरक के बाएँ हाथ मिस्तरी खाना है यहाँ कैदियों से भिन्न–भिन्न प्रकार के काम करवाए जाते हैं। 2 अप्रैल, आज जम्मू से 40 और हमारे साथी लाए गए। अब श्रीनगर जेल में 400 सत्याग्रही हो गए पर सब भिन्न–भिन्न बैरकों में बन्द थे। किसी को एक दूसरे का पता नहीं।

इससे पहले मैने लिखा था कि हमारी बैरक के सामने हस्पताल के कमरे हैं। उसी में कोई पागल कैदी बन्द है। सारी रात ज़ोर–ज़ोर से लैक्चर करता रहता है। उसके बोलने के ढंग से जान पड़ता है कि कोई पढ़ा–लिखा साम्यवादी विचार का आदमी है। आज शाम जो चावल हमें खाने को मिले उसमें बहुत से कंकर थे। जमादार से शिकायत की। उसने कहा फिर ऐसी शिकायत न होगी। जेल में लम्बी कैद वाले कैदी को नम्बरदार कहा जाता है। किसी की वर्दी काली और किसी की पीली होती है। जो कैदी जेल में पाँच साल से हो उसको काली और उससे लम्बी कैद वाले की वर्दी पीली होती है। वो लोग कैदियों पर नम्बरदार बनाए गए होते हैं। ये नम्बरदार 40 के करीब हैं। यह सब कबाइली पठान जो 47 के बटवारे में बार्डर पर गिरफ्तार करके लाए गए थे। सामने हिन्दू रसोई के साथ मुस्लिम रसोई है। उनमें जो खाना बनाने वाले काम करते हैं वो बहुत गन्दे, नाक साफ करके भी हाथ नहीं धोते और कभी पतीले में से भी एक–दो निवाले खा लेते हैं। जेल के वार्डन हमें बार–बार कहते हैं, अपने–अपने कम्बल संभाल के रखना। यह कश्मीरी बहुत चोर हैं। मैं हैरान कि जेल में भी चोरी और चोरी का माल कहाँ जाता है। आगे जाकर फिर कभी लिखूँगा। हमारी बैरक दिन में सिर्फ दो बार खाने के समय खुलती है और पानी की टैंकी में से पानी लाते समय नए–नए साथियों से मिलने का समय मिल जाता है। इनमें एक हैं, श्री इन्द्रप्रकाश। यह थे तो मीरपुर के पर 47 में बटवारे के बाद नौशहरे में रह रहे थे। मीरपुर में 47 में वहाँ के लोगों पर क्या बीती, आँखों देखा हाल जो इन्द्रप्रकाश ने सुनाया अगर हो सका तो फिर कभी लिखूँगा। 3 अप्रैल, किसी तरह पता चला कि जो लोग हममें से निकाल संगीन कोठरियों में ले जाए गए थे, उनको काफी यातनाएँ दी जा रही हैं। आज शाम खाने के बाद जब बैरक बन्द हो गई, हम लोग आरती करने लगे। इतने में श्री कंठ रैना जौ ँच जेल था, आठ–दस सिपाहियों जिनके हाथ में लाठियां थी, लेकर बैरक में आकर बेतहाशा गालियां निकालने लगे और कहने लगे बन्द करो यह आरती, यह जम्मू जेल नहीं है। यहाँ यह सब कुछ नहीं चलेगा। यदि किसी ने एक भी शब्द मुहँ से निकाला तो उसकी जुबान खींच ली जाएगी। आज पहली बार ँच रैना की शक्ल देखी। एक आँख से काना बिल्कुल अजराइल का भाई दिखाई देता था। हमारे बहुत से साथी बीमार थे। कोई डाक्टर हमें पूछने नहीं आया। जमादार से बार–बार कहने पर एक नीम पागल सा कम्पाउंडर पाँच–छः बोतलें और एक लोहे का गन्दा सा गिलास लिए आया। जिस–जिस ने अपनी बीमारी उसको बतानी चाही, बिना पूछे उन्हीं पाँच–छः बोतलों में से एक–एक खुराक उनके मुँह में डालता चला गया। मानो उसकी बोतले भानुमती का पटारा हो। सौ बीमारियों का एक ही इलाज। एक दिन एक कैदी के कान में दर्द था, दिखाने गया। उसको बिठा उसके कान में दवाई डाल दी। उसके बाद दूसरा आदमी जिसकी आँख में दर्द था, बिना सोचे समझे वही दवाई उसकी आँख में डाल दी। मैने पूछा, यह दवाई तो कान की थी जो तुमने आँख में डाल दी। बोला, गलती हो गई।

मैं काँप गया। इसकी गलती से किसी की आँख भी जा सकती है। चार अप्रैल, कठुआ से आए कैदियों में एक महात्मा भी थे, जिसने डिप्टी दारोगा से कहा, हमें इतने दिन आए हो गए हमें नहाने की इजाज़त दे दो। डिप्टी ने एक नम्बरदार काली वर्दी वाले को बुलाया और कहा, ज़रा महात्मा जी को स्नान करवा दो। नम्बरदार ने मार–मार कर उनका हुलिया बिगाड़ दिया और उनको संगीन कोठरी में बन्द कर दिया। उसके बाद किसी ने नहाने के लिए कहने की हिम्मत नहीं की। जो चावल हमें खाने को मिलते हैं उनमें कंकर और पत्थर होते हैं और सब्जी बिल्कुल सब्ज पत्ते और कच्चा तेल तैरता नज़र आता है लेकिन भूख नहीं मिटती थी। चीफ से एक दिन कहा कि हमें राशन कम मिलता है, बोला जेल रूल के मुताबिक आपको 66 छटाँक कच्चे चावल हर एक को मिलने चाहिएं। पर आपने कहा कि साफ करके पकाओ। साफ करने से तो 44 ही छटाँक रह जाते हैं और पकने पर उनका वज़न 12 छटाँक रह जाता है। यदि आप 14 छटांक चाहते हैं तो साफ करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। दूसरे कैदियों ने कहा, आप बड़े खुश किस्मत हैं। आपसे पहले किसी में शिकायत करने की हिम्मत ही नहीं थी। एक बार हमने राशन की कमी को देख भूख हड़ताल की थी। यह दिसम्बर महीने की बात है। हमें पकड़ बर्फ पर लिटाया गया और नम्बरदारों ने मार–मार कर हमारा हुलिया बिगाड़ दिया। फिर किसी में शिकायत करने की हिम्मत ही नहीं हुई। यदि यह लाँगरी लोग हमें चोरी छिपे चावलों की पीछ या मांड नहीं दिया करते तो हममें से कई भूखे मर गए होते। फिर भी एक–आध ने SP से शिकायत की। SP ने कबाइली दरिंदों, पैंदाखाँ और लालखाँ के सपुर्द की दी। शिकायत करने वालों का वो हाल किया कि तौबा ही तौबा। पैंदाखाँ और लालखाँ ये दोनों जल्लाद कौन हैं, यह आगे जाकर लिखूँगा।

इससे पहले मैने लिखा था, पैंदाखाँ और लालखाँ कौन हैं। इनकी शक्लें और चेहरा और कद देख बड़े से बड़े दिलवाला भी काँप उठता था। इनको नम्बरदार इसीलिए बनाया गया था कि वे बिगड़े कैदियों को सीधा कर सकें। सन् 1947 में पाकिस्तान ने कश्मीर पर हमला किया तो उनमें कबाइलियों को लूट का लालच दे अपने साथ शामिल किया। जब भारत की फौज ने इनका हमला नाकाम कर दिया तो उन हमला करने वालों में ये भी पकड़े गए। इनमें पैंदाखाँ, लालखाँ सबसे ज्यादा खतरनाक और वहशी मालूम होते थे। यह हज़ारा प्रान्त के गाँव कागांन के रहने वाले हैं। आठ साल की सज़ा काट रहे हैं। तीन साल से अब इनको काली वर्दी वाला नम्बरदार बनाया गया। लालखाँ की ड्यूटी स्पैशल बैरक पर और पैंदाखाँ और मुहम्मद अली की संगीन कोठरियों पर लगाई गई है। हमारे कुछ साथी जो संगीन कोठरियों में सजा काट कर आए, कानों पर हाथ रखकर कहते हैं, भगवान इन नम्बरदारों के हवाले किसी दुश्मन को भी न करे। संगीन कोठरी की लम्बाई 5 फुट, चोड़ाई 5 फुट छत बिल्कुल नीची। आदमी सीधा खड़ा नहीं हो सकता और न ही टाँगें फैला सो सकता है। फर्श जगह–जगह से उखड़ा हुआ मानों मिलिट्री अभी–अभी इस जमीन पर चाँदमारी करके गई है। कमरा इतना ठण्डा की तीन कम्बल बिछाने पर भी ठण्डा लगता है। बाहिर लोहे का फाटक हर समय बन्द दिन में भी रात जान पड़ती है। बाहिर आदमियों के पाँव की आवाज़ से जान पड़ता है कि दिन निकल गया। यह कोठरियाँ बैरकों से बहुत दूर बिल्कुल अलग बनाई गई होती हैं। इस तरफ और कोई आवाज़ आ ही नहीं सकती। इसी कोठरी में कैदी के लिए पेशाब करने की हाँडी और दूसरी तरफ शौच के लिए प्याला रखा होता है।

जिसकी बदबू हर समय आती रहती है और कभी–कभी पाँव की ठोकर से पेशाब की हाँडी अपने ही कम्बल पर गिर जाती है और कभी–कभी पैंदाखाँ और मुहम्मद अली की गालियाँ और कभी हाथों की मार भी सहनी पड़ती है। मुहम्मद अली, उड़ी का रहने वाला कद 6 फुट 5 इंच बड़ी–बड़ी नुकीली मूँछों वाला कश्मीर मिलिशिया में सिपाही था। मिलिशिया जब पाकिस्तानी फौज के साथ मिल गया, यह पाकिस्तान जाता सरहद पर पकड़ा गया। इसके साथ मिलिशिया के एक जमादार, एक सूबेदार भी पकड़े गए। इन दोनों को स्पेशल क्लास मिली है और इनके इलावा मन्ना खाँ, मुहम्मद हुसैन, कातुखाँ, अली अकबर ये सब मुज्जफराबाद के तुर्क कौम से आज़ाद कश्मीर फौज के जवान हैं। जब आज़ाद कश्मीर की फौज ने कश्मीर पर हमला किया तो ये पकड़े गए। इन सब को छः–छः साल की कैद हुई है। इनमें मुहम्मद अली, खतरनाक, बदमिज़ाज और बददिमाग है। इसको हम हिन्दुओं के साथ दिली तौर पर घृणा है। जब भी इसको मौका मिलता है, हमारे सत्याग्रहियों को मार–मार कर बुरा हाल कर देता है। छः अप्रैल, आज कुछ और साथी संगीन कोठरियों से बैरक में लाए गए। उन्होंने कहा कि

हम ने यहाँ आकर जाना कि हम जिन्दा हैं। हम यह समझ रहे थे कि मरकर नरक में यमदूतों की यातनाएँ भोग रहे थे। मुहम्मद अली और पैंदाखाँ की मार पख़्तून भाषा में गालियाँ जो खत्म होने में नहीं आती थी।

वो कहते कि एस. पी. ने हमें आपको सीधा करने की डयूटी लगाई है सो हम आपको सीधा कर रहे हैं। आज एस. पी. बहुत से लाठीबन्द सिपाहियों के घेरे में बैरक में आया। माथे में सैंकड़ो बल, आँख से काना, मनहूस शक्ल, देखने को दिल नहीं चाहता पर शिकायत करनी पड़ी। कहा, कमरा गन्दा, 50 आदमियों के लिए एक ही शौचालय जो ऊपर तक भर जाता है, 24 घण्टे के बाद इसको साफ किया जाता है। हवा का नाम नहीं, यदि खिड़कियाँ खुलवा दी जाएँ तो हवा तो अन्दर आ सकती है या फिनायल ही छिड़की जाए तो साँस आसानी से ले सकें खाना बहुत कम, पेट नहीं भरता। जवाब मिला, खाना आपको जेल रूल के मुताबिक मिल रहा है। सब्जी की शिकायत सुनी है, वो हम ठेकेदार को कह देंगे, सड़ी–गली न लाया करे। यह कहा और वापिस चला गया। खिड़कियाँ जो खुली थी, पाँच मिनट के बाद बन्द हो गई। दिन में भी रात जान पड़ती है। बातचीत से पता चलता है कि हमारा कौन सा आदमी किस कौने से बोल रहा है। बिल्कुल टेलिफोन की तरह। ये सौदागर मल और मक्खन लाल दोनो हैडवार्डन हैं, मगर हद से ज़्यादा कमीने, लालची और मक्कार। कईं बार किचन के दरवाजे के पीछे इनको छुपकर चावल खाते देखा। जब किसी पर मक्खन लाल को गुस्सा आता तो उसको पकड़ संगीन कोठरी में बन्द करके कहता, बैठो महाराजा हरिसिंह के होटल में। यदि एस. पी. चावल का राशन कम देता तो यह लोग प्याज, नमक और तेल की चोरी हमारे राशन से करके घर ले जाते। मानों "मरे को मारे शाह मदार"। ख़ैर, हमें तो आधा–पौना मिल ही रहा था पर कश्मीरी इख़लाकी कैदियों की हालत नहीं देखी जाती थी। शायद विश्वभर की भूख इनके हिस्से में आई थी। जैसा कि मैने पहले लिखा था कि इनका किचन अलग है और वो भी गन्दा और जूठ नाम की वहाँ कोई चीज़ ही नहीं। जब लांगरी इन लोगों को रोटी बाँटते तो ये होशियार रहते कि कोई दूसरा कैदी इनकी रोटी न छीन ले। रोटी पकड़ भागते और पीछे देखने जाते कि कोई मेरी रोटी छीनने तो नहीं आ रहा। यह लोग दाने–दाने पर जान देते हैं। नम्बरदार इनको भेड़–बकरियों की तरह मारते कूटते हैं पर यह लोग देग भी चाटते जाते हैं और ऊपर से मार भी खाते जाते हैं। बड़ा दुख होता है। घृणा आती है।

जब हम लोग खाना खा बर्तन साफ करने टैंकी पर जाते, कोने में जो कूड़े का ढेर लगा था, उस पर जूठन के चावल या सब्जी फैंकते कई बार उस ढेर पर से इनको चावल के दाने सड़े गले प्याज के छिलके, सब्जी के पत्ते या रोटी के टुकड़े उठाते और आपस में कुत्तों की तरह लड़ते देखा। जब भी लाँगरी चावलों की माँड निकालता, यह लोग हाथ में टीन के डिब्बे ले, किलकारियाँ मारते दौड़ते जाते। जिसका प्याला भर जाता मानों उसको दुनिया की सारी दौलत मिल गई। मैने एक दिन पूछ ही लिया, आपको जूठन खाने और गन्दे ढेर से सड़े–गले रोटी के

टुकड़े और पत्ते खाकर घृणा नहीं आती। कहा, बाबू, आपको तो बारह छटाँक चावल मिलते हैं पर हमें तो सिर्फ दस ही छटाँक चावल मिलते हैं। पेट की आग शांत करने के लिए हम ऐसा करते हैं। किसका दिल करता है, जूठन खाने को। मैने कहा, आप लोग क्यों ऐसा काम करते हैं जिससे आपको जेल आना पड़ता है। नेक काम करो तो कौन माई का लाल आपको जेल में लाए। जवाब मिला बाबू, यदि बाहिर पेट भर खाना मिल जाए तो हम जेल क्यों आएं। हम तो जेल में आने का कोई बहाना ढूंढ लेते हैं। हमें हर हाल में जेल आना पड़ता है। यहाँ कम्बल, काँगड़ी, चाय और दो समय रोटी भले ही आधी पौनी मिलती है पर मिल तो जाती है। सन् 1947 के बाद सिर्फ चन्द लोग अपनी तिजौरियां भर रहे हैं, बाकी सारा कश्मीर भूखा है। मैं सोचने लगा क्या यही वह कश्मीर जिसको कवि ने धरती का स्वर्ग कहा है। मुगल बादशाह जहाँ हर साल गर्मियों में इस स्वर्ग में दिन गुजारते थे। बोला, साहिब वो कश्मीर 47 से खत्म हो चुका है। अब यह स्वर्ग नहीं, नरक है। 7 अप्रैल, आज जब हमें सुबह खाना खाने को मिला तो उसमें सब्जी बिल्कुल थोड़ी थी। चावल भी गीले नहीं हुए। हमने खाने से इन्कार कर दिया, कहा सूखे चावल हमसे नहीं खाए जाते। खाना छोड़ दिया और साथ नहाने की इजाज़त माँगी। थोड़ी देर के लिए खिड़कियाँ खोलने की भी जिद की। यह बातें जब तक पूरी न होंगी, हम खाना नहीं खाएँगे। रिपोर्ट एस. पी. के पास गई। उसने कहा, जो बात करना चाहते हैं तीन–चार आदमी मेरे पास आ जाओ।

चार आदमी जिनमें मेरा भी नाम लिया गया, लाठीयों के घेरे में एस. पी. को मिलने डयोढी के अन्दर ले जाए गए। एस. पी. ने अन्दर से कहला भेजा के बाकी तीन को डयोढी में बिठाओ और एक को अन्दर भेज दो। चतरूराम डोगरा एस. पी. से मिलने अन्दर गया और हम तीनों को डयोढी के अन्दर एक छोटे कमरे में जिसको कुकड़खाना कहते हैं में बिठाया गया। नहीं मालुम, इस कमरे का नाम कुकड़खाना कब और कैसे पड़ा मगर यहाँ के लोग इसको कुकड़खाना कहते हैं।

ग्यारह

एस. पी. से मिलने के बाद चतरूराम डोगरा ने कहा कि कल से एक–एक बैरक को भिन्न–भिन्न समय नहाने की इजाज़त दी जाएगी और हर बैरक एक–एक घण्टे के लिए खुली रख दी जाएगी। कल से आपको सब्जी भी साफ मिलने लगेगी। इसके पश्चात् हमको उसी तरह लाठ़ियों के घेरे में अपनी बैरक की तरफ लाया गया। कल से हमने खाना नहीं खाया था सो आज दोपहर सबने खाना खा लिया। बैरक भी एक घण्टे के लिए खोल दी गई पर पाबंदी यह लगाई गई, तुम लोग अपनी बैरक के सामने बैठ सकते हो पर दूसरी बैरक की तरफ जाने की मनाही है। हमारे दोनों तरफ दो–दो सिपाही बन्दूक वाले खड़े कर दिए कि हम दूसरी तरफ न जा सकें। बन्दूक के साए तले ही हमनें धूप का आनन्द लिया और भगवान का शुक्र अदा किया कि धूप और खुली हवा तो मिली। नए साथियों में देवराज, गाँव डन्साल ज़िला जम्मू वाले ने अपनी गिरफ्तारी का वृत्तांत इस तरह सुनाया। मिलिशिया के पचास सिपाहियों ने मेरे गाँव को चारों ओर से घेर लिया और हवाई फायर करने शुरू कर दिए। लोग डर कर अपनें–अपनें घरों में छिप गए। सिपाहियों ने एक दम गाँव पर आक्रमण कर दिया। औरतों की बेइज्जती और आदमियों की पिटाई शुरू कर दी। सारा गाँव रोने–चिल्लाने लगा। ऐसा जान पड़ता मानों दुश्मन की फौज ने आक्रमण कर दिया। लोग जान और इज्जत की भीख मांग रहे थे। पुनः एक बार सन् 1947 के कबाइली हमले की याद आ गई। गाँव के बहुत से आदमियों को हथकड़ियाँ लगा झझर कोटली के थाना में ले जाया गया। पाँच रोज तक हवालात में रख गालियाँ और मारपीट की गई। 7 अप्रैल, आज फिर डिप्टी जेल हमारी बैरक में आया जैसे बड़े–बड़े जकश्नों पर रेल शंटिगं करती है, ऐसे ही हमारी शंटिगं की जाने लगी। कुछ आदमियों को संगीन कोठरियों में ले जाया गया। आज जब एक घण्टा के लिए हमारी बैरक का दरवाजा खुला तो बैरक से थोड़ा–थोड़ा इधर–उधर जाने की इजाज़त मिल गई। नए–नए साथियों से मिलने का समय मिला। इनमें कुछ तो अपने सत्याग्रही और कुछ कश्मीरी इख़लाकी कैदी मिलने लगे। कश्मीरी कैदियों में एक गनी नाम के आदमी से मैने पूछा, "कहो कब से यहाँ आए हो।" बोला, पूरे आठ साल हो गए यहाँ। अब चौथी बार आया हूँ। मैने पूछा क्या बाहिर दिल नहीं लगता। बोला नहीं। यहाँ कम्बल हैं। पक्का मकान है। दोनो समय का खाना है और सबसे ज्यादा खुशी यह है कि यहाँ कोई चिन्ता नही है। एक और दीन मुहम्मद जिसका एक ही हाथ है। वो बैरकों में सफाई करता है। जेल वाले उससे बहुत दुखी हैं। दस साल हो गए उसको वो बाहर जाने का नाम ही नहीं लेता। मैने पूछा, क्यों, तुम बाहिर क्यों नहीं जाना चाहते। बोला, मेरा एक हाथ है। कौन मेरा बोझ उठाएगा? यह तो शुक्र है अल्लाह का कि सरकार मेरे जैसे आदमियों को दोनो समय खाना दे रही है। यह जब भी मुझे जेल से बाहिर निकालते हैं, कोई न कोई बहाना ले जेल में आ जाता हूँ। इसी तरह बहुत से कश्मीरी कैदियों से बात हुई। पता लगा कि सैलानी यहाँ कोई आता नहीं, मज़दूरी बिल्कुल नहीं। रो–रो कर अपनी बेबसी के किस्से सुनाते और पानी पी–पी कर इस हकूमत को गालियाँ निकालते। सैंकड़ों नहीं, हज़ारों घर बेकारी और हकूमत की सख्ती से तबाह हो गए। यहाँ कादर नाटा जैसे बदमाश लोगों की

हकूमत है। उन कैदियों में कुछ ज़मींदार किस्म के लोग भी थे। मैने कहा, चलो मज़दूर और कारीगर तो तंग हैं पर आप तो जमींदार हैं। आप अपना अनाज पैदा करते हैं और खाते हैं। आपको क्या तकलीफ है। बोला, साहब हमारी तकलीफ की बात करते हो तो सुनो। मानों दरया का बाँध ही टूट गया। जिस शेख को हम अपना छटा ईमान जानते थे, उसके ईशारे पर हज़ारों कश्मीरी मरने को तैयार हो जाते थे। जिस राह शेख जाता था, उस राह की मिट्टी उठाकर सिर पर धारण करते थे। यह कुर्सी शेख को बाप दादा की जाग़ीर नहीं मिली, हम कश्मीरियों की मेहरबानी और कुबार्नी से मिली है। अब हम उस शेख की शक्ल देखना भी पाप समझते हैं। सारे कश्मीर में आपको सिर्फ थोड़े घराने सुखी नजर आऐंगे। हम गुलामों के भी गुलाम हो गए। यहाँ का बच्चा–बच्चा पाँचों वक्त नमाज़ के उपरान्त अल्लाह से दुआ करता है, अल्लाह, यहाँ पाकिस्तान को भेज दे या फिर महाराज हरिसिंह की हकूमत बन जाए। हरिसिंह के राज में हमे दो समय पेट भर रोटी मिल जाती थी। मज़दूरी थी, इज्जत थी। अपने अनाज की ठीक कीमत हमे मिल जाती थी। अब हकूमत के आदमी जबरदस्ती अनाज, बदाम, अखरोट मन माने भाव खरीद कर, बाहिर भेज लाखों रूपया कमा रहे हैं। यदि हम फरियाद करते हैं तो किसी न किसी बहाने हमे पकड़ कर जेल में भेज दिया जाता है। सर्दियों में जब बिल्कुल ही मज़दूरी नहीं मिलती तो हम भूखा मरने की जगह जेल में रहना पसन्द करते हैं। वरन् बाबू किसका दिल चाहता है, जेल आने को मेरा जो ख्वाब था कि कश्मीर जन्नत है, वो टूट गया। हमारे कुछ साथियों को सिगरेट पीने की आदत है। पता नहीं, ठाकुर दास रामवन वाले ने किस ढंग से छिपाकर आठ आने लाए थे, एक नम्बरदार को दिए कि सिगरेट ला दो। शाम नम्बरदार ने पाँच सिगरेट "रैड लैम्प" लाकर दिए और कहा, आठ आने के पाँच ही मिलते हैं। कुछ लोगों ने आधे–आधे चावल अपने खाने से एक नम्बरदार को सिगरेट लाने के लिए दिए। उसने सिगरेट की जगह थोड़ा सा तम्बाकू और एक मिट्टी की चिलम लाकर दी। शाम को जब उन लोगों ने चिलम सुलगाई तो अजीब किस्म का धुआँ निकला। चिलम उलटा कर देखी तो पता लगा, तम्बाकू की जगह चाय बनाने के बाद जो पत्ती फेंक दी जाती है, वो थी। सोचा, यदि किसी ने व्यापार करना हो तो जेल आ जाए। बार्डन को थोड़ी सी रिश्वत दे हर चीज़ तेल, साबुन, सिगरेट, अफीम और चरस तक भी यहाँ मँगवाया जा सकता है। जुआ बाहिर इतना न खेला जाता होगा जितना कि जेल में। आप शायद न मानें पर यह मेरे आँखों देखा है। सामने वाली बैरक से दो इख़लाकी कश्मीरी कैदी पकड़ बाहिर लाए। पिटाई करने पर उनके कम्बलों की तलाशी हुई। एक के पास जुआ खेलने का दाना और दूसरे से दस रोटियाँ पकड़ी गई। ये लोग रोटियाँ दाव पर लगा कर जुआ खेल रहे थे। जेल से बाहिर निकल यह लोग जुआरी, जेब कतरे और न जाने क्या–क्या बनकर निकलते हैं। जेल में आकर रूपए की कदर का पता चलता है और यह भी मालूम हो जाता है कि रूपए से जेल में सब कुछ खरीदा जा सकता है। सब पाप एक मिनट में धुल जाते हैं। दिन की रोशनी को अंधेरे में और अंधेरे को रोशनी में बदला जा सकता है। कैसे, यह आगे लिखूँगा।

बारह

पहले वाले अध्याय में जेल में व्यापार की बात कही थी उसके संदर्भ में विस्तार से लिखने लगा हूँ। जेल में दो बड़े व्यापारियों के नाम काफी प्रचलित हैं। जैसे हमारी दुनिया में बाटा, टाटा बिरला और मोदी ऐसे ही श्रीनगर जेल के एक व्यापारी का नाम जरगर। यह बहुत बड़ा चोर था और दूसरा सोनामोला मटन का रहने वाला था। दोनों जेल के बहुत पुराने वसनीक हैं। यहां व्यापार के माध्यम से बहुत सा रूपया भेज चुके हैं। एक और सब से बड़ा नामी चोर कमाला है। अभी–अभी गया था और छः सात दिन बाद फिर हंसता हंसता आया और बोला– सलाम साहब। मैने कहा कमाला अभी एक हफ्ता पहले तुम यहां से गए थे अब कैसे? वह बोला– खुदा कसम तीन सौ रूपया इकट्ठा हुआ था वह घर दे आया हूँ। यहां आने की बहुत कोशिश की पर पुलिस वाले यहां भेजते ही नहीं थे तंग आकर एक पुलिस सार्जेन्ट को तीन चार थप्पड़ लगाए झट तीन माह के लिए अदालत ने यहां भेज दिया। अब यहां फिर कारोबार करूंगा। इसी तरह से एक गुल्ला नाम का एक बहुत बड़ा बदमाश मोटा ताजा और पहलवान जैसा है। यदि किसी कैदी को ठीक करना हो तो गुल्ला की डयूटी लगाई जाती मानो शिकंजा है लोहा सीधा करने का। हर बिगड़े और बदमाश से बदमाश आदमी को एक ही दिन में सीधा कर देता है। उसकी नियुक्ति कैदियों के राशन तोलने के लिए लगाई गई है। किसी की क्या हिम्मत जो राशन की कमी की शिकायत कर सके। पूरे आठ वर्ष उस को यहां आए हो गए। अभी उसके छः साल और बाकी हैं। उसके साथियों का कहना है कि हर वर्ष हज़ार दो हज़ार रूपया यहां से कमाकर घर भेज देता है। आठ अप्रैल, आज बूटा सिंह गांव अला तहसील आर. एस. पुरा वाला अपनी सज़ा काट कर घर वापिस जा रहा है थोड़ी सी गमी और थोड़ी सी प्रसन्नता लिए हम सबसे विदा हो रहा है। प्रसन्नता अपने घर वालों को मिलने की और गमी इस बात की कि जिस उद्देश्य को लेकर आया था उसको बीच में ही छोड़ कर जा रहा है। आज फिर चीफ से पूछा कि जिन लोगों को स्पेशल खुराक दी जानी चाहिए उन को आज तक खुराक क्यों नहीं दी जा रही है। चीफ ने कहा–हमने उनके कागज उनके थानों में भेजे हैं। पूछा है कि यह जो कैदी आपने धारा तीन में भेजे हैं यह सियासी हैं या इख़लाकी। मैने कहा चीफ साहब अभी आप को यह भी पता नहीं कि हम सियासी कैदी हैं। दोपहर के बाद हमें बैरक न0. दस से निकाल कर बैरक न0. छः में ले जाया गया। वहां सब धारा तीन के नजरबन्द कैदी थे। शिवलाल, ओंकार शर्मा, हंसराज आदि उन को श्रीनगर पहुँचने पर संगीन कोठरियों में हम सब से जुदा ले जाया गया था। आज उन को भी इसी बैरक में लाया गया। उन से संगीन कोठरियों की जानकारी इस तरह मिली। सबने कानों पर हाथ रख कर कहा सच जानो हम घोर नरक से निकल कर जीवित आ गए हैं। जगह तंग, पैंदाखाँ और मुहम्मद अली की गालियाँ घूंसे लात और कभी–कभी चाबीयों का गुच्छा जो उन के पास होता है उससे हमारी मुरम्मत कर दिया करते थे। वहां दिन और रात में कोइ अन्तर नहीं था। उन कोठरियों में न कोई खिड़की और न ही कोई रोशनदान

और दरवाज़ा चौबीस घण्टे बन्द। रोशनी दोनों समय जब खाना दिया जाता तो नजर आती।

दो तीन दिन से नलों में पानी कम आ रहा है। रात को टैंकी भर जाती है दिन को एक ही टैंकी पर पानी लेने जाने के कारण बहुत से साथियों से मुलाकात होने लगी। हमारी बैरक के पीछे बच्चा बैरक है जिस के चारों ओर कांटेदार तार लगा दिया गया है। वे लोग उसी तंग स्थान में घूमा करते थे। हम एक दूसरे को देखकर इशारों–इशारों में एक दूसरे की कुशल–क्षेम जान लेते पर उनकी यह थोड़ी सी आज़ादी भी छीन ली। वो तार उठा कर दीवार के साथ लगा दिये ताकि हमारी नजर भी उन पर न पड़ सके। पता नहीं जेल वाले हमसे डरते हैं या हमें डराते हैं बात करना तो दूर अब हम दूसरी बैरक वालों की शक्ल भी नहीं देख सकते थे। आज कम्पाउंडर की जगह डा. अमरनाथ रैना हमारी बैरक में आया हमने दवाई, खुराक की बहुत ही शिकायतें की बोला मानता हूँ आप की शिकायतें ठीक हैं पर मेरा कम्पाउंडर कामली कुछ नहीं करने देता। यदि मैं आप को ठीक दवाई और अच्छी खुराक दूँ तो वह ऊपर शिकायत कर देता है क्योंकि मैं हिन्दू हूँ और आप भी हिन्दू हैं। इसी तरह कल एस. पी. ने भी चतरूराम डोगरा को कहा था कि मैं हिन्दू होने के कारण आप की ठीक बातें भी पूरी नहीं कर सकता। राज जिन के हाथ में है हम उनके रहम पर हैं। यह लोग असूल के नहीं मनिस्टरों के गुलाम हैं इनकी आत्मा मर चुकी है जैसा अकबर ने कहा बीरबल बैंगन बहुत अच्छी सब्जी है झट बीरबल ने हाथ जोड़ कर कहा– जहांपनाह बैंगन श्याम रंग खाने में स्वादिश्ट कोई भी सब्जी इस जैसी नहीं। दूसरे दिन अकबर ने कहा बीरबल बैंगन भी कोई खाने की सब्जी है काला कलूटा खाने में बेस्वाद। बीरबल बोला महावली ठीक फरमाते हैं यह भी कोई सब्जी है इस को तो कोई नहीं खाता। अकबर ने कहा–कल तुम बैंगन की बहुत प्रशंसा कर रहे थे और आज झट बीरबल ने हाथ जोड़ कर कहा– हजूर मैं आप का सेवक हूँ बैंगन का नहीं। इसी तरह ये लोग अपने मालिकों को प्रसन्न करने के लिए हमें दुःख दे कर अपनी दीन और दुनिया अपने हाथों तबाह कर रहे हैं। मैं यह विचार कर ही रहा था कि एक बूढ़ा सिपाही मेरे पास आ कर बैठ गया। जेल में बिगुलर है पहले मिलिट्री में बिगुल बजाया करता था रिटायर होने पर जेल में बिगुलर नियुक्त है। यह स्वभाव का बहुता अच्छा और रहमदिल जान पड़ता है। यह गिलगित का रहने वाला है बोली इस की पंजाबी है आँखों में आँसू भर कर बोला–यह हकूमत चोरों और डाकुओं की है। मैने बड़े प्यार और इज्जत से उस को अपने पास बिठाया और हकूमत से दुःखी होने का कारण पूछा। वह बोला जिस समय गिलगित पर पाकिस्तान ने आक्रमण किया मेरे घर के बहुत से सदस्य मारे गए। आक्रमण करने वालों में बहुत से कबाइली थे। जिन को हिन्दू और मुस्लिम में कोई अंतर दिखाई नहीं देता जो थोड़े से प्राणी बच गए उन को ले कर श्रीनगर आ गया। कई निवेदन पत्र सरकार को दे चुका हूँ मेरे बाप दादा की जमीन मकान जो गिलगित में छोड़ आया हूँ उस के बदले मुझे यहां मकान और जमीन दी जाए पर छः साल से किसी ने मेरी बात

नहीं सुनी। यहां दो चार बदमाशों के हाथ में हुकूमत है यदि कोई बोले तो उस को झूठा केस बना कर जेल में डाल दिया जाता है। यहां आप को बहुत से कैदी ऐसे मिलेंगे जो दो–दो, तीन–तीन साल से पड़े सड़ रहे हैं। अभी यह बातें हो ही रही थी कि एक दम जेल का दरवाज़ा खुला पैंदाखाँ दो तीन कश्मीरी मुस्लिम कैदियों को भेड़ बकरियों की तरह मारता पीटता संगीन कोठरियों की तरफ ले जा रहा था। मैंने झट आगे जा कर पूछा खाँ साहब क्यों इन बेचारों को इतनी बेदर्दी से पीट रहे हों बोला, अजी साहब, यह आप को बेचारे दिखाई दे रहे हैं मोटी सी गाली अपनी भाषा में दे कर कहने लगा इनको सख्त सज़ा का हुकुम हुआ है इनसे चक्की पिसवाऊंगा इन्होंने बहुत बड़ा जुल्म किया है। कत्ल, डाका या कौन सा बड़ा जुल्म किया है मैने पूछा। वह बोला अजी साहब इन्होंने एक गरीब आदमी का धान कूटने का ऊखल चुरा लिया है। मैने कहा इन तीन आदमियों ने। बोला साहब नहीं साथ में मूसल भी था। मैने फिर डरते–डरते पूछा यह मूसल कितनी कीमत का होता होगा। वह बोला चार या पाँच रूपये का। इतना कह कर मारता पीटता संगीन कोठरियों की तरफ ले गया। मेरी आँखों मे आँसू आ गए। सच इन लोगों ने जेल में आने का बहाना ढूंढा है नही तो चार पाँच रू. की चोरी भी कोई चोरी होती है। आज शाम जो सब्जी बन कर आई दिल नहीं मानता कि इसको जानवर भी खा सकेंगे। सोचने लगे इनके पत्ते खाएं या पानी। यदि इस में से एक चीज निकाल दे तो रोटी नहीं खाई जाएगी। खैर हमने रोटी कम खाई और एस. पी. को गालियां ज्यादा निकाली। रात भर पेट में गड़बड़ होती रही। कुछ साथी रात भर दर्द से चिल्लाते रहे ऐसा जान पड़ता है जो सब्जी हम को खिलाई गई है वो पेट में जबरदस्ती गलने की कोशिश कर रही है। इसी तरह करवटें बदलते शाम रात में और रात आधी रात में कब बीत गई पता ही नहीं चला।

तेरह

पहली वैशाख, साल का पहला दिन, हिन्दू और मुस्लिम दोनों कोमों का सब से बड़ा दिन। जिस तरह सिपाही को अपनी लाल पगड़ी पर, मिलिट्री अफसर को अपने कन्धों पर लगे तमगों को अपनी सुंदरता, अफसर को हाथ बांध खड़े हुए जरूरत मंदों, हकीम या डाक्टर को अपने सामने बैठे मरीजों की कतार देख बड़ा गर्व होता है इसी तरह किसान को अपने खेतों में लहलहाती फसल को देख खुशी का ठिकाना नहीं रहता। साल भर के कठिन परिश्रम को फलता फूलता देख किसान खुशी से नाच उठता है। पंजाब एक सिरे से दूसरे सिरे तक नाचता गाता है मानों सारी पृथ्वी का कण–कण नाच उठा हो हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख सब के लिए खुशियां लिए पूरे साल के बाद यह दिन आता है। दिन निकलने पर सूर्य की पहली किरण देखते ही सब एक दूसरे को बैसाखी की मुबारक देते हैं। नया साल मुबारक हो इस की सब कामना करते हैं। भाई चारे का दृश्य हर तरफ देखने को मिलता है। ऐसा जान पड़ता है हम सब एक ही माँ के बेटे हैं और यह है भी सच धरती माँ तो सब की सांझी है। सारा पंजाब आज झूम नाच रहा होगा पर एक हम हैं अपने सगे सम्बन्धियों से कोसों दूर सारी दुनिया से अलग जेल की चार दीवारी बैरक के अन्दर कम्बल लपेट बैठे हैं। कल से जोरदार बारिश हो रही है। सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। किसी में नहाने की हिम्मत नहीं। आज सब हिन्दू कैदियों को खाने को मीठे चावल मिले। यह त्यौहार धर्म से ऊपर हिन्दू और मुस्लिम दोनों का सांझा होता है। जन्माष्टमी, रामनवमी हिन्दुओं के और ईद मुस्लमानों का त्यौहार है पर वैशाखी तो दोनों कौमों का त्यौहार है। यह विधान चाहे महाराज के समय बना हो या नई हुकूमत ने बनाया हो गलत है। यां तो मैं यह समझता हूँ यह असूल इसी काने एस. पी. ने मुस्लिम कैदियों की चीनी बचाने के लिए किया है ऐसा मैं इस कारण सोचता हूँ कि जम्मू में लोहड़ी का त्यौहार जो हिन्दुओं का होता है वहां के एस. पी. जो मुस्लिम था हम लोगों को हिन्दू और मूस्लमान में कोई भिन्नता न करते हुए एक जैसा खाना दिया था। यदि मेरा सोचना ठीक है तो श्री कंठ रैना ने इन्सानियत का खून किया है।

दो वैशाख आज मौसम साफ है बाहिर धूप बड़ी मीठी लग रही है। कुछ कबाइली कैदियों से बात करने का समय मिला ये लोग कश्मीर में आक्रमण करने पर गिरफ्तार हो कर जेल आए हैं अपने प्रांत और रिवाज की बहुत सी जानकारी हमें देने लगे। बात करते–करते बात अब्दुल गुफ्फार खान पर आ गई जिस को लोग सरहद्दी गांधी भी कहते हैं। बहुत ही जोश भरे शब्दों में खान साहब के बारे में सुनाने लगे। बोले हमारे और खान साहब के विचारों में बहुत बड़ा अंतर है हम मरने मारने के विचार रखते हैं और वो महात्मा गांधी का चेला न मालूम गांधी ने उस पर क्या जादू किया कि वो रहमत क़ा फरिश्ता बन गया पर फिर भी हम उनको खुदा का भेजा फरिश्ता मानते हैं। अंग्रेज़ यहां से चला गया हिन्दुस्तान आज़ाद हो गया पाकिस्तान बना देश दो हिस्सों में बंट गया। लीडरों को

कुर्सियां मिली दूध पीने वाले मजनू आगे आ गए गुण्डों का राज हो गया पर हमारे दिलों का शहंशाह जिस ने अंग्रेज़ों को बाहिर निकालने के लिए कई साल जेल काटी। देश आज़ाद हुआ पर खान फिर एक बार पाकिस्तान की जेल में न मालूम मुद्दत के लिए बन्द कर दिया। उस आजादी जिस के लिए हम सब ने बड़ी आशाएं लगा रखी थी वो पूरी न हुई। गोरा मालिक चला गया काला मालिक आ गया और इन काले मालिकों ने खुद आजादी ले कर उस फरिश्ते को गुलामी दे दी। आज भी पठान कौम का बच्चा–बच्चा उस के एक इशारे पर मरने मारने को तैयार है। हम ने कई बार बादशाह खान से कहा यदि आप आज्ञा दें तो हम दो ही दिन में इस पाकिस्तानी हुकूमत को खत्म कर के रख दें पर उस पर अहिंसा का भूत ऐसा छाया है कि वो हमें कुछ करने ही नहीं देता पर फिर भी हम उसे अपना छठा ईमान मानते हैं।

पांचवां वैशाख आज मौसम फिर बारिश वाला है सर्दी भी काफी है हमारे बहुत से साथी बीमार पड़े हैं उन को जेल के हस्पताल में दाखिल करवाया गया वो दूसरे ही रोज़ अपने–अपने कम्बल उठा बैरकों में वापिस आ गए कहने लगे वहां मरने की बजाए क्यों न अपने साथियों के मध्य प्राण त्यागे जाएं। पलंग लकड़ी के तख्ते जड़े इतने छोटे कि करवट भी नहीं बदली जाती और गद्दा जो उस पर बिछा होता है उस में घास फूस भरा हुआ होता है। सब्जी जो हमें खाने को दी गई मानों जानवरों का घास उबाल हमें खाने को दिया गया। आज हमें भी ऐसी ही सब्जी खाने को मिली। डंठल उतार कर बाहिर फेंके और सब्ज रंग के पानी में चावल गीले कर के जैसे ही खाने शुरू किए एक दम ऐसा जान पड़ा जैसे नीम का चरायता पी रहे हैं। डिप्टी जेलर मुहम्मद हुसैन से शिकायत की तो बड़ी बदतमीजी से बोला। फिर उस को कहने की हिम्मत ही नहीं पड़ी। दूसरे रोज़ चीफ मुहम्मद शरीफ से कहा उसने कहा इन दिनों सब्जी तो कोई होती नहीं बड़ी मुश्किल से आप के लिए यह सब्जी लाई गई है। हम ने कहा यदि सब्जी नहीं तो हमें दोनों समय दाल ही खाने को दे दिया करो। चीफ ने कहा यह जेल के नियम में नहीं है। एक समय दाल और एक समय सब्जी देने का नियम है। आठ वैशाख, सर्दी भी बढ़ गई है हमारे साथियों में कुछ छोटी उम्र के बच्चों को जिनको बच्चा बैरक में रखा गया है वो शाम को आरती कर रहे थे उन को पकड़ संगीन कोठरियों में बन्द किया गया। आज बाहिर जनान खाना से शादी लाल जम्मू वाले को लाया गया उसने कहा जब हम लोगों को बनिहाल से श्रीनगर लाया गया था सारी रात सफर करने से मेरी आँखें लाल हो गई थी। जेल की डयोढी में जब एस. पी. रैना से मेरी आँखें मिली चांटा लगाया और कहा क्या लाल आँखों से मुझे घूर रहा है? उसके चांटे लगाने की देर थी कि सिपाही लोग दौड़े ओर मुझे धड़ाधड़ पीटने लगे। मेरा कसूर सिर्फ इतना था कि मेरी आँखें लाल थी। इसी तरह ऋशी कुमार कौशल रियासी वाले को भी चार सिपाहियों ने बुरी तरह पीटा था। आज भी उस के शरीर पर चोटों के निशान हैं। स्वामी सेवानन्द गिरी शौचालय गए थे अभी वो शौचालय से

बाहर निकले ही थे कि अली अकबर नम्बरदार किबाइली ने जोरदार घूंसा उनकी कनपट्टी पर मारा। लोटा कहीं और स्वामी कहीं। अली अकबर दांत पीस कर बोला साला काफिर लोग। हम पठान बचा बारी–बारी सब का खून पी जाएगा कल बच्चा बैरक से जिन को संगीन कोठरियों में ले जाया गया था सारी रात उन के रोने और चीखनें की आवाज़ें आती रहीं। साफ ज़ाहिर था कि उनकी पिटाई हो रही थी। आज सब नें बच्चों पर इस जुल्म और मार के विरूद्ध भूख हड़ताल का निर्णय ले लिया और किसी न किसी तरह हर बैरक में यह सन्देश पहुँचा दिया। खाने के समय खाना लेने कोई भी अपनी बैरक से बाहिर न निकला। चीफ़ आया उसने कहा आप की शिकायत ठीक है मैं इस बारे में मारने वालों को पूछूंगा आप खाना खा लें यदि आप खाना न खाएंगे तो हमारे पास भूख हड़ताल खुलवाने के बहुत से साधन हैं। आप मुझ पर भरोसा करें कि मैं पैंदाखाँ और अली अकबर से पूछूंगा कि किसकी इजाज़त से बच्चों को पीटा है। उस के विश्वास दिलाने पर बारह बजे सब ने खाना खा लिया और कहा यदि फिर बच्चों को पीटा गया। तो हम लोग मुकम्मल तौर पर भूख हड़ताल शुरू कर देंगे। दस वैशाख, मौसम साफ है धूप निकलने से सर्दी कम हो गई है बंसी लाल अखनूर वाला, गौरी मल रियासी वाला, शादी लाल जम्मू वाला सख्त बीमार है उनको हस्पताल में दाखिल करवाया गया। त्यागी बाबा बसन्त सिंह जो सिर्फ एक धोती पहनता था उसको डब्ल निमोनिया हो गया उनको हस्पताल दाखिल कराया गया पर वहां कामली कम्पाऊंडर के बोलने के ढंग और घास का बिस्तर देख वो रेंगते–रेंगते पेट के बल बैरक में वापिस आ गए क्योंकि उनमें चलनें की शक्ति नहीं थी। वो बोले हमारे दूसरे साथी भी वहां से निकलना चाहते हैं पर उनको जोर जबरदस्ती वहां रोका गया है। एक तो कम्पाऊंडर का डर कि गलती से कहीं गलत दवाई न दे दें और ऊपर से खाना भी बन्द। बीमार एक बेजान लाश की तरह हस्पताल में पड़ा रहता है। मैने कम्पाऊंडर से थोड़ी सी वैसलीन मांगी क्योंकि सर्दी की वजह से मुंह फट गया था उसने वैसलीन की जगह गरीस मशीन के पुर्ज़ो में लगाने वाली दे दी उस की बदबू से नाक फटने लगी दूसरे दिन डाक्टर अमरनाथ रैना आया मैने उसको वो गरीस दिखाई और कहा डाक्टर साहब जरा आप भी इस को मुंह पर लगा कर देखें बोला यह सब मेरे कम्पाऊंडर की बदमाशी है। आज डिप्टी हैल्थमिनिस्टर गुलाम महीउद्दीन हिमदानी जेल में निरीक्षण करनें आया। जेल की खुराक नम्बरदारों की सख्ती और भी शिकायतें उस से की। उस ने कहा आप लोग बहुत खुश किस्मत हैं आप से चक्की नहीं पिसवाई जाती, धान नहीं कुटवाया जाता इस से पहले कैदियों से यह सब काम लिए जाते थे। मैने महाराज हरि सिंह के समय शेख साहब के साथ जेल काटी थी हम से यह सब काम लिए जाते थे। यह तो शेख साहब की आप पर बहुत मेहरबानी है और जो आपने कच्ची सब्जी की बात कही आप को पता होना चाहिए कि कच्ची सब्जी में विटामिन बहुत ज्यादा होता है। यह कहा और बैरक से बाहर। मुझे एक बात याद आ गई ठेले पर बहुत बोझा लदा हुआ था। गाड़ीवान को घर जाने की जल्दी थी, वो बैलों को धड़ाधड़ पीट रहा था, बैल पसीना पसीना हो रहे थे, मुंह से झाग

निकल रही थी, पहियों से जोर–जोर से आवाज़ें आ रहीं थीं जो बन्द होने में नहीं आती थीं। बैल बोले अजीब बात है बोझ तो हम ढो रहे हैं शोर तुम कर रहे हो। छकड़ा बोला–मैं तरक्की पसन्द हूँ आज बहुत सत्याग्रहियों के कागज थानों से वापिस आए उन से शादी लाल, विशम्बरदास जम्मू और स्वर्णसिंह डनसाल वाले कागजों पर ण्भ्ण्ट ने लिखा था ये है तो सियासी पर इन को इख़लाकी समझा जाए। काशीनाथ बिलावर वाले के थाना से बड़ा ही अनोखा जवाब आया था लिखा था यह आदमी हम ने धारा तीन में बन्दी बनाया है। है तो सियासी पर बहुत बेवकूफ और जाहिल किस्म का आदमी है। यदि काशी नाथ सचमुच बेवकूफ और जाहिल है तो सरकार को इस से क्या डर हो सकता था। इस को गिरफ्तार करने की क्या जरूरत थी। यह शिकायत जब चीफ से की तो वह बोला आप सब लोग संघी हैं। आप ने साल सैंतालीस में मुस्लमानों का वध किया था कारण आप से चोर और डाकुओं जैसा व्यवहार ही किया जाना चाहिए इस बात से आप विचार करें कि इन लोगों का हमारे प्रति क्या विचार है। यह हम से बदला चुका रहे हैं। यह उनकी आदत् नहीं दिली आवाज़ थी आदत तो बदल सकती है परन्तु दिल की घृणा नहीं मिटाई जा सकती। पर मुझे विश्वास है ये घटाऐं कल के सूरज को छिपा लें पर सूर्य निकलेगा जरूर ये घटाऐं उस को रोक नहीं संकती।

आज पूरा एक महीना हमें यहां आए हो गया। जेल नियम के अधीन हर रोज बैरक मैं S.P. को आ एक एक कैदी का हाल पूछना चाहिए पर हम ने उस को सिर्फ एक ही बार बैरक में देखा। इसी तरह डाक्टर को खाना देने से पहले स्वयं चैक करना चाहिए परन्तु कोई भी अपनी डयूटी पूरी नहीं कर रहा है। दो सप्ताह से किसी को भी साबुन नहीं मिला। चीफ से कहा कपड़े बहुत गन्दे हो गए हैं जेल रूल में हर सप्ताह हमें एक-एक छटांक साबुन मिलना चाहिए बोला आप कौन होते हैं हमें जेल रूल सिखाने वाले। हम जानते हैं जेल रूल क्या हैं जैसे कल ही आप का साथी अपनी सज़ा काट कर रिहा होने पर जम्मू का किराया मांगने लगा पर जेल रूल ऐसा करने की आज्ञा नहीं देता कैदी को एक पैसा प्रति मील के हिसाब से, जम्मू दो सौ मील के लिए तीन रू. दो आने देकर जेल से बाहर निकाल दिया, यह कहा और वापिस चला गया। यह सुनते ही हम सब घबरा गए कि आज से पहले हमारे जो साथी सज़ा पूरी कर के यहां से बाहिर गए हैं वे जम्मू कैसे पहुँचे होंगे। श्रीनगर से जम्मू का किराया पन्द्रह रू. और दो समय का खाना। उन का यहाँ कौन है जो उन को किराया और खाने के लिए देगा। दो सौ मील का लम्बा सफर पैदल भी तो नहीं किया जा सकता।

वो लोग भूख और परेशानी में तड़प-तड़प कर जान दे देंगे। यह हम लोगों से बदले की भावना नही तो और क्या है। आजकल जो सब्जी हमें खाने को मिलती है एक कश्मीरी मुस्लिम कैदी से पूछा इस साग का क्या नाम है बोला हमारे लंगर में भी यही आ रहा है। यह साग नहीं घास है इस को यहाँ कोई भी नहीं खाता शायद यह हुकूमत के कारिन्दों ने सोचा होगा कि डोगरों को कोई शिकायत न रहे कि इन को कश्मीर की हर चीज़ खाने को नहीं दी गई या कोई डाक्टर तजुर्बा कर रहा होगा कि एक अच्छा भला आदमी यह घास खा कर कितने दिन जिन्दा रह सकता है। एक बार एक कश्मीरी कैदी से पूछा कि आप दूर किसी गांव के रहने वाले जमीं दार हैं तो यह जानते होंगे यह कौन सी किस्म का साग है। बोला हजरत हम गरीब बेशक हैं पर जालिम नहीं। यह जो साग हमे और आप सब को खाने में दिया जा रहा है यह साग नहीं एक किस्म का घास है। पूरे छः महीने बाद जानवरों को सब्ज चारा खाने को मिलने लगा था क्योंकि नवम्बर महीने से अप्रैल तक बर्फ की वजह से कोई घास जहां नहीं होता अब बड़ी मुश्किल से जानवरों को सब्ज चारा मिलने लगा था। जिसे हम और आप धड़ाधड़ खा रहे हैं। सब्जी तो अभी एक डेढ़ महीना बाद मण्डी में आएगी हम गरीब जैसे तैसे गुजारा कर लेते हैं पर बेजुवान जानवरों का हम नहीं छीनते हम ने भी जान देनी है उस पाक परवर दिगार के सामने कौन सा मुंह ले कर जाऐंगे। मैने पूछा हम तो जानते नहीं थे कि यह घास है आप जान कर भी क्यों किसी का हक खा रहे हैं। वह बोला हम अपनी मर्जी से थोड़ा ही खा रहे हैं यह तो जबरदस्ती हमें खिलाया जा रहा है फिर भी हम पांचों समय नमाज के बाद खुदा से

माफी मांग लेते हैं। मैने कहा आप तो नमाज के बाद माफी मांग लेते हैं। परन्तु हमें प्रार्थना करने की भी इजाज़त नहीं। फिर इस में हमारा तो कोई भी दोष नहीं इस पाप की जिम्मेदारी सारी हुकूमत पर है। अजी छोड़िए इस हुकूमत को यह भी कोई हुकूमत है थोड़े से गुण्डों और जालिमों का राज है शेख कम्पनी ने हम लोगों को बुरी तरह दबाया हुआ है। बाबू यह हमारे कर्मों का फल है। यह थे उस गांव वाले ज़मीं दार कश्मीरी मुस्लमान के दिल की आवाज़।

कल चमन लाल मिलिशिया का क्लर्क सिपाही मुझे मिलने जेल में आया। चीफ ने कहा मैं मुलाकात करा दूंगा मुझे कुछ बख्शीश मिलनी चाहिए। चमन लाल ने कहा मेरे पास वरचक्र सिगरेट की डिब्बी के सिवा कुछ भी नहीं। चीफ ने कहा वही दे दो यह वरचक्र सिगरेट का पैकेट दो आने का होगा। आप सोच लें यदि चीफ जिस की वेतन डेढ़ सौ से कम नहीं होगा उसकी यह हालत है तो सिपाही लोग जिन का वेतन 30–32रू. है उनका क्या हाल होगा?

तेहरवां वैशाख, धूप निकली है। धूप में कम्बल बिछा कर बैठे बातचीत कर रहे थे कि चगर सिंह कठुआ निवासी मेरे पास आकर बैठ गया। उस से कठुआ का हाल पूछा बोला दिसम्बर महीना में गिरधारी लाल डोगरा, मेजर प्यार सिंह, मुहम्मद सैय्यद मसूदी और मिर्ज़ा अफजल बेग कठुआ आए। इनके आने पर नेशनल कान्फ्रेंस वालों ने जलसा रखा उस समय आन्दोलन जोरों से चल रहा था अभी जलसा शुरू भी नहीं हुआ था एक बहुत बड़ा जलूस दफा 370 तोड़ दो, एक विधान एक निशान के नारे लगाता डाक बंगला की तरफ आया। इस हुजूम और लोगों के जोश को देख पुलिस और मिलिशिया जिन में पंजाब पुलिस भी शामिल थी, गिरधारी लाल डोगरा के इशारे पर पंडित बलदेव चन्द डी. सी. कठुआ के हुक्म से टीयर गैस के गोले छोड़ने शुरू कर दिए। लोगों में भगदड़ मच गई पुलिस ने उन का पीछा न छोड़ा भागते हुए लोगों पर फिर एक बार थाना के सामने जा कर आंसू गैस के गोले छोड़े। भाग दौड़ में कई बूढ़े और बच्चे पांव तले कुचले गए और बेहोश हो कर गिरने लगे। तीसरी बार बाजार में फिर आंसू गैस चलाई गई। ऐसा जान पड़ता था मानों पुलिस वाले लोग हम से पिछले जन्म का बदला चुका रहे हों। शहर में एक दम कोहराम मच गया। लोगों में गुस्सा भड़क उठा। सारे शहर में हड़ताल हो गई। बेहोश और जख्मी लोगों को उठा हस्पताल में ले जाया गया। हस्पताल मे तमाम कमरे उन लोगों से भर गए। डाक्टर कम और जख्मी ज्यादा थे जलसा न हो सका। यह लीडर और मिनिस्टर लोग एक ओर पास के गांव बुद्धि में जलसा करने का फैंसला ले कर चले गए बुद्धि जो कठुआ से थोड़ी दूर है वहां बहुत कोशिश करने पर नम्बरदार, चौकीदार, पटवारी और कुछ सरकारी कर्मचारी जमा कर के जलसा करने का विचार किया। जलसा वाली जगह के चारों ओर पुलिस और मिलिशिया खड़ी कर दी। अभी जलसा शुरू भी नहीं हुआ था कि फिर एक

बड़ा भारी जुलूस प्रजा परिषद् जिन्दाबाद, भारत माता जिन्दाबाद बोलता जलसा वाली जगह की तरफ बढ़ता आया। जलूस देख मिर्जा बेग और डोगरा एक दम गर्म हो गए। डोगरा ने डी. सी. बलदेव चन्द को हुक्म दिया कि इन बदमाशों को गोलियों से भून दो। डी. सी. ने कहा जनाब पहले ही लोगों पर बहुत अत्याचार किया गया है लोगों में बहुत गुस्सा है यदि और कोई सख्त कदम उठाया गया तो हालात नियंत्रण से बाहर हो जाएंगे। डी. सी. का यह जवाब सुन डोगरा बगैरा बल खा कर रह गए। उधर साइक्लोस्टाइल मशीन की तलाश के लिए ठाकुर झग्गर सिंह का छोटा भाई और बंसीलाल का छोटा भाई सरदारी लाल दोनों को पकड़ हवालात में बन्द किया और S.H.O. मौलाना फतेह यार अहमद जिस को मास्टर भी कहा जाता है दोनों लड़कों को खूब पिटवाया। कई सिपाही फौजी बूटों सहित उन पर चढ़ कर नाचे। मास्टर जो कुछ कर सकता था कर के थक गया पर उन लड़कों से कुछ भी न उगलवा सका। मार खा कर जब दोनों बेहोश हो गए तो बेहोशी की हालत में उन को उठा हवालात के ठण्डे फर्श पर डाल दिया। यह अत्याचार की कहानी कठुआ में फैली तो लोगों में गुस्सा भड़क उठा। सरकार ने उसको बदल कर दूसरे थाना में लगा दिया। यह मास्टर S.H.O. कैसे बना। इस में एक भेद है। साल 1947 के पहले यह स्कूल मास्टर था। पाकिस्तान के साथ षड्यंत्र करता पकड़ा गया। थोड़ा ही समय जेल में गुजरा था कि शेख का राज आ गया। शेख ने इस को जेल से निकाल S.H.O. बना दिया। कठुआ में जब बंसीलाल और प्रमोद सिंह पर पुलिस के जुल्म की कहानी सुनी तो कठुआ जेल में रणजीत सिंह आदि जो सत्याग्रही थे उन्होंने भूख हड़ताल कर दी कि बंसीलाल, प्रमोद सिंह को जेल में लाया जाए। भूख हड़ताल के कारण उन दोनों लड़कों को जेल में लाया गया। सब ने देखा कि उन के शरीर पर लगे जख्मों से खून बह रहा है। ऐसा झग्गर सिंह की जुबानी सुन हम सब आंसू बहाने लगे तो चुन्नी लाल रियासी वाले ने कहा माना कि कठुआ में पुलिस वालों ने बहुत जुल्म किया है पर इस से भी ज्यादा भयानक दृश्य हम ने देखे हैं। उन दिनों को याद कर कलेजा कांप जाता है। बहुत कहने पर उस ने रियासी में जो कुछ हुआ वो सुनाने लगा। बोला–तहसीलदार निजामुद्दीन और S.H.O.मुहम्मद अफजल ने इस आन्दोलन को दबाने के लिए वो लूट मचाई जिस का उदाहरण इतिहास में नहीं मिलता। दोनों के जुल्म की कहानी डाक्टर मुखर्जी ने देहली पार्लियामेंट में सुनाई। सारे भारत वर्ष में इन के जुल्म की दास्तान सुनी। इन दोनों को सरकार ने बदल S.H.O.को पुलिस लाइन और तहसीलदार को न मालूम कहां भेज दिया। अभी यह बातें हो ही रहीं थी कि सिपाही लोग भागते आए और बोले चलो समय हो गया है बैरक में बन्द कर के ताले लगा दिए। सोचता हूँ कठुआ की बेबसी पर आंसू बहाऊं या रियासी की बदकिस्मती पर।

सत्रह वैशाख, आज कर्नल रामनाथ चोपड़ा डाइरैक्टर जेल में निरीक्षण के लिए आया पर S.P. जेल ने कर्नल को जिन बैरकों से शिकायत की जाने की आशा थी उधर न ले जा कर जिस बैरक में बच्चे या बूढ़े थे जो न शिकायत करना जानते थे और न ही शिकायत करने की उन में हिम्मत थी। जब कर्नल चोपड़ा चक्कर लगा कर वापस जाने लगा तो बैरक नम्बर 9 से सरदारी लाल नगरी पड़ोल वाला और बसन्त सिंह त्यागी ने जोर–जोर से आवाज़ें दे कर्नल को अपनी तरफ बुलाया और जेल वालों की ज्यादती, मार पिटाई और खाने की बुरी हालत की शिकायत की। कर्नल ने S.P. रैना को आदेश दिया कि सत्याग्रहियों पर कभी अत्याचार न किया जाय और इन की दूसरी शिकायतें भी दूर की जाऐं। यह कह कर कर्नल तो चला गया पर उसी रात बैरक नम्बर नौ में सारी रात जबरदस्त लाठी बरसती रही। दूर–दूर तक बैरक नम्बर नौ वालों की चीख पुकार सुनाई देती रही। हम सब ने कहा मांगे पूरी हो रही हैं। बिल्कुल उसी मानिंद जैसे एक साहूकार ने किसी से रूपया उधार लेना था। बार–बार मांगने पर आसामी ने कहा कल अपना बहीखाता ले कर आजाना आप का रूपया ब्याज सहित आप को चुका दूंगा। साहूकार दूसरे रोजा खुशी–खुशी बहीखाता लेकर आसामी के घर गया। आसामी ने आदर सहित उस को चारपाई पर बिठाया बाहर से सारे दरवाजे बन्द कर लिए और लाठी ले साहूकार की पिटाई शुरू कर दी और अपने लड़के को जोर–जोर से ढोल बजाने को कहा ताकि इस के चींखने चिल्लाने की आवाज बाहर सुनाई न दे और बही पर लिखवा लिया कि मैने अपना रूपया ब्याज सहित ले लिया है। साहूकार रोता पीटता अपने घर चला गया। थोड़े दिनों बाद वैशाखी का त्यौहार आया ढोल बजने लगे साहुकार के बच्चों ने कहा हम भी वैशाखी का मेला देखने जाऐंगे। साहुकार ने बच्चों को एकदम पकड़ कर कमरे में बन्द कर के दरवाजे बन्द कर दिए और कहा यह वैशाखी का मेला नहीं किसी साहूकार का खाता बराबर हो रहा है। इसी तरह बैरक न0. नौ वालों की हालत हुई मानों भगवान कृष्ण ने एक ही रात में सुदामा के सारे कष्ट दूर कर दिए। दूसरे दिन बैरक खुलनें पर हम ने देखा बैरक नम्बर नौ वालों में से कुछ हिल ही नहीं सकते थे और कुछ अपने ज़ख्म साफ कर रहे थे।

अठारहवां वैशाख, आज दो कश्मीरी कैदी हंसते लम्बी–लम्बी सलाम करते जेल में आए मैने एक से पूछा अभी पांच छः रोज पहले तो तुम गए थे अब कैसे आ गए। झट रोनी सूरत बना कर बोला अण्डे चुराए थे जज ने सजा ही एक हफ्ते की दी। सोचा था दो–तीन महीने कटेंगे क्योंकि बाहर बेकारी है काम कोई है नहीं। अगली बार मुर्गी चुराऊंगा इतने में जेल का फाटक एक बार फिर खुला दो आदमी सूट–बूट पहने अन्दर आए मैने सोचा यह कोई बड़े अधिकारी होंगे। पर उन को सिपाही धक्के मार बैरक नम्बर बारह में बन्द कर आए। मैने सिपाही से पूछा यह साहब कौन थे बोला यह तो कापरेटिव बैंक का एक मैनेजर और दूसरा खजानची है। इन्होंने बैंक से डेढ़

लाख रूपए का गबन किया है। केस चल रहा है पुलिस जांच–पड़ताल कर रही है। मैने सोचा जांच पड़ताल कर रही है या हिस्सा बना रही है। थोड़ी देर बाद चीफ अन्दर आया और बोला तुम लोग सरकार का मुफ्त का राशन खा कर बदमस्त हो रहे हो सारा दिन बेकार बैठे–बैठे हराम की खा रहे हो कल से सब को काम पर लगाया जाएगा। दूसरे दिन हम सब से जबरदस्ती काम करवाया जाने लगा। बच्चों और बूढ़ों को भी नहीं छोड़ा। चक्की पिसवाई जाने लगी, मुंज कातने और टूटी फूटी दीवारों की मुरम्मत कराई जाने लगी।

बीस वैशाख, आज श्रीनगर अस्पताल से नया डाक्टर आया पहले वाला डाक्टर छुट्टी पर गया था। बारी–बारी हर एक से हाल पूछा और बीमारों को अच्छी खुराक देने का कम्पाऊंडर को आदेश दिया और कम्पाऊंडर से कहा यदि आप के पास दवाई नही तो अस्पताल से और मंगवा लो। कामली कम्पाऊंडर ने टालने का बहुत यत्न किया पर डाक्टर ने कहा कैदी हैं तो क्या हुआ हैं तो इन्सान। इन की तमाम जिम्मेदारी हम पर है। हम ने उस की बातें सुन कहा डाक्टर साहब पिछले दो माह से बहुत से साथी संगीन कोठरियों में बन्द हैं वो हवा और रोशनी को भी तरस रहे हैं यदि कुछ दिन उन को इसी तरह बन्द रखा गया तो पता नहीं वो जीवित भी बचेंगे या नहीं, डाक्टर बोला मुझे दुःख है मैं इस बात में आप के लिए कुछ नहीं कर सकता। यह आप के S.P. जेल के अधीन हैं। जब तक पहले वाला डाक्टर छुट्टी से नहीं आया तब तक हर बिमार को अच्छा खाना और दवाई मिलती रही उसके आने पर वही हाल न अच्छा खाना और न अच्छी दवाई।

अठाईसवीं वैशाख, आज एक कश्मीरी मुस्लिम कैदी अब्दुल सम्मद से बात करनें का अवसर मिला। उस की बातों से ऐसा जान पड़ा कि कश्मीर के लोग भारत राज से ऐसी घृणा क्यों करते हैं। उन लोगों के दिलों में भारत की गन्दी और झूठी तस्वीर दिखाई गई है। उन लोगों को धोखे में रखा गया है। अब्दुल सम्मद बड़े क्रोध में बोला–जहन्नुम में जाए आप का भारत और वहां के लीडर, हम तो खुदा से दुआ मांगते हैं कि कल की जगह आज ही रियासत का कोना–कोना पाकिस्तान का हिस्सा बने। मैने हैरान हो कर कहा आप को भारत के साथ इतनी घृणा क्यों है। आप लोगों को भारत की बहादुर फौज ने कबाइली दरिन्दों से बचाया आप की बहु बेटियों की इज्जत और आप के जान माल की हर तरह रक्षा की। आप लोग बहुत नाशुक्रे हैं। आप के खाने को अनाज दिया, पानी की तरह लाखों रूपया बहा कश्मीर की तरक्की पर खर्च किया। बोला साहिब अगर भारत ने हमें अनाज, फौज या और कुछ दिया तो अपने लालच के लिए। पण्डित नेहरू ने हम पर कोई अहसान नहीं किया यदि यहां मिलिट्री रखी है तो उस का सारा खर्चा हम लोग देते हैं। मैने हैरानगी से पूछा मिलिट्री का खर्चा आप लोग करते हैं। हां, हम लोग अब्दुल सम्मद ने कहा। दो–दो रूपया महीना कश्मीर के हर घर से रियासत के लीडर लोग हम से जबरदस्ती वसूल करते हैं। हम लोग अनाज, मुर्गी, अन्डा बेच नहीं तो भीख मांग कर भी हर महीने उन लीडरों

को देते हैं। यदि कोई नहीं दे सके तो उस को मार कर और यह कह कर यदि आप लोग चन्दा नहीं देंगे तो मिलिट्री वापस चली जाएगी फिर पठान और कवाइली आ कर आप की बहु बेटियों को उठा कर ले जाऐंगे। इसलिए हम पाकिस्तान के गुण गाते हैं। यदि पाकिस्तान की हुकूमत आ गई न ही यहां पठान आएंगे और न ही कवाइली और न ही हमें चन्दा देना पड़ेगा। यह सुन मुझे समझ आ गई कि यह लोग क्यों न पाकिस्तान के गुण गाएं जब कि हुकूमत के कारिन्दों और यहां के लीडरों ने इन के दिलों में भारत वर्ष के प्रति इतना जहर भर दिया है। उन के विचार में भारत की हुकूमत कश्मीर के लिए एक बोझ है। तीसवां वैशाख, आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी की गिरफ्तारी की खबर सुनी। उनको कुछ साथियों सहित लखन पुर चैकपोस्ट पर, इस कारण बन्दी बनाया गया कि वो बिना परमिट रियासत में प्रवेश कर रहे थे। यह भी पता चला कि उन को बन्दी बना कर श्रीनगर चश्मा शाही के सामने किसी मकान में बन्द किया गया है। कई रोज से गुड़ और चने मांगे जा रहे हैं पर अभी तक किसी ने हमारी इस मांग को नहीं सुना।

4 ज्येष्ठ– आज फिर गुड़ और चने मांगने के लिए शोर मचाया। जवाब मिला चने तो बहुत मँहगे हैं जो आप जैसे सस्ते कैदियों को नहीं दिए जा सकते हाँ मक्की देने का विचार किया जा रहा है। हमारी खुशी और बढ़ गई। सुना है कश्मीर की मक्की बहुत मीठी होती है चलो वही दे दो। S.P. रैना ने कहा इस भ्रम में मत रहना कि आप को कश्मीर की मक्की मिलेगी क्योंकि यह मँहगी है आप को जम्मू वाली देसी मक्की मिलेगी। आज पांच–छः और कश्मीरी मुस्लिम कैदी जेल में लाए गए उन में एक बुर्जुग सफेद दाढ़ी वाला भी था। बच्चा बैरक के सामने से गुजरने पर एकदम बोल उठा शाबाश, आप लोगों की हिम्मत और बहादुरी पर, खुदा पर भरोसा रखो जीत आप लोगों के कदम चूमेगी। मेरे नन्हे शेरों, डटे रहो, "हिम्मते मर्दा मददे खुदा।" आप लोगों ने और खासकर इन मासूम बच्चों ने इस जालिम हुकूमत को जो कुर्बानियां दी हैं वो कभी जाया नहीं जा सकती। मैं हैरान हूं, चौदह–चोदह, पन्द्रह–पन्द्रह साल के बच्चे इस दोजख की आग का कितनी बहादुरी से मुकाबला कर रहे हैं। सात–आठ महीनों से इन मासूम फरिश्तों के फूल से चेहरे मुर्झा गए पर क्या मजाल किसी के चेहरे पर गमी या उदासी के निशान हों। शाबाश मेरे बहादुरों डटे रहो अब एक ही झटके की कसर है अल्लाह जरूर———इतना ही कहने पाया था कि सिपाही ने आ कर कहा चलो आप की जमानत हो गई है। यह लोग उसी दम वापस चले गए।

वो लोग तो ज़मानत होने पर वापस चले गए पर मेरे दिल में एक अजीब सा विचार छोड़ गए। इस भूमि में अभी भी कुछ ऐसे लोग हैं जो हमारे चलाए जा रहे आन्दोलन की सराहना करते हैं और वे भी चाहते हैं कि हिन्द से हमारा रिश्ता अटूट हो। यह लंगड़ा रिश्ता न रहे धारा 370 जल्द से जल्द खत्म हो और यहां पर मनमानी करने वालों की हुकूमत खत्म हो। उस बुजुर्ग की बातें सुनकर हमारे हौंसले और बढ़ गये। 6 ज्येष्ठ–बारिश फिर शुरू हो गई सर्दी बढ़ गई सारा दिन कम्बल लपेट बिस्तर में बैठे रहे। 7 ज्येष्ठ बारिश बन्द है। आज चीफ ने एक कड़ाही और छलनी बनाने का आदेश दिया। आशा हुई कि अब मक्की और गुड़ मिलने लगेगा। पर दिल में विचार आया कि दुनियाँ भर का झूठ कश्मीरियों के हिस्से में आया है न मालूम कब तक टालते जाएंगे। मैं अपने मन में सोच ही रहा था इतने में छोटी उम्र का सुन्दर सा लड़का रघुनन्दन राजौरी वाला हमारे पास आ बैठा। उसे देख एक साथी ने कहा 'धन्य है यह लड़का जिसने पुलिस की बहुत मार पिटाई के बाद भी कुछ नहीं बताया।' मैने उससे उसकी आपबीति सुनाने का आग्रह किया। वह बोला 21 माघ को पुलिस ने हमारे घर छापा मारा और तलाशी में कुछ पर्चे मिल गए। वे मुझे हथकड़ी लगा थाने ले गए। जगदीश शास्त्री का पता पूछा। मैने कहा मुझे नहीं मालूम। उन दिनों जगदीश शास्त्री हमारे प्रान्त में काम करता था। S.H.O. ने जोर से कहा मुझे मालुम है कि जगदीश हर रोज़ तुम्हारे घर आकर ठहरता है। मैने साफ जवाब दिया मुझे नहीं मालुम। S.H.O. ने एक ज़ोरदार चांटा मेरे मुंह पर मारा। सिपाहियों ने लात और घूंसों से मेरी जोर दार पिटाई की मैं बेहोश हो गया। पानी के छींटे मेरे मुंह पर मार मुझे होश में लाया गया और फिर वह प्रश्न–जगदीश का पता बताओ। मैंने फिर वही जवाब दिया मुझे नहीं मालूम और यदि मालूम भी होता तो आपको हरगिज़ नहीं बताऊंगा चाहे मार भी डालो। यह जवाब सुन 'लालमन' S.H.O. आगबबूला हो गया और धड़ाधड़ मेरी पिटाई फिर शुरू कर दी। लगातार छः दिन मुझे पीटा जाता रहा और उलटा लटकाया जाता आखिर जब मेरा मुंह न खुलवा सके तो अदालत में मेरा चालान पेश कर दिया। अदालत ने नौं माह की कैद का हुक्म दिया तब उस दुष्ट 'लालमन' से मेरी जान छूटी। अब आपके साथ जेल में रहकर आनन्द ही आनन्द, हां कभी छाती में दर्द होता है और थूक के साथ खून भी आ जाता है बाकी सब ठीक है। यह थी उस मासूम लड़के की आपबीति। मन में विचार आया कि कैसे उस पापी का हाथ इस मासूम लड़के की तरफ उठता था।

8 ज्येष्ठ– आज शाम जब रोटी बांटी गई तो ऐसा लगा रोटी वज़न में कम है। जब तराजू मंगवा कर वजन करवाया गया तो रोटी छः छटांक निकली। हम सबनें रोटी खाने से इन्कार कर दिया। हम सब ने कहा अभी मक्की तो मिली नहीं रोटी पहले ही कम हो गई। रिपोर्ट S.P. के पास गई उसने कहा तीन आदमी मेरे पास दफ्तर

आकर बात करो। सबने विचार करने के बाद 'चतरू राम डोगरा, कुंज लाल और मेरा नाम' सुझाया गया। हम तीनों S.P. से मिलने गए। मुझे और कुन्ज लाल को डयोढ़ी में बिठा कर डोगरा साहब को दफ्तर में बुलाया। हम डयोढ़ी में बैठे थे इतने में दो कश्मीरी कैदी जो अदालत में पेशी पर गए थे वापस आए। सर्वानन्द दरबान ने उससे दो–दो आने रिश्वत लेकर तलाशी का फर्ज़ पूरा किया और कहा सब ठीक है। इतने में माखन लाल हैड वार्डन आ गया उसने फिर उनकी तलाशी ली और सिग्रेट तम्बाकू और पैसे निकाले और कहा मेरा हिस्सा दिए बगैर तुम यह चीज़ें अन्दर नहीं ले जा सकते। उन्होंने एक–एक आना हैड वार्डन को दिया तो उसने उनके तम्बाकू सिग्रेट वापस कर दिया। मेरी अन्तर्तात्मा रो रही थी कि यह लोग एक आना तक रिश्वत ले लेते हैं। शायद उनकी आत्मा भूखी थी। इतने में डोगरा साहब अन्दर से आए और कहा S.P. ने आज के लिए माफी मांगी है और यकीन दिलाया फिर ऐसा नहीं होगा। मैने कहा डोगरा साहब माफी मांगने से इसका क्या बिगड़ा कम से कम एक मन अनाज इसने बचा लिया।

9 ज्येष्ठ– आज चावल एक छटांक कम मिले और साथ एक छटांक मक्की भी मिल गई। गुड़ के लिए पूछने पर जवाब मिला वो भी दो एक रोज़ में मिल जाएगा। आज शाम जो सब्जी खाने को मिली वो गली सड़ी और एक–एक पत्ते के साथ हज़ारों कीड़े यह सबने खाने से इन्कार कर दिया। चीफ आया रोटी उठवाई और सबको बैरकों में बन्द कर दिया और कहा 'मरो भूखे'। रात 12 बजे S.P. और चीफ दोनो बैरक खुलवा अन्दर आये और कहा आप लोग मुझ पर भरोसा कीजिए मैं खुद नहीं चाहता कि गली सड़ी सब्जी आपको दूं मगर वो बेईमान ठेकेदार ने यह सब्जी लंगर वालों को दी। चाहे कसम ले लो। मैं ठेकेदार से जवाब मांगूगा। मैने कहा रैणा साहब हम पिछले चार महीनों से आपकी कसमें सुनते आ रहे हैं कैसे आप पर विश्वास किया जाए। वह बोला अब जो भी सब्जी लंगर में आएगी आपके आदमी उसको साफ किया करेंगे पर आज खाना खा लो। अन्त में सब ने नमक के साथ रोटी खाई।

12 ज्येष्ठ– आज खाने में गुड़ भी मिलना शुरू हो गया राशन दो छटांक कम हो गया उसकी जगह एक छटांक गुड़ एक छटांक मक्की।

13 ज्येष्ठ– धारा 3 के कैदियों को आज से स्पैशल खुराक मिलने लगी। सुबह दो सब्जियां, दोपहर को मक्की और गुढ़ शाम को एक–एक कप चाय और रात को फिर दो सब्जियों के साथ रोटी। बाटी और डिब्बों के साथ एक एक मिट्टी का प्याला भी मिल गया।

16 ज्येष्ठ– आज सतपाल अखनूर वाले ने शिकायत की कि रोटी में रेत है। गुलाम मुसतफा हैड वार्डन ने

सतपाल को पकड़ 'कुक्कड़खाना' में बन्द कर के नाई को बुला कर उसके सर के बाल, दाढ़ी मूच्छें सफाचट करवा दीं मानो उसने अपनी तरफ से बहुत बड़ी सजा दी। गुलाम मुस्तफा अपने बहनोई मिर्ज़ा अफज़ल बेग के साथ जम्मू रहता था। मिर्ज़ा की कोठी पर एक हरिजन माली काम करता था उसकी लड़की के साथ इस गुलाम मुस्तफा ने जबरदस्ती मुंह काला किया इससे जम्मू में शोर मच गया और यह पकड़ा गया उन दिनों महाशा नाहर सिंह हरिजन नेता था। केस अदालत में गया नाहर सिंह ने तमाम हरिजन कौम से चन्दा जमा करके मुकद्दमा लड़ना शुरू किया। मिर्जा बेग ने मुल्ज़िम की सफाई में बयान दिया कि यह केस पुलिस ने बिल्कुल झूठा बनाया है। जिस दिन की यह घटना है गुलाम मुस्तफा सारा दिन मेरे साथ रहा। पर अदालत की कार्रवाई जारी रही। ऐसा लगा कि मुल्ज़िम सज़ा पा जाएगा। मिर्जा बेग ने नाहर सिंह को बुलाया पर्दे में क्या बात हुई कि नाहर सिंह ने मुकद्दमें की पैरवी छोड़ दी पर फिर भी अदालत ने गुलाम मुस्तफा को तीन साल कैद की सजा दी। अभी सज़ा चल ही रही थी कि शेख साहिब की हुकूमत आ गई। धड़ाधड़ यह खूनी और कातिल बाहर आने लगे उनमें यह दुष्ट भी बाहर आ गया। अब भी उसकी 1/2 साल की कैद बकाया है और यही गुलाम मुस्तफा हैड वार्डन बना हुआ है।

17 ज्येष्ठ– जैसा कि बार–बार हम लोगों को कहा जाता था कि कश्मीरी बहुत चोर हैं अपने–अपने कम्बल सम्भाल के रखो, आज बनारसी दास विश्नाह वाला धूप में कम्बल बिछा के बैठा था। पानी पीने बैरक में गया आने पर देखा कम्बल गायब। बहुत तलाश करने पर भी न मिला। चीफ से शिकायत की उसने तमाम कश्मीरी कैदियों को इकट्ठा करके खूब डांटा और दबाव डालने पर कम्बल मिल गया। चीफ ने कहा मैने बार–बार कहा है कि अपना सामान सम्भाल के रखो अगर 5 मिनट की भी देरी हो जाती तो कम्बल कभी न मिलता।

पीछे किसी अध्याय मे मैने पांच जंगी कैदियों के बारे में लिखा था जो रियास्त की मिलिशिया फौज से बागी हो हथियार ले पाकिस्तान जाते बार्डर पर पकड़े गए थे उनमें से मोहम्मद अली जो सिपाही था उसको छोड़ बाकी जमादार सैद उल्ला, गुलाम मोहम्मद रहमान और सूबेदार अब्दुल गनी जिनको स्पैशल क्लास दी गई थी सब कैदियों से अलग एक बैरक में रखा था। वहां किसी को भी जाने न दिया जाता था। पर मैं किसी न किसी तरह वहां पहुंच गया, एक तो मुझे लिखने का शौंक दूसरे उनके हालात जानने का। उसके साथ ही अनन्ततनाग के मशहूर मुकदमा के कैदी मोहम्मद दीन वकील, डा. अब्दुल मजीद ओर स्कूल मास्टर सैयद साहिब से मिलने का मौका मिला। वो सब शेख हुकूमत के खिलाफ थे। कहने लगे दफा 3 के अनुसार हमे दो साल से यहां बन्द रखा गया है। हम पर इल्ज़ाम यह लगाया कि हम लोगों ने महाराजा हरि सिंह के बंगले को जलाने की कोशिश की। हमने बार–बार गुजारिश की कि हम पर खुली अदालत में मुकद्दमा चलाया जाए। हम बता देंगे कि बंगला जलाने में किसका हाथ है। महाराज के बंगले का सारा कीमती सामान मिर्जा अफजल बेग के घर गया है। इस

लूट को छुपाने की खातिर बंगले को आग लगा दी। जब हम लोगों ने यह पर्दा खोलना चाहा तो रातों रात हमे दफा तीन के अनुसार गिरफ्तार करके जेल में बन्द कर दिया। और हर दो महीने के बाद हमारी सज़ा बढ़ा दी जाती है। एक बार हमने किसी तरह पंडित नेहरू तक आवाज़ पंहुचाने की कोशिश की पर प. नेहरू शेख साहिब के खिलाफ कोई बात नहीं सुनना चाहते। वो तो उसे आसमान से कोई उतरा हुआ फरिश्ता समझते हैं। यह बातें हो ही रही थी इतने में एक सिपाही हाथ में डाक लेकर आ गया। डाक में, शैली राम हरिजन जो जम्मू का रहने वाला था उसका भी पत्र था। पत्र से पता चला कि उसकी माँ का देहांत हो गया है वो जोर–जोर से रोने लगा क्योंकि उसका दुनिया में सिवाय अपनी माँ के और कोई न था और साथ ही यह भी लिखा था कि उसकी बकरियां चोरी हो गई हमने उसे माफी मांग कर घर जाने को कहा, वो बोला अब जाकर क्या करूंगा यदि बीमारी पर पता चलता तो शायद चला भी जाता माँ का संस्कार गांव वाले ने कर ही दिया होगा।

18 ज्येष्ठ– हमारे सामने वाली बैरक में एक छोटी उम्र का लड़का लाया गया जिसने अपने मालिक को जो एक डाक्टर था ज़हर दे कर मार दिया था। शायद इसकी नज़र उसकी किसी कीमती चीज़ पर पड़ गई होगी।

19 ज्येष्ठ– दोपहर को चीफ सिपाहियों के साथ भागता एक बैरक की तरफ गया। वहां एक कश्मीरी कैदी के बिस्तर की तलाशी ली। बिस्तर से उसे छः रोटियां छुपाई हुई मिली। मालूम हुआ ये लोग रोटियाँ दाव पर लगा जुआ खेल रहे थे। जुआ खेलने का दाना वो मुंह में डाल निगल गया पर जीती हुई रोटियाँ पकड़ी गई। दो तीन जुआरी पकड़ कर (पैन्दा खां) के हवाले किये जो उनको मारता पीटता संगीन कोठरियों की तरफ ले गया।

सत्रह

20 ज्येष्ठ– आज जम्मू से सत्याग्रहियों का एक और ग्रुप यहाँ लाया गया। वो 37 थे। आते ही उनकों संगीन कोठरियों में ले जाकर पहले वाले कैदियों को निकाल बैरक के बजाए दूर मिस्तरी खाना के पीछे वाली बैरक में, जिन की दीवारें हम लोगों ने बनाई थी, रखा गया। आज जो खाना हमें मिला, दाल पानी जैसी पतली थी। पूछने पर पता लगा जो 37 नए आदमी जम्मू से आए उनके लिए सिर्फ आटा मिला था, दाल नहीं मिली। इस कारण इसमें थोड़ा सा पानी और नमक डाल कर इसी को पूरा किया गया। जो आदमी संगीन कोठरियों से निकाल मिस्तरी खाना के पीछे बन्द किए गए थे, न ही वहाँ पानी और न ही बिजली है। यहाँ से घड़े भर–भर उनके लिए पानी ले जाया गया क्योंकि उन लोगों को तो हम से मिलने नहीं देना चाहते और जो लोग संगीन कोठरियों में बन्द किए गए, उनको पानी भी लोहे के लगे फाटकों की सलाखों से दिया गया। 23 ज्येष्ठ, आज फिर कर्नल रामनाथ चोपड़ा जेल में निरीक्षण के लिए आया। हमने बड़े जोर से जेल वालों की शिकायत कर्नल से की। कर्नल ने उन शिकायतों को जल्दी दूर करने का आश्वासन दिया। हमने कहा, कर्नल साहब, आप संगीन कोठरियों में बन्द किए सत्याग्रहियों को भी देखें। उन पर कितना जुल्म हो रहा है। कर्नल एस. पी. को ले संगीन कोठरियों की तरफ चला गया। हो सकता है, उन लोगों ने भी कर्नल से अपनी बेबसी बयान की हो और जेल वालों की शिकायत की हो। क्योंकि उसी रात संगीन कोठरियों से रोने और चिल्लाने की आवाज़ें आती रही।

28 ज्येष्ठ, मौलाना आज़ाद कश्मीर आ रहे हैं। कल ईद है। वो तमाम लोगों के साथ ईद की नमाज़ अदा करेंगे। ऐसा ''खिदमत समाचार पत्र'' में पढ़ा। इधर जेल में तमाम मुसलमान कैदी ईद मनाने की तैयारियाँ कर रहे हैं पर बेचारे कैदियों की ईद क्या और बकरीद क्या। जिन बैरकों में मुसलमान कैदी हैं, आज 29 ज्येष्ठ उनका पवित्र त्यौहार ईद है। खुशी है। पर शायद चाय पीने और गाना गाने बजाने के सिवाए और कुछ नहीं। आज एक–एक आदमी ने दस–दस बार कहवा पिया होगा। आज इनकों काम से भी छुट्टी है। हल्की–हल्की बारिश हो रही है। मौसम बड़ा सुहावना है। मेरे सामने वाली बैरक में सारे इकट्ठे हुए और घड़े की थाप पर लगे राग अलापने। गाना तो समझ में नहीं आ रहा था पर उन सब का इकट्ठे मिलकर गाने का अपना ढंग था। एक आदमी मध्य में बैठा घड़ा बजा रहा है। बाकी सब सुर से सुर मिला लम्बी तानें निकाल रहे हैं। आज यह भूल गए हैं कि हम कैदी हैं और जेल की चारदिवारी में बन्द हैं। मैने उनकी बैरक में जाकर देखा, बहुत आनन्द आया। अचानक बैरक के एक कोने में दृष्टि गई। एक पतले से शरीर का कैदी सबसे जुदा, अलग सर झुकाए बैठा आँसू बहा रहा है। मैने एक से पूछा, यह आज की खुशी में क्यों शामिल नहीं हो रहा। उसने कहा, बाबूजी यह जब से जेल में आया है, तब से रोता रहता है। हमारे बार–बार कहने पर भी आज दिन भर इसने कुछ नहीं खाया। मैने उसके

कन्धे पर हाथ रख तसल्ली देकर कहा, उठो। खुदा पर भरोसा रखो। वो सब ठीक करेगा। इतना कहने की देर थी, वो फूट–फूट कर रोने लगा। बड़ी मुश्किल से उसको चुप कराया। बोला, घर में बहुत गरीबी है। मज़दूरी पर गुज़ारा था, रोटी चलती पर अब पाँच–छः साल से मज़दूरी भी नहीं। हर जगह टक्करें मारी, कहीं रोज़ी नहीं मिली। न ही मुझ जैसे गरीब को किसी ने उधार दिया। मैने और मेरी बीवी ने भूख सहनी सीख ली पर बच्चों का रोना नही देखा जा सका। एक ज़मींदार के घर चोरी अन्दर जाकर थोड़े से चावल चादर में बाँधे। निकलने की सोच ही रहा था कि घर के लोग जागे। वहीं पकड़ा गया।

अदालत ने तीन माह की सज़ा सुनाई। मुझे तो दोनो समय भरपेट न सही, आधापेट रोटी और चावल मिल रहे हैं पर मेरे बीवी और बच्चों पर क्या बीतती होगी। जिनका पेट भरने के लिए चोरी करने निकला था। वो भूख से न मालूम जिन्दा हैं या मर गए। मैं ईद की खुशी में क्या शामिल हो सकता हूँ। उसकी कहानी सुन आँखों में आँसू आ गए। घड़ा बजता रहा, गाने होते रहे। मैं सब छोड़ अपनी बैरक में चला आया। दो आषाढ़–पता लगा मौलाना आज़ाद हवाई जहाज से देहली वापिस चले गए और यह भी सुनने में आया कि वो यहाँ से बिना चाये पिए गुस्से में वापिस चले गए। ईद के दिन शेख ने रेडियो पर जो भाषण दिया वो भारत के खिलाफ और पंडित नेहरू पर कटाक्ष किया गया था। उसने कहा था, "कश्मीरी लोग अपनी किस्मत का फैंसला आप करेंगे। किसी को कोई अधिकार नहीं कि दिल्ली के बन्द कमरे में बैठ हमारी किस्मत का फैंसला करे। हम बेजान लाशें नहीं और न ही हम मिट्टी के पुतले हैं। किसी को कोई हक नहीं कि हमको बेचा जाए। यह जो प्रजा परिषद् वाले आंदोलन कर रहे हैं। यह हो नहीं रहा बल्कि इस को करवाया जा रहा है। हमें हरि सिंह से आज़ादी, आज़ाद रहने के लिए बहुत सी कुर्बानियां दे कर हासिल की। न कि हिन्दोस्तान और पाकिस्तान के गुलाम बनने के लिए। हमारी कौम लगातार 20 साल से मुस्लिम कान्फ्रैंस, पोलिटीक्ल कान्फ्रैंस और अब नेशनल कान्फ्रैंस के नाम कुर्बानियां देती आ रही है। उस कौम में अब भी वही जज़्बात और वोही खुद्दारी जिन्दा है। कोई भी आदमी दिल्ली या लंदन में बैठ हमारी किस्मत का फैंसला नहीं कर सकता।"

ऐसी ही यह तकरीर 16 जून 1953, 3 आषाढ़ समाचार पत्र खिदमत में पढ़ने को मिली क्योंकि उन दिनों भारत और पाकिस्तान के मध्य कश्मीर के झगड़े पर बातचीत हो रही थी। बहुत सी बातें जुबानी सुनने में आ रही थी कि कश्मीर में हालात हर रोज़ बिगड़ती जा रही है। इसी कारण मौलाना आज़ाद नाराज़ होकर वापिस चले गए क्योंकि हिन्द के प्रति कश्मीर के लोगों में ज़हर भरा जा रहा है। शेख ने मौलाना के नाराज़ होकर वापिस जाने की कोई परवाह नहीं की। ईधर बख्शी गुलाम मुहम्मद और शेख की आपस में नाराज़गी दिखाई देने लगी क्योंकि ईद के रोज़ जामा–मस्जिद में बख्शी ने ईद की नमाज़ लोगों के साथ जमीन पर बैठ कर पढ़ी और शेख की

तकरीर भी मंच पर शेख के साथ न बैठकर जमीन पर बैठ कर सुनी। ऐसा जान पड़ता है कि शेख सुल्तान बनना चाहता है। 19 जून, आज फिर हल्की–हल्की बारिश हो रही है। मौसम बड़ा सुहावना हो गया है। मगर हमारे साथी जो संगीन कोठरियों में बन्द हैं, वो हवा और रोशनी से महरूम हैं। आज ''खिदमत समाचार पत्र'' में पढ़ा कि कश्मीर में बहुत सी गिरफ्तारियाँ हो रही हैं। कुछ आदमी फिर पोलिटीक्ल कान्फ्रेंस का झंडा उठा यह नारे लगा रहे थे। हिन्द की फौज वापिस ले जाओ। रायशुमारी कराई जाए। यह हुकूमत तोड़ दो। हिन्द की फौज और रूपया हमें नहीं चाहिए। जो पकड़े गए, उनमें गुलाम महिउद्दीन करा, करा अब्दुल लतीफ और मुहम्मद अमीन नज़मी के नाम शामिल हैं और इसी किस्म के नारे चार रोज़ पहले शेख ने जुम्मा की नमाज़ के पहले कहे थे। हमें नहीं चाहिए, हिन्द की फौज और रूपया। अगर हिन्द वालों को अपनी फौज और रूपए पर मान है तो ले जाओ अपनी इमदाद। उसी दिन बख्शी गुलाम मुहम्मद ने बयान दिया, "कुछ लोग जब कि कश्मीर चारों ओर दुश्मन से घिरा हुआ है, आज़ाद रहने के ख्वाब देख रहे हैं। या तो वो स्वयं पागल हैं या दुनिया को पागल बनाने की कोशिश कर रहे हैं।"

अठारह

जब पोलिटीक्ल कान्फ्रैंस वालों ने इस किस्म की आवाज़ें निकालनी शुरू कर दीं और स्वयं शेख ने भारत के विरूद्ध बयान दिया। कश्मीर की स्थिति दिन–ब–दिन खराब होने लगी। सैलानी लोग जो श्रीनगर सैर के लिए आए थे, वो धड़ाधड़ वापिस जाने लगे। 6 आषाढ़, आज जेल में कोई अजीब बात होती दिखाई दे रही है। सारा जेल स्टाफ ईधर–उधर दौड़ता फिर रहा है। हमारे तीन–चार आदमी जो सब्जी साफ करने जाते थे और न ही किसी भी बैरक से किसी भी आदमी को बाहिर निकलने दिया जा रहा है। कुछ बाटियाँ, कम्बल जेल से बाहिर ले जाए जा रहे हैं। ऐसा दिखाई देता है कि जेल के बाहिर एक और जेल बनाई जा रही है। सुनने में आया, श्री उमाशंकर त्रिवेदी श्रीनगर आए हैं। वो डाक्टर मुखर्जी का केस अदालत में लड़ेंगे। आज उसी की पेशी है। 7 आषाढ़, आज लाल सिंह तहसील R.S. Pura इन्द्रनाथ, संसार सिंह, जयदेव सिंह गुड़ा सलाथियां वाले अपनी सज़ा काट घर जा रहे हैं। उनको भी जेल वालों ने एक पैसा फी मील के हिसाब से दिया। उन्होंने बहुत शोर मचाया पर किसी ने नहीं सुना। आठ आषाढ़, आज तहसील साम्बा में सिद्ध स्वांखा में बड़ा भारी मेला लगता है। यहाँ श्रद्धालु लोग बड़ी–बड़ी दूर से आते हैं। साल 47 से पहले वाली वो रौनक अब नहीं। उन दिनों पंजाब, लाहौर और पैशावर तक से लोग पवित्र स्थान पर मत्था टेकने आया करते थे। अब हर रोज़ खिदमत समाचार पत्र से पता लगने लगा कि शेख हिन्द सरकार के खिलाफ जोरदार तकरीरें कर रहा है। इससे हिन्दू सिपाही एकदम बदल गए। हमसे बड़े प्यार और नर्मी से बर्ताव करने लगे और कहने लगे, हम लोग तो पहले ही कश्मीर में थोड़े से हैं। हमारा क्या बनेगा। सच जानो, यह जो आंदोलन आप कर रहे हैं, हमारा दिल आपके साथ है। पर क्या करें, ऊपर वाले अफसर मुसलमान हैं।

मैं दिल ही दिल हँसने लगा, पर इन पर रहम भी आया। यह तो सचमुच गिरगिट हैं जो हर दो मिनट के बाद अपना रंग बदलता हैं। किचन के साथ ही अस्पताल के दो कमरे हैं। उसके साथ एक छोटा सा कमरा और है। एक दिन उधर नजर गई। देखा, दो बेजान लाशें। नहीं मालूम कब से पड़ी यहाँ सड़ रही हैं। मगर उनमें कुछ हरकत हुई। बदन के रौंगटे खड़े हो गए। इनमें एक मुज्जफराबाद का मुस्लिम कैदी, जो 1947 के हमला करने वालों में से गिरफ्तार करके यहाँ लाया गया था। बहुत लम्बा चौड़ा और कभी बहुत सेहत वाला नौजवान रहा होगा। जैसा कि उस सूखे हुए ढाँचे से दिखाई देता है। उसके माथे पर जड़ी दो मोटी–मोटी आँखें देखने वाले पर दहश्त तारी कर देती हैं पर अब वो उठ भी नहीं सकता। नामुराद मर्ज़ से उसका सारा जिस्म सड़ गया है। जगह–जगह से पीक निकल रही हैं मक्खियां भिनभिना रही हैं। बदबू इतनी कि कमरे में खड़ा भी हुआ नहीं जाता सारा दिन अपने बिस्तर पर पड़ा मौत की घड़ियाँ गिन रहा है ओर दूसरा एक कश्मीरी मुसलमान सूखकर बिल्कुल

काँटा हो गया है। शरीर में मुट्ठी भर हड्डियों के सिवाय कुछ नज़र नहीं आता मानों लकड़ी के टाँचे पर मामूली से कपड़े का गिलाफ चढ़ा दिया है।

दोनो मायूस नज़रों से हर आने जाने वाले को देखते रहते हैं। बड़ी हैरानी हुई कि इन दोनो की जान कितनी बेशर्म है जो इस सड़े–गले ढाँचे से नहीं निकल रही। यूँ जान लो, कानून अपना फर्ज़ पूरा करने के लिए लाशों को सज़ा दे रहा है। मैंने चीफ से पूछा, यदि आप इन दोनो को बाहिर सड़क पर फैंक दें तो कानून का क्या बिगड़ेगा। हो सकता है, बाहिर जाकर इनका ईलाज होने से इनकी जान बच जाए। पर कानून हमें इस बात की इजाज़त नहीं देता। इतना कह चीफ चला गया। मैने सोचा, यह तो नहीं पर सज़ा पूरी होने तक इनकी लाशें बाहिर जाएंगी। मैने डाक्टर को कभी उनकी तरफ जाते नहीं देखा। दोनो कूड़े के ढेर की तरह पड़े सड़ रहे हैं। यही है इन्सान का बनाया हुआ कानून, जिसकी नज़रों में एक इन्सान की जान की कीमत सड़े–गले फल की तरह है। जो जान दुनिया भर की दौलत खर्च करने पर भी नहीं मिल सकती। किस तरह मिट्टी में मिलाई जा रही है। नौ आषाढ़, आज हंसराज और वही अखनूर वाले दोनो किसी बात पर आपस में झगड़ पड़े। कारण कुछ भी नहीं था पर बेकार पड़े–पड़े दोनो चिड़–चिड़े हो गए थे क्योंकि बेकार आदमी का दिमाग शैतान की मशीन होती है। झट गुलाम मुस्तफा ने बख्शी को पकड़ संगीन में बन्द कर दिया। शाम को जब चीफ आया तो कहने पर बख्शी को संगीन से बाहिर निकलवाया गया। आज कुछ और साथी भी संगीन कोठरियों से हमारी बैरक में लाए गए। उनमें एक थे, ध्यान सिंह गाँव पूल्लन तहसील बसोहली के। ध्यान सिंह ने बताया, 25 माघ को गाँव बिलावर तहसील बसोहली में प्रजा परिषद् का जलसा हो रहा था। तीन–चार हज़ार के लगभग जनता पुरअमन बैठी जलसा सुन रही थी। पुलिस ने बिना किसी चेतावनी के अंधाधुँध लाठियां बरसानी शुरू कर दी। लोगों को भागने का समय नहीं मिला।

500 लोग जख्मी हो गए। बहुत से बच्चे और बूढ़े पाँव तले कुचले गए। भागती हुई जनता के पीछे पुलिस वाले लाठियां बरसाते दौड़े। जो लोग बाज़ार में सौदा खरीदने आए थे, इन शैतानों ने उन पर भी रहम नहीं किया। 33 आदमी गिरफ्तार करके थाना बिलावर में बन्द कर दिए। रात को चूनी लाल और मलिक सब इन्स्पैक्टरों ने उन लोगों को मार–मार कर मुआफी मांगने के लिए कहा। 15 दिन थाना में उन लोगों की पिटाई होती रही। आखिर तब तक बहुत से लोग मुआफी मांग चले गए। पर गुर प्रकाश गाँव किशनपुर मनवाल, चौधरी लाज सिंह गाँव दरोंग, नथ्था सिंह गाँव जनौटा, भक्त राम गाँव भिड़ना, अमृता गाँव डडौड़ा ने मुआफी नहीं मांगी। उन लोगों की हर रोज़ पिटाई होती रही। 25 फागुन गाँव पल्लन, जो बिलावर से पाँच मील के फांसले पर है, सवेरे चार बजे मेरे मकान को चारों ओर से घेर लिया। उस रात ठाकुर र्स्वणदेव सिंह गुड़ा सलाथियाँ वाले मेरे ही घर थे। भागने का

बहुत प्रयत्न किया पर भाग न सके। पकड़े गए। मुझे मार–मार कर अधमरा कर दिया। मेरी माँ भी पास खड़ी रो रही थी, सहन न कर सकी। मेरे ऊपर लेट गई। पर गुरबक्श सिंह नायक मिलिशिया और मलिक S.H.O ने मेरी बुढ़ी माँ पर भी रहम नहीं किया। मार–मार कर मेरी माँ का बाजु तोड़ दिया। यह देख मुझसे सहन न हो सका। जोश में आकर उठने की हिम्मत की पर मलिक S.H.O ने बूट की जोरदार ठोकर मारी। मैं मुँह के बल ज़मीन पर गिरकर बेहोश हो गया। मलिक ने कहा, हरामज़ादा बहाना करता है। दो सिपाही पाँव से पकड़ मुझे घसीटने लगे। एक कंकर मेरी आँख में लगा। मेरी आँख सदा के लिए जाती रही, जैसा की आप देख रहे हैं।

मेरी पत्नी ने भाग कर किसी के घर शरण ली। माँ बेहोश पड़ी थी। मेरे घर में उन पुलिस वालों ने वो लूट मचाई, रामायण के मारीच और सुवाहु की याद ताजा की दी। जब मुझे होश आया तो मेरी आँख से खून बह रहा था पर किसी ने मुझे डाक्टर को दिखाने की ज़रूरत नहीं समझी। उसके बाद मेरे बहनोई तुलाराम, गाँव तरालता को भी दुनीचन्द, अधरूराम, लक्ष्मण दास, केसर चन्द के साथ पकड़ मारते–मारते उनको भी हवालात में बन्द कर दिया। रात भर उनकी जोरदार पिटाई होती रही। सारी रात चीखने चिल्लाने की आवाज़ें आती रहीं। जबकि उन लोगों का इस आंदोलन से कोई वास्ता नहीं था, केवल इसलिए कि वो मेरे रिश्तेदार थे। स्वर्णदेव सिंह आदि तीन आदमी मेरी ही साथ हवालात में रखे गए। आँख के कारण मुझे बहुत कष्ट हो रहा था। मेरी हालत बहुत खराब देख डाक्टर को बुलाया गया। डाक्टर ने कहा, कंकर लगने के कारण इसकी आँख सदा के लिए चली गई है। अठारह दिन के बाद हम सब को अदालत में पेश किया। वहां हमें छः–छः महीने की कैद और दो सौ रूपए जुर्माने की सजा सुनाई गई। किसी ने मुझे यह सुनाया कि जुर्माना के लिए मेरे घर से पुलिस वाले एक भैंस खोल कर ले गए। इतना ही कहा था कि बूढ़े गिलगती बिगुलर का बिगुल जोर से बज उठा।

बिगुल इतने जोर से बजा, जिससे सारी जेल गूँज उठी। सिपाही लोग ईधर–उधर दौड़ने लगे। एक दम भगदड़ मच गई। तमाम कैदियों को एक दम बैरक में बन्द कर दिया। हम सब हैरान हो गए कि क्या हो गया। कुछ पता न चल सका। दो घंटे बाद तमाम बैरकें खुल गई। बिल्कुल शांति दिखाई दी जैसे कुछ हुआ ही नहीं। पूछने पर पता चला, एक कैदी जो दूसरे कैदियों के साथ बाहिर लकड़ियां लेने गया था, भाग गया था। वो उड़ी का रहने वाला था और चार महीने की सज़ा काट रहा था जिसमे से वो एक महीना काट चुका था। भाग तो गया पर उसकी किस्मत में बाहिर की हवा नहीं लिखी थी। जेल की वर्दी होने की वजह से पुलिस के हाथों पकड़ा गया और फिर जेल में लाया गया और आते ही उसको संगीन कोठरी में बन्द कर दिया। दोपहर को सब इंस्पेक्टर अमीर अहमदउल्ला बड़ा सा टोप पहने साहिब बना जो कुछ दिन बनिहाल में भी रहा था, सिपाहियों को साथ ले जेल में आया। यह आदमी दुनिया भर का झूठा और बेइमान, एक कोने में जेल की दीवार का माप लेने लगा। जेल वाले सिपाहियों ने लिखवाया कि जो कैदी भाग गया था, वो इस दीवार से होकर बाहर कूदा। यह बात अक्ल से परे दिखाई देती है कि एक मामूली कैदी इस दीवार को कैसे फाँद सकता है। यदि यह ड्रामा न किया जाता तो जेल वालों पर यह जुर्म आता था कि कैदी को बिना हथकड़ी और बेड़ी लगाए फाटक के बाहर क्यों जाने दिया। पुलिस यह झूठे बयान ले चली गई। 23 जून, आज का दिन भारत वर्ष और हिन्दुओं के लिए दुर्भाग्य पूर्ण गिना जाएगा। यदि आज का सूरज न ही निकलता तो अच्छा था। आज सारे सत्याग्रही कैदियों को संगीन कोठरियों से बाहिर लाया गया। 26 दिन के बाद इन लोगों ने रोशनी और हवा देखी। सबके चेहरे बड़े अजीब दिखाई दे रहे थे। ऐसा दिखाई देता था मानों पीले रंग की बेजान लाशें चल फिर रही थी। सबने एक ही बात बताई कि पैन्दा खाँ और मुहम्मद अली के हाथों कई–कई बार हमारी पिटाई होती रही। हमारा कसूर बस इतना ही था कि हमने कर्नल राम नाथ चोपड़ा के सामने जेल वालों की शिकायत, पानी न मिलने की शिकायत और डाक्टर अमरनाथ रैणा की शिकायत की थी कि बार–बार रोने चिल्लाने पर भी हमे दवाई देनी तो दूर ऊपर से हमारा खाना भी बन्द किया जाता था। पर जो लोग डाक्टर को कुछ घूस देते, उन्हें स्पैशल खुराक और दूध दिया जाता था। कर्नल चोपड़ा ने हैरान होकर पूछा, "घूस, वो कैसे"? हममें से एक ने कहा, यदि विश्वास न हो तो डाक्टर के घर तलाशी लेने पर आपको गजेह सिंह पोगल प्रस्तान वाले का गर्म कोट वहां मिलेगा। वो कोट लेकर डाक्टर ने कहा था, यदि यह कोट नया होता तो पूरा एक महीना दूध लगा देता। पर कोट पुराना था। इसलिए आपको दस रोज दूध मिलेगा। गजेह सिंह मान गया सो उसको दस रोज दूध मिलता रहा। ऐसी और भी कई शिकायतें कर्नल चोपड़ा के सामने रखी गईं। कर्नल तो चला गया पर शिकायत करने वाले, हम लोगों की, कईं–कईं रोज़ पिटाई होती रही। जो हमारे साथी संगीन कोठरियों से आए थे, उनमें एक हीरानगर के सत्याग्रही थे। उनसे हीरानगर गोली काण्ड जो उन्होंने अपनीं आँखों देखे थे, जाने। नाम तो मुझे उनका याद नहीं। जिस

कागज़ के टुकड़े पर उनका नाम लिखा था, वो फट जानें के कारण नाम भूल गया। मैं आपको फिर याद दिला दूं, मेरे पास न ही कोई कापी थी और न ही डायरी। सिगरेट की डिबिया या बाहिर घूमने से छोटे से छोटा पुर्जा भी मिलता, मैं उस पर लिखता और उन कागज़ों को कहाँ छुपाता, यह पर्दे में ही रहने दो। हाँ, उस सज्जन ने बताना शुरू किया कि दोपहर तीन बजे के बाद हीरानगर स्कूल के आहता में बख्शी गुलाम मुहम्मद, जो उन दिनो डिप्टी प्राइम मीनिस्टर था, गिरधारी लाल डोगरा, पंडित बलदेव चन्द D.C. कठुआ और सहदेव सिंह तहसीलदार और बहुत से अधिकारी बैठे प्रजा परिषद् के चल रहे आंदोलन को कैसे दबाया जाए, इस पर विचार कर रहे थे। इतने में चारों ओर से प्रजा–परिषद् जिन्दाबाद के नारे लगाता जलूस स्कूल की ओर बढ़ता आया। अभी जलूस सौ गज परे था कि डी. सी. ने जलूस पर पुलिस वालों को टियर गैस चलाने के लिए आर्डर दिया। टियर गैस के गोले छोड़े जाने लगे। पर लोगों पर इसका कोई असर न हुआ। टियर गैस से लोग अच्छी तरह परिचित हो चुके थे। उनके हाथ में नमक और पानी की बाल्टियां थी। हर एक के पास एक–एक तौलिया था जिससे उस गैस की तुर्शी को रोका जा सकता था। जलूस आगे ही आगे बढ़ता चला गया। पुलिस ने बिना किसी चेतावनी के गोली चलानी शुरू कर दी। दो आदमी वहाँ उसी समय मर गए। दर्जनों घायल हो गए। लोग भाग–भाग कर घरों में छिप गए। सारे शहर में कोहराम मच गया। शाम सिर पे आ गई। एकदम कर्फ्यू लगा दिया और ऐलान कर दिया, जो भी बाहिर दिखाई देगा, गोलियों से भून दिया जाएगा। कोई घर से बाहिर न निकल सका। लाशें वहीं पड़ी रहीं। सरकारी आदमियों ने अच्छा समय जान रात नौ बजे वहां से लाशों को उठा ट्रक पर डाल कहीं ले गए और खून जो ज़मीन पर बिखरा था, उसको पानी डाल–डाल कर साफ किया जिससे कोई निशान न रह सके कि यहां कोई मृत्यु भी हुई है। लाशें ट्रक पर डाल हीरानगर से चौदह मील के फांसले पर कालीबड़ी जो कठुआ से दो मील के अन्तर पर है, ले गए। वहां लकड़ी के टाल से यह कहकर कि मिलिट्री कैम्प में फौजियों के खाना बनाने के लिए लकड़ी चाहिए, खरीद ली। वहां से लखनपुर जाकर एक पैट्रोल पंप से दो गैलन पैट्रोल खरीद लिया और बसोहली रोड पर दूर घने जंगल में लाशों को लकड़ियों पर रख पेट्रोल छिड़क आग लगा दी। रात के बारह बज चुके थे। यह सब काम इंस्पेक्टर अजीत सिंह और कॉपरेटिव इंस्पेक्टर पंडित तारामणी, हीरा नगर वाले और बारह सिपाहियों ने किया। सारे दिन की दौड़ धूप और भूखे प्यासे इन लोगों ने साढ़े–तीन मील के फांसले पर थाना बसन्तपुर के हैडकान्सटेबल बख्शी देशराज और तीन सिपाहियों की ड्यूटी लगाई कि जब तक ये लाशें पूरी तरह जल न जाएं, उनकी राख वगैरा मिटा, साफ कर दें। वापिस न जाएं और खुद वापिस चले गए। पैट्रोल की आग एकदम भड़क उठी। थोड़ी देर बाद बसन्तपुर थाना के सिपाही बख्शी और देशराज ने सोचा कि आग भड़क उठी है। कौन इस सर्दी और इस भयानक जंगल में सारी रात बैठा रहे। सूरज निकलने से पहले आकर यह निशान साफ कर देंगे, तब तक लाशें भी जल चुकी होंगी। उस वक्त महीना दिसम्बर चल रहा था। ऐसा विचार कर वो भी वापिस चले गए। पर ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। कुदरत इस जालिम हुकूमत और उनके अफसरों को नंगा

करने पर तुली बैठी थी। उनके जाने के कुछ देर बाद एक तरफ से चिता की लकड़ियां खिसक गई। लाशें चिता से गिर गई। उनके जिस्म के कुछ हिस्से और कपड़े जल गए थे। उधर जब रात दस बजे पुलिस की सख्ती कम हुई तो कुछ नौजवान लाशों को उठाने स्कूल गए पर वहां लाशें न मिली। किसी तरह यह पता चल गया कि पुलिस वाले दोनों लाशों को ट्रक पर डाल हाइवे रोड की तरफ गए हैं। एक नौजवान हाथ में लाठी लेकर एक पहाड़ी गद्दी का भेस बना, ईश्वर का नाम ले लाशों की तलाश में चल पड़ा। बाकी साथियों को साथ लेकर चलने में खतरा था क्योंकि पुलिस शिकारी कुत्तों की तरह हर तरफ फिर रही थी। वो शेरदिल नौजवान गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर के एक गाने के आधार पर, "यदि तेरी आवाज सुनकर कोई नहीं आता तो अकेला चला जा" सिर हथेली पर रख और सख्त अंधेरी रात और कड़ाके की सर्दी में वो आगे ही आगे बढ़ता चला गया। काली बड़ी पहुंचने पर पता लगा कि पुलिस का ट्रक टाल से लकड़ियाँ लेकर लखनपुर की ओर गया है। वो सड़क से थोड़ा हट के चलता–चलता लखनपुर पहुँच गया। फिर उसको पता लगा कि पुलिस वाला ट्रक पैट्रोल पंप से दो गैलन पैट्रोल भरवा बसोहली रोड पर गया है। वो भी उसी तरफ चलता गया। रात तकरीबन तीन बजे गाँव उना के पास उसको जंगल से आती एक ट्रक की रोशनी दिखाई दी। वो झट झाड़ियों में छिप गया। जब ट्रक पास से गुजर गया तो वो पहले से दुगनी रफ्तार से जिधर से ट्रक आया था, दौड़ने लगा। सारी रात चलने पर उसको ट्रक के टायरों के निशान एक जंगल की तरफ जाते दिखाई दिए। वो उधर ही गया। वो जगह जहां लाशों को जलाने की कोशिश की थी, ढूंढ़ने में सफल हो गया। उसने देखा, लकड़ियाँ सारी जल चुकी हैं पर लाशें अधजली हालत में एक तरफ पड़ी हैं। उसने बारी–बारी दोनो लाशों को कन्धे पर उठा दूर झाड़ियों में छिपा दिया। अभी सूरज निकलने में कुछ देर बाकी थी, वो दरया रावी जिसमे सर्दियों मे पानी कम होता है, से निकल भागकर शाहपुरकंडी गया। वहां से दो खाली बोरियां और छः नौजवानो को साथ लाया। लाशें बोरियों मे भर दरया के रास्ते शाहपुरकंडी से होते हुए भारत मे प्रवेश किया और पठानकोट के रास्ते दिल्ली पहुँचाई गई। भारत मे कोहराम मच गया। इन बापू के नाम लेने वालों को नंगा कर दिया। शेख हुकूमत के जुल्म और डोगरा वीरों की शहादत देख हिमालय से कन्याकुमारी तक भारत गूँज उठा। जगह–जगह जलसे हुए, हड़तालें हुई। पार्लियामेंट के सामने उन लाशों को लाखों लोगों ने देखा। पंडित नेहरू का सिंहासन डोल उठा। उन लाशों को फिर वापिस लाकर हीरानगर उसी स्कूल के आहता में इज्जत और मान से संस्कार किया गया। उनकी राख को हज़ारों लोगों ने शत–शत प्रणाम कर सिर पर धारण किया। हज़ारों स्त्री–पुरुश ज़ोर–ज़ोर से रो रहे थे और खून के आँसू बहा रहे थे। जमीं रो रही थी, आसमाँ रो रहा था पर शैतान दूर खड़ा हसँ रहा था और साथ ही साथ काँप भी रहा था। लाशों को कन्धों पर उठा भारत में पहुँचाने वाला कौन था और वो शहीद कौन थे, अगले अध्याय में लिखूंगा।

बीस

हीरानगर स्कूल में उन शहीदों की लाशों का संस्कार किया जा रहा था। हज़ारों स्त्री–पुरुष रो रहे थे और इस ज़ालिम और खूनी हुकूमत को कोस रहे थे। मरने वालों में एक भिकम सिंह और दूसरा नौजवान बिहारी लाल था जिसकी शादी अभी दो महीनें पहले हुई थी। 21 साल की उमर का था। उसकी नई ब्याही गई धर्म पत्नी जिसकी सुहाग की मेंहदी का रंग भी फीका नहीं हुआ था, इन ज़ालिमों ने मेंहदी की जगह खून रंग दिया। सुहाग का चूड़ा तोड़ दिया। माथे की बिंदिया और मांग का सिन्दूर मिटा दिया। दोनो की शहादत से मुल्क मे अमन का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार खूनी और ज़ालिम है, यह दुनिया को पता लग गया। सिर हथेली पर रख मौत के भयानक फरिश्ते को नीचा दिखाने वाला न ही अलाउद्दीन के चिराग का जिन्न और न ही अल्फलैला का दानव था बल्कि मेरी और आपकी तरह एक साधारण मानव था। तहसील बसोहली का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्त्ता द्वारिका नाथ था, जिसको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने बहुत यत्न किए पर गिरफ्तार न कर सकी। अभी यह गम से भरी दास्तान सुनी ही जा रही थी कि एक सिपाही ने आकर कहा, आज सारी हिन्दू कौम यतीम हो गई। आप लोगों का सबसे बड़ा हितैशी इस दुनिया में नही रहा। डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी आज 22 / 23 जून की मध्य रात तीन बजकर 45 मिनट पर स्वर्ग सिधार गए। यह सुनते ही सारी जेल में चींख पुकार मच गई। तमाम सत्याग्रही दहाड़ें मार–मार रोने लगे। हर एक यही कह रहा था कि डाक्टर साहब मरे नहीं, मारे गए हैं। शेख ने अपने रास्ते के सबसे बड़े कांटे को निकाल फैंका। इतने मे चीफ आया, उसने सुनाया, एक स्पैशल हवाई जहाज़ डाक्टर जी की लाश को कलकत्ता ले गया है। उनके साथ श्री टेक चन्द, पंडित गुरुदत और पंडित प्रेमनाथ डोगरा भी गए हैं। पहले दिल्ली जाएंगे फिर कलकत्ता यहां डाक्टर साहिब की बूढ़ी माँ बेटे के इन्तज़ार में बैठी है। वहां जाएंगे। आज हम सब को खाना–पीना भूल गया। सिवाय रोने के और कोई बात सूझ नहीं रही थी। शाम के समय जो कैदी अदालत में पेशी पर गए थे, उन्होंने आकर बताया कि आज अमीराकदल, महाराजा बाजार और लालचौंक मे तमाम कश्मीरी पंडितों की दुकाने बन्द थी। सरकारी आदमियों ने ज़ोर से हड़ताल खुलवाने की कोशिश की पर दुकाने न खुलवाई जा सकी। डाक्टर साहिब बंगाल के ही नहीं, सारे भारत वर्ष के अंग बन गए। डाक्टर जी का नाम उन चन्द लोगो में लिया जाएगा जिनकी कीर्त्ति अमर है। डाक्टर जी आज भी करोड़ों दिलों में जीवित हैं। सामने हरि पर्वत किला पर हलवाला झण्डा लहरा रहा है। बाद मे पता लगा कि डाक्टर जी की मृत्यु की खबर जान भारत वर्ष मे सब सरकारी कार्यालयों मे लगे झण्डे झुका दिए गए हैं। सरकारी दफ्तर, स्कूल, कॉलेज बन्द हो गए। आज सारा दिन और रात न किसी ने खाना खाया, न पानी पिया। 24 जून, आज सवेरे सारी बैरकों के सत्याग्रही इकट्ठे हुए और पानी की टंकी के पास जाकर डाक्टर साहिब को श्रद्धांजलि दी। उनकी आत्मा की शांति और सद्गति के लिए प्रार्थना की। अभी पाँच मिनट हुए होंगे, कि डिप्टी जेलर आया और बोला, इकट्ठे

होकर क्या साज़िश कर रहे हो। सब चलो अपनी–अपनी बैरक मे। सब लोग गुस्से मे भड़क उठे पर अपनी–अपनी बैरक मे चले गए। यही कश्मीरी डिप्टी है जो कल शाम खुश हो कर तमाम मुसलमान कैदियों को मुबारक दे मिठाई बाँट रहा था और हाथ मिला–मिला कर कह रहा था, बड़ी मुश्किल से डोगरा साम्राज्य से स्वतंत्र हुए थे, यह ना मालूम कहाँ से फिर हमे अपने अधीन करने आ गया था। 25 जून, आज "खिदमत समाचार पत्र" मे पढ़ा कि डाक्टर जी की लाश को कलकत्ता हवाई अड्डे से उनके घर तक लाखों लोगो ने पुष्प वर्षा करते पहुँचाई और उस दिव्य आत्मा के दर्शन किए। उनके रस्म अंतिम संस्कार मे मानो पुरा कलकत्ता शामिल हुआ। दूसरी तरफ सरकार ने बयान दिया कि डाक्टर जी काफी दिनो से बीमार थे। बड़े से बड़े डाक्टर ने उनका उपचार किया पर वह बचाए नहीं जा सके। आज शाम मुहम्मद हुसैन अली अकबर और मन्ना खाँ पठान कैदी डाक्टर जी की मौत का अफसोस करने हमारी बैरक मे आए। मगर दूसरी तरफ बहुत से कश्मीरी हँसते और खासकर डिप्टी जेलर खुशी से फूला नहीं समा रहा था। आज रात बनारसी दास बिशनाह वाला और हंसराज अखनूर वाला दोनो बहुत बीमार हो गए। आवाज़ें दे, सिपाही को बुलाया और डाक्टर को लाने के लिए कहा। सिपाही ने आकर कहा, डाक्टर कहता है कल सवेरे आऊँगा। सारी रात कैसे गुजरी, वो ईश्वर ही जानता है। दूसरे दिन, आज 26 जून, डाक्टर आया और बोला, कौन है आपकी बैरक मे बीमार? पर किसी ने उसकी बात का जवाब नहीं दिया। उससे बोलना भी पाप समझा। जब उसने बार–बार पूछा, कौन रात को बीमार था तो बैरक मे एकदम कई आवाज़ें आई, हम तुम्हारी शक्ल भी देखना पाप समझते हैं। तुम खूनी हो। कातिल हो। तुमने डाक्टर जी जैसी हस्ती को मार दिया। हम लोग क्या चीज़ हैं। तुम डाक्टर नहीं, खूनी दरींदे हो। जाओ, भाग जाओ। कहीं ऐसा न हो कि जो ज्वाला हमारे अन्दर भड़क रही है, कहीं फटकर बाहिर आकर तुम्हें जला दे। डाक्टर फौरन बैरक से भाग गया। बारी–बारी सब बैरकों मे गया पर किसी ने भी उसके साथ मुहँ नहीं लगाया। क्योंकि वह ही डाक्टर मुखर्जी का ईलाज कर रहा था। उसके बाद किसी ने उसको जेल मे नहीं देखा। यां तो वो स्वयं नौकरी छोड़ भाग गया यां शेख हुकूमत ने उसको डाक्टर जी का कत्ल करने के बदले लाखों रूपया ईनाम दे कहीं भेज दिया। किसी को कुछ पता नहीं। 29 जून, समाचार पत्र खिदमत––ने शेख का बयान छापा। लिखा था, जनसंघ, हिन्दू–महासभा, राम राज्य परिषद् ज़ोर से हमे हिन्द के साथ मिला मुखर्जी की मौत का बदला लेना चाहते हैं।

2 जुलाई हम लोगों की फटकार सुन जब डाक्टर रैना को जेल मे किसी ने नहीं देखा। उसकी जगह एक नया डाक्टर आया। उसने हर बैरक मे हर बीमार को अच्छी तरह देखा उस को दवाई दी और हर एक बीमार को जो खुराक चाहिए थी देने का आदेश दिया। हम सब हैरान होकर डाक्टर का मुँह देखने लगे। हमारी तरफ देख डाक्टर बोला, "आप हैरान क्यों हैं क्या मैं कोई गलती कर रहा हूँ।" मैने कहा डाक्टर साहब हम लोग आप के ढंग

को देख कर हैरान हो रहे हैं बोला इस से पहले यहां कोई और ढंग होता था मैने कहा डाक्टर साहब दूध, अण्डे, ब्रैड यां मक्खन तो एक तरफ हमे रोटी के बदले चावल, चावल के बदले रोटी मांगने पर भी पैंदाखाँ के डण्डे और गालियां खाने को मिलती थी इसी कारण हम हैरान हैं डाक्टर वाला मैने रजिस्टर देखा पचास एक बीमारों के नाम अण्डे, दूध, मक्खन आदि दर्ज हैं इस से जांच पड़ता है कि वो सब का सब यां तो डाक्टर की जेब मे जाता था यां इसमे और भी कोई हिस्सेदार है। आप विश्वास रखें इसके पहले जो कुछ होता था अब नहीं होगा। हर बीमार को जो चीज़ उसे चाहिए मिला करेगी।

5 जुलाई आज शाम पाँच बजे श्रीनगर पोलिटीक्ल कान्फ्रैंस के कुछ कैदी जेल मे लाए गए। वे खुले हर बैरक मे घूम रहे थे न कोई संगीन और न उन पर कोई दबाव। ऐसा जान पड़ता वो जेल मे नही किसी रिश्तेदार के बंगले पर घूमने आये हों। एक दिन हम भी इसी जेल मे आये थे। गालियां, लाठिया तो एक तरफ एक–एक महीना एक दूसरे का मुहँ देखने को नहीं मिलता था जब संगीन कोठरियों से हमे बाहर लाया जाता तो हर एक का चेहरा बिगड़ा हुआ होता था पहचानने मे भी मुश्किल होती थी पर अब चंद दिनो से जेल वाले हमारे साथ नर्मी बरत रहे हैं। आज रात ग्यारह बजे जेल से बाहर ज़ोरदार नारों और फायरों की आवाज़ें आने लगी। सिपाही लोगों से पता लगा कि पोलिटीक्ल कान्फ्रैंस वालों का आन्दोलन बड़े जोरों से शुरू हो गया है। इस से विश्वास होने लगा यह सब शेख की मर्जी से हो रहा है। यह बातें हो ही रही थीं कि साथ वाली बैरक न. 2 मे एक दम शोर मच गया सब के रोने और चिल्लाने की आवाज़ें आने लगीं सिपाही लोगों ने दौड़कर बैरक न. 2 खोली तो देखा तमाम कैदी घबराये आँखें पथराई किसी मे बोलने की हिम्मत नहीं थी थोड़ी देर बाद उन लोगों को होश आई तो उन्होंने कहा एक बहुत भयानक किस्म का साया हम सब ने देखा। हम सब डर के मारे बेहोश हो गये। उस बैरक मे रघुनाथ सिंह साम्बेवाला, रूद्रमनी और नागरमल, पशौरीलाल, चरणदास तहसील आर. एस. पुरा वाले, अत्तर सिंह धनी राम साम्बे वालों के साथ–साथ पाँच छः मुसलमान कैदी भी थे। सब ने कहा हम सब ने देव जैसा डरावनी शक्ल का एक साया देखा और सब रोने चिल्लाने लगे। सारी रात उस बैरक मे कोई सो न सका। आज समाचार पत्र खिदमत मे शेख ने जो तकरीर मजाहिद मंजल मे की थी उस मे कहा गया था कि हम ने हिन्द के साथ दो बातों मे नाता जोड़ा बाकी हम हर तरह स्वतन्त्र हैं। हिन्द को कोई हम नहीं हमारे स्वतन्त्रता मे दखल दे यदि हिन्द की किसी ताकत ने हम पर जवर (जोर जबरदस्ती) करने की कोशिश की तो जो हिन्द के साथ हमारा फैंसला हुआ है। उसको तोड़ने का दोष उन के सिर पर है।

7 जुलाई महेशचन्द्र जो बहुत दिनो से बीमार होकर श्रीनगर शहर के अस्पताल मे था ठीक हो वापिस आया उस से पता चला जिस अस्पताल मे मुझे रखा गया था। उसी मे डाक्टर मुखर्जी जी को भी रखा गया था

बिल्कुल लापरवाही की तरह कोई पूछने वाला भी नही कई बार खिदमतदारों से पता चलता था कि डाक्टर साहिब सारी सारी रात दर्द से चिल्लाते रहते थे उन की बीमारी की खबर न तो भारत सरकार को और न ही, उन के घर वालों को दी गई। एक नर्स कभी–कभी डाक्टर साहिब के कमरे मे जाती थी जो कहा करती थी डाक्टर साहिब इतनी बड़ी हस्ती को अस्पताल मे बिल्कुल बिना इलाज और लापरवाही से रखा गया है।

8 जुलाई आज मेरा छोटा भाई कुंदन लाल जो फौज मे नौकर है। मुझ से मिलने आया फाटक के बाहिर डयोढ़ी मे बंदूकों के साये तले मुलाकात करवाई गई। उससे पता चला कि पंडित नेहरू की अपील पर आंदोलन बंद हो गया है आशा है कि थोड़े दिनो मे कैदी आज़ाद हो जाएंगे यह समाचार हमने आल इंडिया रेडियो पर सुना है। डयोढ़ी के अंदर कुक्कड़खाना मे ऋषि कुमार कोशल रियासी वाले, गोपाल दास सच्चर आफिस सैक्रिटरी और फकीरचंद कटरावाले को देखा। इशारों ही इशारों मे एक दूसरे का हाल पूछा।

9 जुलाई गर्मी आहिस्ता–आहिस्ता बढ़ती जा रही है नलके का पानी बंद है। हम दिन मे दो बार नहा लिया करते थे। शायद जेल वालों को हमारा नहाना पसंद नही आया क्योंकि कश्मीरियों को हम ने कभी नहाते हुए नही देखा है हो सकता है इस लिए पानी बंद कर दिया है। 13 जुलाई नलके का पानी कई दिनो से बंद है, रोटी के समय एक डिब्बा सुबह एक डिब्बा शाम पीने को मिल जाता था। आज शाम छः बजे डिप्टी जेलर ने आ कर कहा धारा तीन के कैदी अपने–अपने कम्बल उठा कर बाहर आ जाओ। हम सब अपने कम्बल उठा कर बाहर आ गए। सब के कम्बल, बाटी डिब्बा जमा कर के सिर्फ एक एक कम्बल देकर हमे जेल से बाहर ला बसों मे सवार कर रात 9 बजे श्रीनगर जेल से जम्मू लाया गया।

14 जुलाई सुबह आठ बजे जम्मू जेल आने पर हमे उतार कम्बल वापिस ले अपने घर जाने की छुट्टी दे दी। उस दिन एक सावन था फिर उस के तीन दिन बाद पंडित प्रेमनाथ डोगरा, दुर्गादास वर्मा कलकत्ता से मुखर्जी की अस्तियां लेकर जम्मू आए। शहर मे अस्तियों का जुलूस निकाला गया। जम्मू के इतिहास मे आज तक इतना बड़ा जलूस नहीं देखा। कुछ दिन बाद तमाम सत्याग्रही जेलों से बाहिर आ गए। शेख अब्दुल्ला हर रोज भारत के विरूद्ध प्रचार कर रहा है। कुछ दिनो बाद शेख को गिरफ्तार करके जेल मे भेजा गया। बख्शी गुलाम मुहम्मद को चीफ मनिस्टर बनाया गया। बख्शी के राज मे धारा 370 धीरे–धीरे घिसने लगी पर अभी तक पूरी नहीं घिसी जो एक विष धारा है।

Team Library & Documentation Department
BJP (J&K)

उनका जन्म 17.7.1927 को हुआ। वर्ष 1949 के आरंभ में रघुनाथ पुरा में वरिष्ठ प्रजा परिषद् नेताओं के संपर्क में आए। उन्होंने जम्मू में अपने रहने की जगह को छिपने के ठिकाने के रुप में इस्तेमाल किया। उन्हें हाथ से लिखे (cyclostyle) दिवार पोस्टर तैयार करने का काम दिया गया जिसे लोकवाणी और आकाशवाणी के नाम से जाना जाता था। उन्हें तीन बार गिरफ़्तार करके जेल में डाला गया परंतु 1949 के सत्याग्रह के दौरान उन्हें बुरी तरह पीटा गया तथा इसके पश्चात उन्हें डराने के लिए केन्द्रीय कारागृह, जम्मू में मौत की सज़ा पाने वाले कैदियों के लिए बनी एकांत कोठरी में रखा गया। उन्होंने लगभग 3 महीने तक भयावह परिस्थितियों को झेला। वर्ष 1949 के अक्तूबर महीने के आरंभ में आंदोलन के समाप्त होते ही वह रिहा कर दिए गए परंतु उन्हें अपनी सरकारी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। 1952–53 के आंदोलन में उन्हें प्रचार संबंधी कार्यों का गुप्त रुप में छः महीनों तक संचालन करने का जिम्मा सौंपा गया।

उन्हें तीन अन्य के साथ अपराधी घोषित किया गया। फरवरी 1953 में उन्हें अपने रहने, छिपने के ठिकाने से गिरफ़्तार करके जबरन योगी गेट श्मशान घाट की ओर पास के एक एकांत कमरे में रखा गया। उस समय की तत्काल पुलिस लाइन भी योगी गेट के समीप थी।

एक सप्ताह के पश्चात तीन अन्य लोगों के साथ उन्हें श्रीनगर जे जाने का प्रयास किया गया। परंतु संपादक सहित विभिन्न क्षमताओं पर कार्य किए पीठ पीछे हाथों के बाँधे जाने के बावजूद वह लगातार दो दिन श्रीनगर जाने का प्रतिरोध करते रहे।

श्री गोपाल सच्चर जी

उनका जन्म 17.7.1927 को हुआ। वर्ष 1949 के आरंभ में रघुनाथ पुरा में वरिष्ठ प्रजा परिषद् नेताओं के संपर्क में आए। उन्होंने जम्मू में अपने रहने की जगह को छिपने के ठिकाने के रुप में इस्तेमाल किया। उन्हें हाथ से लिखे (cyclostyle) दिवार पोस्टर तैयार करने का काम दिया गया जिसे लोकवाणी और आकाशवाणी के नाम से जाना जाता था। उन्हें तीन बार गिरफ़्तार करके जेल में डाला गया परंतु 1949 के सत्याग्रह के दौरान उन्हें बुरी तरह पीटा गया तथा इसके पश्चात उन्हें डराने के लिए केन्द्रीय कारागृह, जम्मू में मौत की सज़ा पाने वाले कैदियों के लिए बनी एकांत कोठरी में रखा गया। उन्होंने लगभग 3 महीने तक भयावह परिस्थितियों को झेला। वर्ष 1949 के अक्तूबर महीने के आरंभ में आंदोलन के समाप्त होते ही वह रिहा कर दिए गए परंतु उन्हें अपनी सरकारी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। 1952–53 के आंदोलन में उन्हें प्रचार संबंधी कार्यों का गुप्त रुप में छः महीनों तक संचालन करने का जिम्मा सौंपा गया।

उन्हें तीन अन्य के साथ अपराधी घोषित किया गया। फरवरी 1953 में उन्हें अपने रहने, छिपने के ठिकाने से गिरफ़्तार करके जबरन योगी गेट श्मशान घाट की ओर पास के एक एकांत कमरे में रखा गया। उस समय की तत्काल पुलिस लाइन भी योगी गेट के समीप थी।

एक सप्ताह के पश्चात तीन अन्य लोगों के साथ उन्हें श्रीनगर जे जाने का प्रयास किया गया। परंतु संपादक सहित विभिन्न क्षमताओं पर कार्य किए पीठ पीछे हाथों के बाँधे जाने के बावजूद वह लगातार दो दिन श्रीनगर जाने का प्रतिरोध करते रहे। डूकोटा जहाज के पाइलट ने इन खतरनाक सवारियों को श्रीनगर ले जाने से इंकार कर दिया। परिणामस्वरुप गुस्साए पुलिस वालों ने उन्हें गुम्मट गेट जम्मू के समीप स्थित पुलिस स्टेशन के गंदे लॉक–अप में बंद कर दिया। "युवा लड़का जहाज से नीचे कूद गया" इस अफ़वाह के फैल जाने के साथ ही लोग भारी मात्रा में उन्हें देखने के लिए एकत्रित होने लगे। कुछ घंटो के पश्चात् उन्हें इस पुलिस स्टेशन से निकालकर दोबारा लाइन के एकांत कमरे में डाल दिया गया जहाँ वह पहले से ही कैद कर रखे गए थे।

अप्रैल के तीसरे सप्ताह से सुरक्षा कर्मियों से लैस जीप में श्रीनगर को जाने वाले रास्तों के खुलने पर उन्हें श्रीनगर जेल ले जाया गया। उनके दोनों हाथों को बाँधे रखा और श्रीनगर पहुँचते ही उनके हाथों को कमर के पीछे बाँध दिया

श्री गोपाल सच्चर जी
123 ए. डी. गांधी नगर

Right from the student days, I was actively associated with the various social & political movements in the State of Jammu & Kashmir. Having actively involved in the PrajaParishad Movement of 1952-53 in Jammu and led the Students National Association (now A.B.V.P) , as General Secretary . It was during this period when I was on hunger strike for 34 days for establishing the superiority of the Indian flag and joined students' movement and jailed along with other leaders of Jan Sangh for eight months for participating in the agitation against the 'one country two Constitutions, two Heads and two Symbols' But it took 70 years to accomplish this mission finally on August 5", 2019 when this obnoxious Provision was removed from the Statute Books.

It is a courageous leap of Shri Narender Modi led dispensation at the Centre to rectify the seven decades old blooper of separate status of J&K under Article 370, This daring step would go a long way in the annals of the history. This article was not only ill conceived but against the basic principles of the constitution itself which provide for equal rights to all people of the country.

it was a strange situation that congress being a national level party is badly failing to have any Kashmir Policy and its top leaders were playing in contradictory tunes in accordance with their convenience.

Article 370 had led the State to many problems including radicalisation of Kashmir resulting in the slogans of secessionism and bloodshed to the extent of cleansing of minorities and woes of pain and sufferings to the common people.

Dr. Shyama Prasad Mukherji, a towering personality was a great nationalist having unflinching faith in the integrity of the country but unfortunately became the target of politicians having their own aggrandisements. Rein of terror and cruelties were let loose in the State against those who had launched satyagrah movement with his slogans viz. "Ek Desh Mein Do Vidhan, Do Nishan, Do Pradhan Nahin Challenge," the police had gun down as many as fifteen youths at different places while hoisting the Indian tricolor and thousands others were arrested to face horrible situation, Dr. Mukherji being the opposition leader of the country

**PROF.
CHAMAN LAL GUPTA**

wanted to see that what was all happening but was arrested in controversial circumstances by the police of State at Ravi bridge on May 11, 1953, and taken to Srinagar in a jeep after travelling at night.

Dr. Mukherji and his colleagues were charged for entering the State of J&K without permit, which was like that of visa prevailing in those days.

During detention at Srinagar on the night of 22/23 June, 1953, Dr. Mukherji expired in circumstances shrouded in mystery. Because of the martyrdom of Dr. Mukherji and sacrifices of many other patriots led by Pt. Prem Nath Dogra, the Permit system was abolished and several other walls of separatism were demolished but the roots of many complex problems i.e. Article 370 still persisted.

Thousand poor families of refugees from theocratic State of Pakistan who had entered in the border areas of Jammu in most painful conditions in 1947 have been denied the citizenship rights of the State because of the State having a discriminatory status under Article 370. Although they can vote for Lok Sabha Polls. Article 370 was a thorn in the body and polity of the democratic India. This obnoxious provision remained in the statute book for seven decades before its historical abrogation on August 5" 2019.

Misnomers are being spread by elements infected by communal virus or trying to create a wedge between the people of different areas and communities that in the absence of Article 370 and that of 35-A the people from outside the State would come here and occupy their lands as also the business. In the first instance everybody is the master of each part of the country and under the constitution enjoys equal rights.. As far as the apprehensions are being spread, in the first instance, who would prefer to be in the troubled part of the country as there is vast lands in the rest of India to buy and carry on their activities. Also if such people have not reached in Punjab or elsewhere to dominate the local, what would be the dire need for them to come to this State and dominate the locals.

Even if, foreign investment is being invited by the Government for industrial growth and trade activities there is no reason to create fear to mislead the people of the State, without which the State has already come to be most backward resulting in unemployment and being convened into a consumer State. Which is dangerous for any economic growth.

Now, when Article 370 has been repealed, it is heartening that efforts are being made to honour the participants of Praja Parishad Movement to remember the past but still bigger functions are required to recall the struggle that was against the Article 370.

Prof. Chaman Lal Gupta
Former Union Minister of State for Defence
Resi. : 38A/B IInd Ext., Gandhi Nagar, Jammu

Rishi Kumar Koushal was born on September 5, 1926 in Reasi town of Reasi district. His father Master Ramdass Lakhanpal was a social activist and worked for the welfare of his people with support from Koushal's mother Uma Devi. Rishi Kumar Koushal's grandmother Rajhan Devi was also politically active before the independence. Politics and social work ran in the blood of Koushal and all other family members.

Left home at the age of 15 (i.e. 1941) and joined RSS in Jammu.

He was one of the towering personalities of Jammu and who fought for the cause of his people throughout his life. Before his political career, he served the RSS for about 8 years and held prestigious positions in the organization.

He was closely associated with provincial and local Sanatan Dharam Sabha activities and was a staunch supporter of "Bhartiyata" preached by Swami Vivekananda and Dr. Syama Prasad Mookerjee. He was also imprisoned nine times for two and a half years in connection with Praja Parishad and Jan Sangh's political activism in the State.

Sheikh Abdullah never liked this personally and decided to take revenge by declaring Reasi (earlier the largest district of J&K) a Tehsil under Udhampur

RISHI KUMAR KOUSHAL

district. Koushal and the people of Reasi relented and eventually started a 91 days agitation on the ground against the government. He also pledged that he won't cut his hair and beard until Reasi's district status is restored.

Another interesting fact which only a few know is that Koushal had pledged to himself and his wife that he will sleep on the ground till the time J&K's Prime Minister position was not changed back to Chief Minister.

They all opposed article 370, by stating that a single country cannot have two constitutions, two prime ministers, two flags and national emblems.

Late Rishi Kumar Koushal was first time elected to the Legislative Assembly in the year 1962 and re-elected consecutively as such in 1972 and 1977 from Reasi Constituency as a BJS Candidate. He was the first one to win a legislative assembly election from Reasi. The veteran leader had a distinguished political career and was known as the true leader of the masses. He not only worked for his Constituency but was known for extending his helping hand besides using his good offices for the redressal of grievances faced by the common man. He always adopted the human approach rather than political considerations while working for the people. He also worked in rehabilitating and providing relief to the up-rooted people of Rajouri and Reasi Tehsils.

The services rendered by the late leader for the cause of his Constituency in particular and State, in general, will always be remembered by the generation to come.

While abrogation of article 370 was his dream-like many other senior leaders.

Sd/
Raman Koushal (Son)

श्रीमान विजय भूषण सुपुत्र (श्रीमति दर्शना देवी जी)ने बताया कि जब प्रजा परिषद् आन्दोलन चल रहा था तो वह बहुत छोटे थे । उन्होंने बताया कि आन्दोलन के दौरान उनके पिता जी स्वर्गीय सोभा राम जी जम्मू शहर में रहते थे। स्वयंसेवक परिवार होने के कारण परिवार की परवरिश में राष्ट्रवादी विचारों के प्रभाव के चलते उनकी माता जी ने प्रजा परिषद् के आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि माता जी बताती थीं कि जब प्रेड ग्राउँड जम्मू में रैली के दौरान पुलिस की बर्बरता चरम पर थी, जब पुलिस ने लाठी चलाई तो बहुत सी माताओं, बहनों व भाईयों को गंभीर चोटें आईं । वहीं भगदड़ के दौरान उनकी माता जी को भी हल्की चोटें आईं,और भगदड़ में उनकीं चप्पलें वहीं छूट गई । आज जो हम 370 के हटने की सुखद अनुभूति कर रहे हैं यह सब उन वीरों व वीरांगनाओं के त्याग ,तप,व बलिदान के ही कारण है । हम यही कामना करते हैं कि ऐसी ही वीरता व राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध हमारी आने वाली पीढ़ियों में भी विद्यमान रहे ।

Sd/
Tribhuvan

श्रीमति दर्शना देवी जी

Late Suraj Prakash Kapoor, was a diehard activist of Praja Parishad and later on Bharatiya Jan Sangh and Bharatiya Movement of 1952-1953. His mother-in-law, popularly known as Reasi wali Mata Ji was leader of ladies wing and his brother-in-law Sh Ved Mittar Gandotra was a leader of SNA (Student National Association). Dr. Nand Lal Kapoor Grandfather of Sh Suraj Prakash Kapoor was brought to Jammu from Wazirabad Pakistan by His Highness Maharaja Hari Singh to serve the people of Jammu before the partition of country. Sh Suraj Prakash Kapoor, before partition, was serving at Karachi (Pakistan) in Burma Shell Oil co. of British India. He was forced to return to India in those days of massacre. He joined ordinance Department of Army & served at Satwari Jammu for few years and later on at Udhampur. A thorough honest & hard worker with qualities of discipline, writing skills and physical maintenance. He always earned appreciation from Army officials.

LATE SURAJ PRAKASH KAPOOR

Lt Sh Suraj Prakash Kapoor, whose home was centre of Praja Parishad activists was picked and airlifted to Srinagar along with Lt Sh Rishi Kumar Koushal. Both were kept in solitary confinement in barracks of 8'x8'. They were given chapattis of sandy floor. Sh Kapoor developed ulcer which troubled him whole of the life.

Abrogation of Article 370 and 35A is a tribute to those noble souls, who fought along with late Syama Prasad Mookherjee for the cause. It is a matter of great pride for us to be his son and daughter.

Sd/
Arvind Kapoor

Pt. Khushi Ram Padha was contemporary of Pt. Prem Nath Dogra, Sh. Rishi Kumar Koshal, Tilak Raj Sharma, Sh Badgotra Ji, Sh. Bhagwat Swaroop Ji, Th. Baldev Singh, Sheikh Abdul Rehman, Maj. Piara Singh, Brig. Ghansara Singh and many important personalities of his time. He was born in Dec. 1922 in a poor family at Basohli. He got education in a local Anglo-Vernacular School up to middle standard. Being revolutionary by nature he plunged into the state wide Praja Parishad agitation of 1953 for the abolition of permit system and for one constitution, one flag and one Prime Minister (Ek Nishan, Ek Pradhan aur Ek Vidhan) throughout the country. The state police cracked upon the agitators. In order to escape from the wrath of the police atrocities Khushi Ram Padha along with other agitators went underground. In order to escape from the brutal treatment of the police he remained underground for years. Lookout notices were issued to all the police stations, railway stations and other outlets to nab them wherever they are noticed. During his exilation he escaped many assaults on his life. During his absence from the home the business of his forefathers was destroyed with the result whole family came on the road.

The incident of 1962 is worth mentioning here when his genius and inquisitive nature made him successful in unveiling the mischievous plans of National Conference before the country. After a thorough checking of the ballot boxes before the elections he noticed a concealed lever by which one could transfer the ballots from one box to other comfortably. The news spread like wild fire throughout the state and country. Many assaults were made upon his life during his journey from Basohli to Jammu where he was to demonstrate the trick before the then PM and Sadar-e-Riyasat of Jammu and Kashmir. He was awarded silver medals by the president of Akhil Bharatiya Jan Sangh in 1962-63 for his sincere and exemplary services for the party.

It is better to be late than never, the grateful people have appreciated the wise and far sighted decision of the Jammu unit of BJP which has taken the initiative to remember those leaders of Praja Parishad who had to bear the brunt of atrocities of the ruling parties INC and NC who meted out stepmotherly treatment to the family members of Praja Parishad. There was a time when the government employment was denied to the members of Praja Parishad families. Remembering those on whose corpses the entire structure of the BJP stands today is laudable step of the Jammu unit of BJP. No political party howsoever strong can survive without remembering its founders; because they are the true guiding spirits for the political parties to flourish otherwise the parties will have to pay the heavy price for this neglect.

S/d
Shiv Kumar Padha
(Basohli)

KHUSHI RAM PADHA
Activist of Praja Parishad (Basohli)

मैं अत्यन्त प्रसन्न हूँ क्योंकि बहुत लम्बे इन्तजार के बाद मेरे पति स्वर्गीय नैन चन्द का स्वप्न पूरा हुआ है। जीवनपर्यन्त एक विधान, एक निशान, एक संविधान के सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने अपने समाज और बिरादरी में बहुत सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पहले प्रजापरिषद, फिर जनसंघ और उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के एक सक्रिय निष्काम कार्यकर्त्ता के रूप में उनकी जो छवि समाज–बिरादरी में है उसके विषय में कुछ कहना अपनी प्रशंसा करने जैसा होगा। आज जब 370 धारा टूटी है यह देखकर वे कितने प्रसन्न होते। मैं उनकी खुशी बयां नहीं कर सकती। काश! आज वह (श्री नैन चन्द शर्मा) जीवित होते। दूसरी खुशी उन्हें भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत और सत्ता पर काबिज होने की होती। मेरे पति 370 के कट्टर विरोधी थे। 370 को वे हमेशा जवाहरलाल नेहरू की ग़लत नीतियों का नतीजा मानते थे। मुझे याद है चुनाव के दिनों में जनसंघ के लिए लोगों के साथ विचार आधारित जिरह करते कई बार पूरा–पूरा दिन बीत जाता था। बूढ़े जवान सबको जनसंघ के नेतृत्व की कहानियां उनकी काबलियत के बारे में बता–बता कर उन्हें अपनी तरफ कर लेते थे।

श्री नैन चन्द शर्मा
भौर कैम्प

श्री नैन चन्द जी हमेशा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के

बलिदान की चर्चा करते। शेख अब्दुल्ला और कांग्रेस को कोसते रहते। लेकिन अपनी पार्टी को मजबूत विपक्ष में देखकर खुश भी होते थे। अटल बिहारी वाजपेयी के भाषणों की चर्चा अपने बच्चों से भी करते। प्रो. चमन लाल गुप्ता, ओंकार सेठ जी, ठाकुर बलदेव सिंह, लाला शिवचरण जी के साथ उनकी बातचीत प्रायः होती थी। खासकर चुनाव के दिनों में ओंकार सेठ साहब और चमनलाल जी अक्सर घर आते और पार्टी के लिए घर–घर जाकर चुनाव प्रचार भी किया जाता था। उन दिनों गली–मुहल्ले में जुलूस निकलते थे। विपक्ष के लिए जोर–जोर से नारे लगते जिनका विषय विपक्ष की कमियां दर्शाना था। हमारे भौर कैम्प चट्ठा में श्री नैन चन्द शर्मा और शाह चेतराम दोनों ही जनसंघ यानि कि भारतीय जनता पार्टी के पैरोकार रहे हैं। कई बार पार्टी के लिए काम करते हुए इन दोनों का झगड़ा भी होता था किन्तु दूसरे ही दिन दोनों पार्टी के लिए प्रचार में जुट जाते थे। सरदार लियाकत सिंह भी इनके विचारों से प्रभावित थे। वे अक्सर हमारे घर बैठते थे। पार्टी के लिए उनकी प्रतिबद्धता इतनी थी कि आज भी कोई भी विपक्ष का नुमांइदा चुनाव के समय वोट मांगने मेरे घर नहीं आता। उनको स्थानीय कार्यकर्त्ता यह कह देते हैं कि यह तो बीजेपी वालों का घर है। यही नहीं पंचायत के चुनावों में भी यही सोच रही है। हमें आज तक किसी अन्य पार्टी के कार्यकर्त्ता या नेता ने वोट के लिए सम्पर्क नहीं किया। आज मुझे गर्व है कि मेरे पति श्री नैन चन्द जी की पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता को देखकर सभी मुहल्ले वाले, सभी कार्यकर्त्ता भाजपा की जीत और 370 के टूटने की मुबारक देने आए। आज सही मायने में उनकी आत्मा को शान्ति मिली है।

विद्या देवी
पत्नी स्वर्गीय श्री नैन चन्द शर्मा
भौर कैम्प, सतवारी, जम्मू

Joined the Praja Parishad "accidentally". According to him "it was 1953 when Gupta was 17 years old and was at Sunderbani for sometimes at his relatives. At Sunderbani Praja Parishad was protesting against the permit system and dual system of governance. The protest tried to unfurl the Tricolour on certain building and suddenly situation took ugly turn and police opened the fire on protestors in which three persons got killed. Those who were the martyrs of the incident were Ram Lal, Krishan Lal and Beli Ram. This incident shocked Kuldeep Raj Gupta and he became the part of the agitation. He was supplied with some posters to paste these at Rajouri and Gupta did the same during the evening. The Consequences of this was that with the dawn, officially introduced Shri Kuldeep Raj Gupta in Jan Sangh and was appointed as the President of Rajouri-Poonch district and later State Secretary.

He throughout his life worked for Jan Sangh & BJP and also enjoyed the power of Vice chairman Pahari Board of J&K.

Abrogation of Article 370, 35A is a tribute to those noble souls, who fought along with Dr. Syama Prasad Mukherjee for the cause.

KULDEEP RAJ GUPTA
Rajouri

Team Library & Documentation Department
BJP (J&K)

मैं बहुत खुशनसीब हूँ कि आपातकाल का काला दौर जब आया, तो मरी उम्र इतनी नहीं थी कि, मैं कुछ भी याद रख पाता। बमुश्किल डेढ–दो वर्ष रही होगी, मेरी बडी बहन भी लगभग चार वर्ष की थी, सो उसे भी कुछ याद हो मुश्किल है, हमारे स्वर्गीय पिता जी श्री ज्ञान चंद शर्मा को लगभग दो महीनें के लिए जेल यात्रा करनी पडी, माता जी बताती हैं कि वो समय बहुत कष्टकारक था, अधिकतर साथी या तो जेल में थे या भूमिगत किसी तरह कुछ नजदीकी रिश्तेदारों और परिवारिक मित्रों की कुछ आर्थिक सहायता से वो कष्टदायक समय भी कट गया। आज हमारा भरा पूरा खुशहाल परिवार है, पिता जी रणवीर समर्थ शाख के मुख्य शिक्षक थे। मैं भी सायंकालीन शाखा का गणशिक्षक था, राजनैतिक और संगठनात्मक तौर पर जम्मू में स्थिति कुछ विशेष अच्छी नहीं थी, स्वयंसेवको को संघी कहकर पुकारते थे लोग और कई बात तो इनसे जोडकर कुछ आपतिजनक शब्द कहकर ताने भी मारते थे, ज्योतिस्वरूप जी, इन्द्रेश जी, रविन्द्र जी (दिल्ली वाले) मुरलीधर जी, हंसराज जी, शमशेर जी, विनोद जी (राजौरी वाले) रमेश जी, पप्पा इत्यादि कुछ चुनिंदा नाम हैं, जिनके साथ 'वीर भवन' मे बैठकों को दौर चलता था, उस विपरीत समय में भी लक्ष्य एक ही था 'परमवैभव' जिसकी एक कडी आज धारा 370 समाप्त करके पूरी हुई है। आज स्वर्गीय पिता जी का आपातकाल के काले दौर की जेल यात्रा सार्थक सिद्ध हुई। किन्तु एक दुख भी है, आज जब समय वैसा विपरीत नही, बल्कि उल्टे साजगार है, राजनैतिक व संगठनात्मक धरातल दोनों पर, राज्य में भी और देश में भी, ऐसे मे कर्मठ कार्यकर्ता व स्वयंसेवको को कहीं हाशिये पर धकेल दिया गया है। समयचक्र है बदलता रहता है परन्तु इस बात की प्रसन्नता है कि इतने वर्षों बाद ही सही, भूले बिसरों को याद किया गया।

राज कुमार
विकरांत शर्मा

श्री ज्ञान चंद शर्मा
जम्मू

भारत का मुकुट कहलाया जाने वाला हमारा प्रांत जम्मू कश्मीर में न केवल भौतिक एवम् सांस्कृतिक विविधता है अपितु इसका इतिहास भी अपने आप में विलक्षण है। हमें आजादी भी तीन पड़ावो में मिली।

जहां पूरा भारत 15 अगस्त 1947 में पूर्ण आजादी का जश्न मना रहा था वहां हमारा यह इलाका केवल 'आजादी शब्द' के अर्थ को खोजने में लगा रहा।

हमारे प्रांत के कई महानुभाव है जिन्होंने इस आजादी शब्द का अर्थ अनेक कष्ट एवम बलिदान देकर आत्मसात् किया। 'साम्बा' क्षेत्र के कई गुमनाम नायक जो आज अतीत के पन्नों में कहीं खो गए हैं, उनके साहस धैर्य और वीरता को स्मरण करने का समय अब 5 अगस्त 2019 के अटल फैसले के बाद करना अनिवार्य हो गया है।

इन्ही आत्माओं की सोच की दूरदर्शिता और ओजस्विता के फलस्वरूव आज हम हर तरह से स्वतंत्रता का आनंद लेने में सक्षम हुए हैं। यह सभी महानुभाव 1943 में राष्ट्र स्वयंसेवक संघ के सदस्य थे। इन्होंने साम्बा क्षेत्र की आर.ऐस.ऐस शाखा को नए आयाम दिए और आजादी के संग्राम मे महान योगदान दिया।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के साहसिक निर्णय के परिणामस्वरूप हमारे इन नायकों के स्वपन पूरे हुए। सब तो नही परन्तु कुछ महानुभाव जिन्होंने आजादी का स्वप्न देखा और फिर बिना पूरा किए कही क्षितिज में खो गए, उनके नाम इस प्रकार हैं:—

हंसराज जी द्विवेदी, मुल्खराज जी वकील, नानक चंद जी, हंसराज जी दूबे, लक्ष्मी चंद जी शर्मा, छज्जु राम जी खजुरिया, सतपाल जी खजुरिया, स्वर्ण सिंह जी, चरणजीत लाल जी गुप्ता, शांति लाल जी गुप्ता, गुरूदत जी, नरेंन्द्र कुमार जी गुप्ता, सरदारी लाल जी गुप्ता, वेद अरोड़ा जी, मास्टर ध्यान सिंह जी, रछपाल सिंह जी, हंसराज जी गुप्ता, बोध राज जी, शाम जी डीलर, चरण दास जी, देवराज जी गुप्ता, पिताम्बर जी, शांति जी चून्ना, प्रेम जी पटाई, प्रेम जी चून्ना, कवि दुर्गा दास जी, बनारसी दास जी गुप्ता।

इससे हम अंदाजा लगा सकते है, आजादी के अभियान में हर जाति हर वर्ग और हर समुदाय के व्यक्ति ने सहयोग दिया। RSS के कर्मठ एवम् प्रखर स्वयंसेवको के रूप में इन कार्यकर्ताओं ने आजादी के बाद बंटवारे के संताप में भी आम जनता के कष्टों का निवारण करने में बढ़–चढ़ कर योगदान दिया। उदाहरण स्वरूप बंटवारे के दौरान साम्बा क्षेत्र में स्वयंसेवक जनता की मदद कर रहे थे तभी 35 जुलाहा नामक अमीर मुस्लिम व्यक्ति के घर से गोली चली जिसका एक छर्रा लक्ष्मी चंद जी को जा लगा।

ऐसे ही अनेक घाव इन संघ के स्वयंसेवकों ने बिना किसी स्वार्थ के झेले। 1952 के संघर्ष में इन्ही स्वयंसेवकों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के अभियान में भी पूर्ण सहयोग दिया। इन सब से परे 'बुआजानकु' जो भी हैं जिन्होने इस पूरे अभियान में नारी शक्ति का परिचय दिया।

श्री लक्ष्मी चन्द शर्मा

1947 से 1952 तक के गुमनाम नायक

रमणीक शर्मा

इनका जीवनकाल बहुत ही संघर्ष पूर्ण रहा यह बचपन से ही संघ को पूरी तरह समर्पित थे, सुबह 4 बजे उठकर गली में लोगों को आवज देते हुए साथ लेकर जाते हुए शाखा में जाना रहता था, फिर जीवन जीविका की तरफ। लेकिन बीच में काम छोड कर कच्ची छावनी में प0 प्रेम नाथ जी के बुलाने पर चले जाना आम बात थी। कोई फ्रिक नही थी काम की, घर में बच्चों की कोई इतनी आमदनी भी नहीं थी, फिर भी अपने देश की खातिर देश सेवा में तत्पर रहते थे। वो एक समय था जब किसी को ओहदो का लालच नहीं रहता था।

बस एक ही जुनून जम्मू से हो रहे भेदभाव को कैसे कम किया जा सकता है। कोई भी अधिवेशन, कोई भी जलसा हो हमेशा सबसे आगे रहते। देश प्रेम की कविताएं और गीत उनकी जुबां पर रहते ऐसी ऐसी कविताएं लिखते के सब विरोधी कांप जाते। आज मैं सबको बताना चाहती हूँ उनका नाम (तखल्स डब्बा) कैसे और किन हालातों में पार्टी ने उन्हे दिया एक बार पुलिस और जनसंघ के बीच पत्थर चल रहा था। विरोधी पार्टी जलसा नहीं करने दे रही थी। पुलिस ने आँसू गैस छोडी। कोई 3–4 फुट की दूरी से अपनी सेहत और लम्बाई का फायदा उठाते हुए आँसू गैस को लपक कर पकड लिया और डिब्बा पुलिस पर ही फेक दिया यह बात सारे जम्मू में फैल गई दूसरे दिन जलसे में कविता का शीर्षक रखा 'डिब्बा' आँसू गैस का इसी से उनका नाम (तखल्स) पडा डिब्बा। 1972 में उनको अधरंग हो गया। लेकिन ठीक होने में तीन साल लगे क्योंकि वो आराम नहीं करते थे। 1975 में आपातकालीन इमरजैंसी लगी कुछ देर छुपने के बाद फिर गिरफ़्तार हो गए। उस वक्त हम 3 बहनें कुवांरी थी और 3 छोटे–छोटे भाई भी थे, मुश्किल थी फिर भी हमे जो परिस्थितियाँ देश भक्ति ने सिखाई हम सब ने मिल कर काटीं हम एक समय खाना खा लेते पर हमने परिस्थितियों से हार नही मानीं। एक दिन स्कूल से आते हुए पुलिसवालों नें हमें टॉफी का लालच दिया बोले बताओं आपके पापा माँ कहाँ काम करते हैं, पार्टी के यानी के जनसंघ के लोग कहाँ छुपे हैं पर हम पुलिस को चकमा देकर भाग जाते। बहुत महत्वपूर्ण बात उनके जीवन के जब गुलाम महोम्मद वक्शी जम्मू के चीफ मनिस्टर बनें उन्होंने देवराज जी, अमरनाथ (पांडा) अमरनाथ (भौंका) जी को अपने पास बुलाया। इन को 3–3 गाडियों के परिमट देने का लालच, देवराज जी को शराब की दुकान के लाईसंस का लालच दिया बहुत बहकाने की कोशिश की पर अपने संगठन के साथ गद्धारी न करते हुए अपनी गरिमा अपने जमीर को न बचते हुए कागज के टूकडे टूकडे कर के वक्शी के मुँह पर मार कर वहाँ से चले आए।

कभी संगठन के साथ धोखा नहीं किया न ही अपने बच्चों को सिखाया। कसम दी खून की कि कभी भी इस संगठन को छोड कर ना जाने की। मैं अपने आप को बहुत गर्वित महसूस करती हुँ के उनकी बेटी हुँ मैं उनके नक्शे कदमों पर चल कर संगठन के साथ जुडी हूँ। निश्चलता से संगठन का काम कर रही हूँ।

वीना गुप्ता
जिला अध्यक्ष, जिला पश्चिम
जम्मू

श्री देवराज गुप्ता
(उर्फ डब्बा)

हमारी माँ दर्शना देवी जो कि एक ऐसी औरत थीं जो हमेशा अपने पति के नक्शे कदम पर चलीं, जबकी उनके पति श्री देव राज (डब्बा) देश पर सेवा के लिए समर्पित थे वह हमेशा जनसंघ के लिए काम करती हुई देखी गई। हम ने अपने बचपन में उन दिनों जब कोई औरत घर से नहीं निकलती थी, लोग हज़ारों बातें करते थे, लोगों की परवाह ना करते हुए कुछ महिलाओं को साथ ले कर जैसे प्रकाशो देवी, सोमा देवी, विनोदी शर्मा, सुहाग रानी, कैलाशो देवी, तारो देवी, इन सबको साथ लेकर आगे बढती गई कारवां बढता रहा। अपनें घर बच्चों की भी परवाह नहीं की। कौन से आन्दोलन, कौन सी जम्मू की जेल, थाना यहां पर उन्होने अपनी गिरफ़तारी नहीं दी।

इमरजैंसी के दौरान जेल गईं जब राम मन्दिर की कार सेवा के लिए निकलीं तो रास्ते में ही उन्हें गिरफ़तार कर लिया गया। जब कुछ दिन बाद छोड दिया तो छुपते छुपते अयोध्या पहुंची तो गोली उनकी बाजू को छूते हुए निकल गई। सारे जम्मू में शोर मच गया, दर्शना जी नहीं रहीं। सारा जम्मू उमड़ पडा हमारे घर पर, फिर 28 घन्टे बाद पता चाल वो ठीक हैं तो सारे कार्यकताओं ने राहत की साँस ली।

1975 की इमरजंसी के दौरान जेल में रहीं। 2005 में 70 साल की उम्र में कॉरपोरेशन का चुनाव लडा और अपने प्रतिद्वंदी को बहुत भारी मतों से हरा कर जीत हासिल की। अपने 5 साल के कार्यकाल में साफ छवि के साथ पूरा काम किया। अपनी विरासत को आगे बढाने के लिए मुझे चुना मुझे गर्व है मैं एक ऐसे परिवार से हूँ। मेरे माता पिता, चाचा, मामा, मासी, हमेशा देश के लिए समर्पित रहे।

श्रीमति दर्शना देवी गुप्ता

वीना गुप्ता
जिला अध्यक्ष, जिला पश्चिम
जम्मू

Smt Bhagwati Devi was a bold lady of strong will, who also stood for the social cause during her entire life. She followed the path of her husband late Sh Dina Nath Kalsotra, who stood for the upliftment of Harijans and weaker sections and came forward to dine with the most backward class called Mahasha, thus was also being titled as Dina Nath Mahasha though belonged to well of Mahajan family of Udhampur. Smt. Bhagwati Devi in association of Smt Durga Devi the mother of Lala Shiv Charan Gupta and Smt Paro Devi the mother of Photographer late Sh Om Prakash led the stir strongly during the period 1952-53 at Udhampur firmly launched under the leadership of Pt Prem Nath Dogra. The procession of ladies in thousands with slogans of Ek Nishan Ek Vidhan and Ek Pradhan was being carried in the lanes of Udhampur they also sat on constant Dharna in front of police station Udhampur in protest against the police torture of Jammu people involved in peaceful agitation demanding scrapping the permit system so enforced by the Sheikh Government.

Tarun Gupta
(Grandson)

BHAGWATI DEVI
(W/o Late Sh Dina Nath Kalsotra)

As collected from the diary of Chajju Ram Gharota the village Raipur Domana and surrounding villages Amb, Gharota, Kaink and Kadiyal led a great Praja Parishad Movement against the oppressive policies of the centre and state government i.e. special status to the J&K state and imposition of permit system for entry and exit from the state. Village Amb Gharota was the hub of the Praja Parishad activities. The movement was led by Sh Durga Dass Verma General Secretary and actively assisted by Vaidya Chajju Ram, Ganga Singh, Manga Ram Mahajan, Mahant Charan Ji Dass and others mentioned below.

VAIDYA CHAJJU RAM
(Gharota)

Ram Chand Mahajan, Dheru Ram, Bishan Dass Langeh, Prabhat Singh, Bodh Raj, Munshi Ram Brahman, Badri Singh, Baldev Singh Langeh, Durga Dass Langeh, Chajju Ram Banotra

<u>The main features of the agitation were as under:</u>

1. The agitation was led by everyone without any feeling of caste, creed and colour.

2. The police party consist of Punjab police,

Malaysia and J&K police raided the villages many times to apprehend the Praja Parishadi's. On one occasion raiding party fully equipped with lathies and weapons went to search the hideouts in order to suppress and apprehend the activists but they have to eat the humble-pie because of strong and stiff resentment and counter attack by the activists fully supported by the people of locality. With the result raiding party has/have to leave the place in helter/skelter in a hast by leaving their weapons and belongings which were later on collected by the people and presented to Police Thana authorities as a gift.

3. Sh Vaidya Chajju Ram was so daredevil that he brought the dead body of Shaheed Mela Ram from Chenab to Raipur Domana from their organised procession to Jammu. The procession was so huge and terrific that government was taken aback.

4. Sh Basant Singh Tyagi did a wonderful thing by moving to jail along with his family members as well as cattle's. He abnegated all his belongings even the close and went to jail by wearing Gandhi dhoti.

It is worthwhile to mention that the abrogation of Article 370 and 35A on 5th August 2019 by the BJP government is a real tribute to the warriors of Praja Parishad Movement.

SD/
Ravi Sharma
Gharota

In 1947, I came to Jammu from Mirpur (Pakistan occupied Kashmir) as a refugee. At that time, Jammu & Kashmir was ruled by National Conference headed by Sheikh Abdullah. In those days intrigue was made between Pt Jawahar Lal Nehru and Sheikh Abdullah. Jammu and Kashmir was given Special Status. Sheikh Abdullah was called as Prime Minister of J&K. State had separate Flag, separate Constitution and Sadar-e-Riyasat. Looking this late Pt Prem Nath Ji Dogra consulted the important personalities of the state and discussed the situation. A political party named Praja Parishad was launched.

In 1953, Praja Parishad under the chairmanship of Pt Prem Nath Ji Dogra started a movement against the situation. At that time slogan was "Ek Desh Mein Do Pradhan, Do Nishan Nahin Challenge Nahin Challenge."

People of Jammu & Kashmir took part in large number. People from India came to Jammu to participate in the movement. Women took part in thousands in the movement. They were dealt with cruel hands.

Jammu & Kashmir additional police and Punjab police used to beat the "Satyagrahis" with cruel hands. So many times police entered the temples with shoes. They used to beat a person wearing fleet shoes.

After the arrest of satyagrahis they were left in jungles far away from the city. They were not given meals for couple of days. So many people were shot dead while hosting National Flag in Hiranagar, Jourian and Ramban.

There was permit system to enter the State and to go to India. As a result of this movement, Abdullah was sent to Jail for eleven years. Permit System was abolished, instead of "Sadar-e-Riyasat" Governor was appointed. Jurisdiction of Supreme Court was extended to Jammu & Kashmir.

Due to Article 370 and 35A people of the state suffered much and were deprived of the facilities enjoyed by the Indian people.

We the people of Jammu & Kashmir thank from the core of heart the Prime Minister Hon'ble Sh Narinder Modi Ji and his cabinet that they abolished the Article 370 and 35A. Jammu & Kashmir will flourish with the rest of India.

SHIV KUMAR GUPTA

Sd/
Shiv Kumar Gupta

Sh. Daya Krishan Kotwal Ji was born on 29th of April 1927 at village Udrana of Tehsil Bhaderwah District Doda in Jammu region of J&K. He did his matriculation from Shri Amar Singh High School Bhaderwah in 1943 and thereafter he went to Delhi where his father Late Sh. Hari Lal Kotwal was working. At Delhi, he joined Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS) and was first to start RSS's Shakha at Shahdara Delhi. He attended his first RSS Camp at Mathura U.P.

He came back to his native place Bhaderwah in 1946 and started RSS Shakha at his village Udrana (Bhaderwah) with like mined youth and thereafter within short span of period, extended the network of Shakhas across length and breadth of erstwhile Doda District. During this period, he urged the people to maintain age old traditions of communal harmony at any cost and to shun the habits of smoking and drinking and was instrumental in bringing about reforms in society in matters of traditional customs and caste.

He was one of the founding members of Praja Parishad in J&K State who staunchly advocated and advanced the ideology of Late Sh. Syama Prashad Mukherjee and Pt. Prem Nath Dogra –EK VIDHAN-EK-NISHAN-EK PARDHAN.

During 1952-53 agitation when Kotwal Ji was underground in Bhaderwah (Doda region), he along with his associates successfully led the agitation of 1952-53 for complete integration of Jammu and Kashmir with India. During this period he remained underground and organised demonstration against the than Govt of Sheikh Abdullah in the State. His Village Udrana (Bhaderwah) became the hub of nationalist youth, young and old men and women and even school going children who were ever ready to make any sacrifice. Such was his personality among administration that the then Govt. ordered his capture dead or alive.

Sh. Daya Krishan Kotwal
(Sher-e-Doda)
Ex-State BJP President, Ex-MLC

The most chanted slogan of that agitation was "Galle Sare Nizam Ko Ek Dhaka Aur Do, Girti Abdullah Sarkar Ko Ek Dhaka Aur Do". During the period of agitation of 1952/53, J&K forces (Militia) in order to capture Kotwal Daya Krishan Ji dead or alive encircled the village of Udrana (Bhaderwah) nerve centre of agitation in the dead of night but faced stiff resistance from Cadre/locals who were defending the village since long expecting the crackdown. Untold atrocities were committed on unarmed men, women, young and old and even children were not spared. When J&K Militia reached the House of Kotwal Ji, he jumped from 1st floor brandishing his weapon and fired few shots in the air and jumped into Neeru Nallah (River) which was in spate. J&K Militia fired Volley of bullets but luckily none hit the Kotwal Ji. In the wee hours of morning, he was found by the side of bank of Neeru Nallah (River) by his associates who took him to his house and for days he was treated for the wounds he suffered during the escape. One noble Govt. Doctor, Sh. Shiv Saran Gupta used to treat him during this period. After the arrest of Sheikh Mohd Abdullah, G.M. Bakshi through his local leaders offered him the post of Excise and Taxation Officer little knowing his loyalty and integrity to the cause and nation. During Emergency Days (1975) he remained underground and successfully moulded public opinion against Emergency. He courted arrest only when instructed by the Party High Command. In the year 1984, the then State Govt. headed by G. M Shah detained him under Public Safety Act (PSA). The then Govt. offered him release on Parole but he declined the offer. He was kept at Srinagar Central Jail. PSA was quashed by the Advisory Board as it found nothing wrong in raising slogan "Bharat Mata Ki Jai".

tough task to bell the cat by launching a new political organization in Jammu. To achieve the legitimate democratic rights, the Praja Parishad was soon formed after the accession of the state with Indian Union. Within a very limited time, it became a solid organization with a network of branches all over the Jammu province and with a membership of one lac people. Its president Lala Roop Chand Nanda was a practical man with a realistic approach to the problems being faced by the Jammu people and his second in command were Thakur Baldev Singh, Pt. Sham Lal and Mr Durga Dass Abrol. They were entrusted the onerous responsibility to educate the people about the developments that had vitiated the atmosphere. Pt. Prem Nath Dogra was the undisputable leader of this agitation with a long record of selfless service to the people.

Thakur Baldev Singh should be honoured and saluted for having the stamina and courage to defy for the abrogation of Article 370 and urged for the complete application of the Indian Constitution in the state. He along with Pt. Prem Nath Dogra and other senior leaders of Praja Parishad refused to accept the concept of two Prime stormy agitations in 1952 against the Sheikh Abdullah's regime and brought it into lime light at national level.

Thakur Baldev Singh was arrested in 1949 and in 1952 for conducting the movement.

Thakur Baldev Singh served as the President of the Rajput Sabha, Jammu and headed the Bharatiya Jana Sangh in 1967. He was elected to the 6th Lok Sabha from Jammu-Poonch Parliamentary Constituency in 1977 as an independent candidate. He was elected to Jammu and Kashmir Legislative Assembly in 1980 and 1987 respectively on BJP's ticket from his home town constituency, Hiranagar. Later on he was appointed the President of the BJP unit in Jammu and Kashmir and in addition he served as a member of the National Executive Council of the Party.

Former BJP MP, Thakur Baldev Singh died on 25th August 2008 after a prolonged illness at the age of 90 and is survived by three sons and three daughters.

If any politician who comes closer to personify India's patriotism, it was Thakur Baldev Singh whose refrain of national security was his forte. For his long durability in state's politics was due to his easy accessibility with masses and his close touch with his well wishers.

SD/
Kulveer Singh Jasrotia &
Dharamveer Singh Jasrotia
Sons

दिनांक 27–7–2017 एवं 21–7–2017 को लिए गए साक्षात्कार के दौरान श्री कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा एक प्रश्न के उतर में लाला अमरनाथ जी ने संघर्ष के दिनों की यादों को ताज़ा करते हुए यह बताया कि आज़ादी के बाद शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह जम्मू–कश्मीर रियासत के एक आज़ाद देश बनाना चाहता था। वह यहां पर एक डिक्टेटर या फिर कहें तो नवाब बनना चाहता था। वह लंदन गया था, वहां पर उसकी इस विचारधारा को पंख लग गए। इस विचारधारा के विरूद्ध पं0 प्रेमनाथ डोगरा जी के निवास स्थान पर बैठकें हुई। पहली बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस चाल का मुकाबला करना चाहिए। जम्मू–कश्मीर को अलग नहीं होने देंगे। दूसरी बैठक में ज़ोरदार तहरीक का फैसला लिया गया। आर. एस. एस. प्रचाराके ने मुख्य भूमिका निभाई। तहसील अनुसार ड्यूटी यूनिटस् बने। सात कमेटियां बनाई गई जैसे फाइनांस, जेल कमेटियां वगैरह–वगैरह। मैं जेल कमेटी में था। हमारा कार्य–क्षेत्र जम्मू शहर की सारी जेलों के एवं आंदोलन स्थलों के इर्द–गिर्द था। बाहर से आने वाले आंदोलनकारियों को आंदोलन स्थल पर पहुंचाना, उनकी रिहाईश, खानपान आदि का बंदोबस्त करना, जेल जाने वाले आंदोलनकारियों को जरूरी चीजे, पैसे, तंबाकू बगैरह मुहैया करवाना हमारे मुख्य काम थे। दुर्गा दास वर्मा इस आंदोलन की वजह ज्वाहर लाल नेहरू और शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह की दोस्ती थी। शेख 1952 में इंग्लैंड गया जहां उसकी मुलाकात वहां के लीडर्स, लीगी और कुछ अंग्रेजों से हुई। इससे उनके मन में रियासत को आजाद रखाने का मन हुआ वापिस आकर परमिट सिस्टम शुरू किया और इस रियासत पर सुप्रीम कोर्ट की ज्यूरिस्डिक्शन् समाप्त कर दी। इसके विरूद्ध ज़ोरदार तहरीक शुरू हुई जिसमें समाज के हर वर्ग के लोगों ने जैसे हुई जिसमें समाज के हर वर्ग के लोगों ने जैसे शहरी, ग्रामीण, कंडी के लोग, मज़दूर, किसान, स्त्रियाँ, विद्यार्थी आदि ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। औरतों में माता पार्वती, रियासी वाली माता, कटरा वाली माता, श्रीमति प्रकाशो प्रमुख थी। पुरूषों में

लाला अमरनाथ गुप्त जी

तिलक राज पन्डोह, भागवत स्वरूप, मुल्ख राज राधा ओंकार, सोमनाथ आदि प्रमुख थे। कमेटी वाले और संघ प्रचारक अपनी अलग–अलग बैठकें करते थे। आंदोलनकारियों को दबाने के लिए कश्मीर आर्मड पुलिस लाठियां चलाती थी। कश्मीर में नारा लगता था कि "शेख हमारा लीडर है, हम इसके साथ हैं"। किसानों की ज़मीने, मवेशी कुर्क की दिए गए। बसंत राम अपनी बकरियों, परिवार और बच्चों के साथ भाग लेते थे। व्यापारी लोग अपने व्यापार की परवाह किए बगैर आंदालोन में भाग लेते थे। 1951–52 में मेरी उम्र 24–25 साल थी। दीवान मंदिर जलसे में पाँव रखने की जगह नहीं मिलती थी। प्रजा परिषद के इस आंदोलन की तुलना हम स्वतंत्रता आंदोलन से कर सकते हैं। जब श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जलसा परेड ग्राऊँड में हुआ तो उन्होंने कहा था "मैं देखूँगा कि कौन कर सकता है जम्मू–कश्मीर को अलग–अलग करने वालों छोकरा" छोकरा यह शब्द थे उनके। उन्हे लखनपुर में गिरफ़तार करके श्रीनगर में एक छोटे से कमरे में रखा गया। जहां उनकी मृत्यु हो गई। उन्हें कत्ल किया गया। सत्याग्रह के दौरान हमें बनिहाल के एक कमरे में रखा गया। भारी बर्फ के बीच कड़कड़ाती ठंड में रहना बड़ा मुश्किल था टट्टी बर्फ में जाना पड़ता था। खाना अच्छा नहीं था। किसी से मिलने नहीं देते थे। तन्हाई के समय अलग–अलग कमरे में बंद कर देते थे। रोटी एक बाटू में एक कड़छी दाल और चावल देते थे। चाय नहीं मिलती थी। गुड़ और चने के लिए भी सत्याग्रह करना पड़ा। पेशाब,टट्टी, सोना और लेटना एक ही जगह पड़ता था। नहाने और कपड़े धोने के लिए साबुन नहीं मिलता था। शरीर और सिर में जुँए पड़ गई थीं। सोते समय एक लंबड़दार जो कि वहाँ के कैदियों का एक लीडर था और जिसकी बड़ी–बड़ी मूँछे थीं हम सब के नाड़े उतरवा कर ले जाता था। ताकि कोई आत्महत्या न कर ले। बाद में वहाँ पर ऋषि जी और अमरनाथ जी को भी लाया गया। उस दौरान पं० दीनदयान, नरेन्द्र सिंह भंडारी, चमनलाल जोशी, नाना जी देशमुख इत्यादि केंद्रीय नेता जम्मू आए थे। सूचना का आदान–प्रादान करने के लिए एक पर्ची कपड़े की दुकान या बर्तन की दूकान पर रख देते थे जहाँ से आगे सूचना पहुँच जाती थी। सत्याग्रह की गतिविधियों का प्रचार करने के लिए साइक्लो स्टाइल प्रेस एक गुप्त स्थान पर सांबा और भद्रवाह में लगाई गई थी। डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मृत्यु के बाद शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह को गिरफ़तार किया गया और सभी सत्याग्रहियों को छोड़ दिया गया। परमिट सिस्टम समाप्त कर दिया गया और हम सब को यह विश्वास दिलाया गया कि 370 आहिस्ता–आहिस्ता घिस जाएगी। यह पूछे जाने पर कि आप युवा पीढ़ी को क्या संदेश देना चाहेंगे, इस पर लाला जी ने कहा कि सभी को हम जैसे आंदोलनकारियों से मेल–मिलाप रखना चाहिए और क्या कई लोग तो पंड़ित जी को भी जानते। केदार नाथ साहनी, जगन नाथ जोशी, सुदँर सिंह भंड़ारी, जग दत्त शर्मा जम्मू आते थे।

नोटः– इस साक्षात्कार का पूरा वीडियों नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा० ज० पा० कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

श्री कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा लिए गए एक साक्षात्कार के दौरान यह पूछे जाने पर कि प्रजा परिषद् के इतिहास एवं आंदोलन के बारे में उनके क्या अनुभव रहे हैं तो दिनांक 21–07–2017 को इस प्रश्न के उतर में शेख साहब ने बताया कि 1947 के अक्तूबर End में जम्मू कश्मीर का भारत के साथ Accession हुआ तो 27 अक्तूबर को आर्मी आई । 28 अक्तूबर को शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह् का Order as a Chief Administrator हो गया। मेहर चंद महाजन पहले ही प्रधानमंत्री थे। एक रियासत में दो प्रधानमंत्री तो हो नहीं सकते। वह जम्मू में कत्लेआम रोक सकते थे। उन्होनें आते ही जम्मू को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया। उनकी नाराज़गी की बजह शायद यह भी हो सकती है कि जम्मू वालों नें Muslim Conference का साथ दिया, National Conference का नहीं। 1947 में भी उन्होने जम्मू को तब्ज्ज़ो नहीं दी। कश्मीर में फिर भी उन्होंनें मिलिशिया बनाई थी, कबाईलियो के खिलाफ। मैं भद्रवाह में Student Union का लीड़र था। 1947 मे General Secretary था। चूँकि शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह् लगातार जम्मू को नज़रअंदाज कर रहे थे इसलिए जम्मू में उनके विरूद्ध लहर थी। प्रजा परिषद् के वकील स्वामी राज नें Approach किया और समझाया कि Democracy बगैर Opposition नहीं चल सकती, आप Opposition में बेहतर Role play कर सकते हैं इसलिए 1951 में मैंने प्रजा परिषद् Join कर ली 1952 में Constituent Assembly के चुनाव आ गए, मेरी उम्र कम थी। मेरा काम देखकर मुझे State Working Committee में ले लिया गया, फिर मैं District का Gen. Secretary रहा, उसके बाद State का Secretary, उप–प्रधान, प्रधान भी रहा। 1972–73 में जम्मू–कश्मीर जनसंघ प्रधान रहा।

शेख अब्दुल रहमान

1963–64 में यह तज़बीज़ आई कि प्रजा परिषद् को जनसंघ में Merge कर दिया जाए। रियासी, जम्मू एवं उधमपुर में हुई तीनों Working Committee की बैठकों में इस प्रस्ताव को रद्द कर दिया गया, पर अखनूर में जो Meeting हुई उसमें बलराज माधोक जी स्वयं उपस्थित थे, उनके समझाने पर यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया और 1963 में प्रजा परिषद् का विलय जनसंघ में हो गया। मैं 1972 में पंडित जी की सीट से MLA बना। उनके देहांत के पश्चात President भी रहा। नवम्बर 1952–53 में हुई प्रजा परिषद Movement में भद्रवाह में पहली गिरफ़तारी जिन तीन चार लोगों ने दी थी उनमें मैं, स्वामी राज कोतवाल, कृपा राम कोतवाल आदि शामिल थे। इस आंदोलन के मुख्य कारण एन. सी. हुकूमत का तनाशाही रवैया, जम्मू के साथ भेदभाव, Complete Accession to India, एक देश में दो प्रधान, दो निशान, दो विधान नहीं चलेंगे, 1953 में हुई Constituent Assembly के चुनाव में N.C. Ruling Party के 75 में से 74 सीटों का Unopposed जीत जाना, प्रजा परिषद् के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र छोटी–छोटी बातों पर रद्द कर देना, बाकी बचे 10–12 लोगों (उम्मीदवारों) का Party Working Committee के साथ मशवरा करके चुनाव का बहिष्कार करना, धारा 370, Permit System बगैरा थे। सांईस कौलेज में 26 जनवरी के एक कार्यक्रम के दौरान N.C. Party के झंडे को फहराए जाने से शुरू हुआ यह आन्दोलन डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की शहादत के पश्चात समाप्त हुआ। शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह् ने यह कहना शुरू कर दिया था कि अगर "Accession to India" पर वोट देने की बारी आई तो मेरा वोट भारत को जाएगा पर मेरी वीवी का किसको जाएगा पता नहीं। उस पर Communist तहरीक का असर था। वह कामरेड़ धनवंतरि से inspire था। वह चाहता था कि One Party Rule हो, कोई Opposition न हो। इस तहरीक में कुछ लोग अपनें जज़्बातों के साथ आए, कुछ विचारधारा के साथ जुडे, कुछ खात्माचकादारी की बजह से आए, कुछ महाराजा के कारण आए। डा0 मुखर्जी 1951 में परिषद् के पहले convention में आए थे। 1952 में वह गिरफ़तार करके श्रीनगर ले जाए गए। जेल में आन्दोलनकारियों पर की गई सख्ती से लोगों में आक्रोश जागा और यह आंदोलन बढ़ता चला गया। युवाओ को दिए गए संदेश में उन्होंने कहा कि Democracy में हर शख्स की काबलियत, देश सेवा और बलिदान को देखा जाना चाहिए।

नोटः– इस साक्षात्कार का पूरा वीडियों नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

दिनांक 22-07-2017 को कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा लिए गए एक साक्षात्कार में पूछे गए एक प्रश्न के उतर में तिलक चंद्र जी ने बताया कि 1953-54 में शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह् नें प्रधानमंत्री बनने के तत्काल बाद ही हमारे Founder Member बलराज माधोक एवं अन्य सभी संघ प्रचारकों को रियासत बदर कर दिया। पंडित प्रेम नाथ डोगरा जी की कोठी पर Meeting हुई। मैं कॉलेज में पढता था, मैं भी वहां गया। पंडित जी ने कहा कि प्रजा परिषद् बना दी है। आपको संघर्ष करना है। रियासत की एकता एवं अखंण्डता खतरे में है। A.B.V.P. तब नहीं थी।

S.N.A. i,e. Students National Association नामक संस्था कॉलेज में बनाई गई। डॉ0 जितेंद्र के पिता जी इसके President थे। मैं भी इसका सदस्य था। इंद्र देव शर्मा (I.A.S.) Retd. इसके Gen. Sec. थे। उसी दौरान शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह् कॉलेज आए उन्होंने वहां पर एन.सी. पार्टी का झंडा (जो कि अभी तक मान्यता प्राप्त नहीं था) फहरा दिया। एक देश में दो प्रधान, दो विधान, दो निशान नहीं हो सकते। इसके विरुद्ध आंदोलन शुरू हो गया। हमनें Annual Examination छोड़ दिए, कॉलेज के। हमें जेल में बंद कर दिया गया। एक साल ज़ाया हुआ। हम सब RSS संबंधित साथी एक साथ थे। हमारी Duty साम्बा जिला में लगाई गई। उस समय हम उस्ताद मौहल्ला में रहते थे। वहां से सैंट्रल जेल समाने है। जेल में आंदोलनकारियों को तरह-तरह की अज़ीयते दी जाती थीं। रात में नारे लगाते थे। वहाँ उन्हें खाना ठीक नहीं मिलता था। गुड़ा सलाथिया के 13 लोगों ने सत्याग्रह किया। हमारे वरिष्ठ नागरिकों को गिरफ़तार करके पुलिस श्रीनगर ले गई और जब उन्हें रिहा किया गया तो उनके पास वापस आने के लिए किराया तक नहीं था। वह लोग किसी से पैसे माँगकर वापस लौटे। हमने मास्टर ध्यान चंद्र जी, श्री स्व. छज्जु राम जी खजूरिया, स्वर्ण देव सिंह जी की रहनुमाई में संघर्ष किया था। इस आंदोलन के नायक श्री दुर्गा दास वर्मा जी भी हमारे गांव में Underground रहे। अन्य कई नेता यहां आते रहे। जब डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी लखनपुर आए तो मैं साम्बा में Publicity का काम देख रहा था। मैं और हमारे कई साथी उनके स्वागत के लिए वहां गए थे।

हम सब डॉ0 मुखर्जी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। गाडीयाँ बड़ी तेजी से हमारे सामने से गुजरीं, रूकी नहीं, पर डॉ मुखर्जी ने हाथ हिलाकर हमारा अभिवादन स्वीकार किया। उनकी शहादत के बाइ कईं सैंट्रल कानून इस रियासत पर लागू हुए। So called autonomy ऐसी नहीं रही जैसी पहले थी। जैसा कि ज्वाहर लाल नेहरू या अन्य नेताओं नें कहा था, यह घिसते-घिसते घिस गई। यह पूछे जानें पर कि आप युवा भाजपा नेताओं को क्या संदेश देना चाहते हो तो उन्होंने कहा कि कश्मीर के हालात ठीक नहीं हैं पर हमें मोदी जी के नेतृत्व में विश्वास है कि हम लक्ष्य पा जाएँगें।

तिलक चंद्र जी
(गुडा सलाथिया)

नोटः- इस साक्षात्कार का पूरा वीडियो नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

दिनांक 22–07–2017 को श्री कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा एक साक्षात्कार के दौरान पूछे जाने पर श्री आंचल सिंह जी ने बताया कि प्रजा परिषद् के आंदोलन के दौरन उनकी आयु 18/19/20 वर्ष रही होगी। आंदोलन के नायक श्री दुर्गा दास वर्मा हमारे घर पर आठ महीनें के लिए गुप्त रूप से रहे। आंदोलन से संबंधित सारी बैठकें Party Worker Meetings में यहीं पर होती थीं एवं सारी रूप रेखा यहीं पर तय होती थी। मैं डाक जम्मू पहुँचाता था, तिलक राज पण्ड़ोह या तिलक राज तलवार को डाक देता था, आदेशानुसार पर्ची खा जाता था। पुलिय ने कई सत्याग्रहियों को कान्हाचक जेल भेजा। वह वहां से चलकर वापस आए तो पुनः उन्हे जेल भेज दिया गया। जब डॉ मुखर्जी का देहांत हुआ तब दुर्गा दास जी नें मुझे साथ चलने को कहा पर ठाकुर बलेदव सिंह सरूए के जो भाजपा के अध्यक्ष भी रहे उन्होने मुझे वापस भेज दिया, कहा बच्चा है। जब उनकी अस्थियाँ आईं तो तांबे के बर्तन में यहाँ भी भेजी गईं, प्रवाहित करने के लिए। इस आंदोलन में महिलाओं का बड़ा योगदान रहा। हमारे यहां की एक बुआ जी (मंड़ी की) औरतो को इकठ्ठा करती थीं और आंदोलन स्थन पर भी उन्हे लेकर जाती थीं।

आंचल सिंह
(गुडा सलाथिया)

नोटः– इस साक्षात्कार का पूरा वीडियो नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

दिनांक 23—07—2017 को कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा एक साक्षात्कार में पूछे गए प्रश्नों का उतर देते हुए श्री पूरी राम जी ने अपने अतीत का स्मरण करते हुए बताया कि उस समय मेरी उम्र लगभग 14/15 साल रही होगी जब परेड़ ग्राऊंड में पंडिंत जी आते थे। मैं जम्मू में एक रंग बाली दुकान में सात रूपए महीनें पर काम करता था। एक समय हमको दे दिया जाता था। उस समय पर हम वहां इकट्ठा हो जाते थे, जिनमें मणिराम, तितरू लौहार सतराड़ी वाला, परसराम मनवाल वाला, फकीर चन्द मनवाल वाला, मुंशी सनयारा वराल वाला, ठाकुर रतनुं कुटट वाला, लाला शिव चरण गुप्ता उधमपुर वाला, मणिराम वैद्य, आदि शमिल थे। मिलिशिया मारने को आती थी। पंडित जी जब तक मौजूद रहते तो नहीं मारते थे। इसलिए हमने पंडित जी से आग्रह किया कि जब तक हम चले नहीं जाते आप यहीं रूके। जब सदस्यता अभियान चल रहा था तो ऋषि कुमार कौशल रियासी (वाले) जी ने कहा अभी तुम बच्चे हो सदस्यता बाद में ले लेना, पर पंडित जी ने कहा कि आज यह बच्चा है कल बूढा हो जाएगा, एक रूपया तुम मुझसे ले लेना, इसे सदस्यता दे दो। ऋषि जी ने कहा नहीं मुझे एक रूपया नहीं चाहिए, इसे सदस्यता दे देता हूँ। पंडित जी नें कहा नहीं, मैं तुम्हे घाटा नहीं पड़ने दूँगा, तो घर आकर वो पर्ची मैंने घर सँभाल कर रख दी थी। फिर फौज में चले गए। जब डॉ0 मुखर्जी माधोपुर (जम्मू) आए तो उन्होने कहा कि अगर हमारा देश एक है तो यहाँ जाने के लिए आज्ञा कैसी? दो झंडे क्यों? इस पर उन्हें गिरफ़तार करके श्रीनगर ले गए जहाँ उनकी मृत्यु हो गई। आज तक पता नहीं चल पाया है, कि उनकी मृत्यु कैसे हुई थी? अंत में उन्होने कहा कि हम थोड़े से लोग थे, छोटी पार्टी थी, मेहनत के बावजूद हमेशा हारते थे। रामनगर में मैंने वकील मोहन लाल, मास्टर गोपाल दास, अंदाल जी के साथ काम किया पर हारे, अब आर. ऐस. पठानियां जी जीते हैं, खुशी होती है। हर जगह फूलही फूल देखकर अच्छा लगता है। अब हमें अच्छे काम करने चाहिए।

नोटः— इस साक्षात्कार का पूरा वीडियो नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

पूरी राम जी

दिनांक 11–08–2017 के श्री कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा लिए गए एक साक्षात्कार के दौरान बोलते हुए श्री विशन दास जी ने कहा कि जब प्रजा परिषद् का आन्दोलन हुआ तो उनकी उम्र 22/23 की थी। यह आन्दोलन एक देश में दो प्रधान, दो विधान, दो निशान के विरूद्ध था। शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह् अलग रहना चाहता था। जब लोगों की रात होती हमारा दिन होता। हम दस्ती पर्चे बनाते थे। पुलिस या एस.एच.ओ. के खिलाफ लिखते थे। एक दिन जब मैं नहाकर आ रहा था तो पुलिस की भीड़ देखकर उस तरफ चला गया। मुझे लगा पुलिस साँझी राम जी को गिरफ़तार करने आई है। वहाँ मुझे एस.एच.ओ. ने पूछ लिया, ''आपका नाम क्या है? मैंने नहीं बताया फिर उसे धक्का देकर मैं भाग गया।'' दो किलोमीटर तक भागता चला गया। एक गहरी जगह देखकर वहाँ छलाँग लगा दी। फिर एक कमाँद (गन्नें के खेत) में छिप गया। पुलिस मेरा पीछा कर रही थी। एस.एच.ओ. जो कि मोटा आदमी था, वह वहीं रहा, पर पुलिस के दो सिपाहीयों ने मुझे देख लिया। कमाँद (गन्ने के खेत) से निकलते हुए, जोर से चिल्लाने लगे, मिल गया, साब जी मिल गया, मैंने भी सोचा जो होगा देखा जाएगा। भागा नहीं, वह पकड़कर मुझे एस.एच.ओ. के पास ले गया। मेरी संघी (गला) कोटी (दबाया), मारा, जेल में ले गए, वहाँ भी मारा, बेहोश हो गया। एक घंटे बाद होश आई, पानी माँगा, पुलिस के एक सिपाही ने पानी पिलाया तो खाँसी शुरू हो गई, क्योंकि गला दबाया गया था। सांझी राम जी मेरे बाद पकडे गए, जब मुझे कड़ी ड़ालकर बाड़ी ब्राहमणा ले जा रहे थे, मैं अकेले ही नारे मार रहा था। रास्ते में सांझी राम जी भी नारे मारने आए, फिर चले गए। बाद में गिरफ़तार किए गए, नवां शहर, विश्नाह, साम्बा में सत्याग्रह करवाने का दायित्व मुझे सौंपा गया था। हम बाहर भी शाखा लगाते थे और जेल में भी शाखा लगाना शुरू कर दी। हमारी जेल में पंडित जी को भी लाया गया था पर बाद में ले गए। आन्दोलन में महिलाओं को योगदान रहा। वह ऐन.सी. के एक मन्त्री बुद्धि सिंह के विरूद्ध नारे लगाती थी। पहले हम सैन्ट्रल जेल में थे। फिर हमें बनिहाल (श्रीनगर) ले जाया गया, जहां पर हम जब सत्संग कर रहे थे तो हमारे साथ एक जो सन्यासी थे वह सत्संग करते–करते बेहोश हो गए जब उन्हे होश आई तो उन्होंने कहा, ''यहाँ किसी अच्छे आदमी की मौत होगी।'' हम सब घबरा गए और पंडित जी की सलामती के लिए पूजा पाठ करने लगे, फिर थोडे दिनों बाद ही डॉ0 मुखर्जी यहाँ गिरफ़तार करके लाए गए। उनकी वहां शहादत हुई। ज्वाहर लाल नेहरू ने ग्रहमंत्री को रियासत भेजा। बख्शी गुलाम मोहम्मद और उनके दरमियान कोई समझौता हुआ। पहली बार मेरी मुलाकात दीनदयाल उपाध्याय जी से गुरदासपुर पंजाब में हुई, एक बैठक के दौरान हुई। जहां पर मैं परमिट लेकर गया था। बैठक में उन्होने प्रश्न पुछा, जब आपका राज आएगा तो क्या करोंगें? किसी ने कहा जिन्होने कुरवानियाँ दी हैं उनकी सहूलियत के बारे में सोचेंगें, तो किसी कुछ कहा, पर मैंने कहा कि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः के आधार पर कार्य करेंगे जो कि जनसंघ का मुख्य लक्ष्य है। हम सबके लिए सुख चाहते हैं, अपने लिए कुछ भी नहीं।

विशन दास
(विश्नाह)

नोटः– इस साक्षात्कार का पूरा वीडियो नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

दिनांक 18–08–2017 के श्री कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा लिए गए एक साक्षात्कार के दौरान पूछे गए प्रश्न के उतर में लाला बनारसी दास जी ने कहा कि प्रजा परिषद् आन्दोलन के दौरान हम सब लोग जैन बाजार–कनक मंड़ी में जुलूस निकालते थे। कड़ी सुरक्षा होती थी। मुझे पकड़कर जेल में ले गए। जज साहब वहां पर जेल में पहले से ही थे। उन्होंने कहा कि आप अभी बच्चे हो इसलिए आप को 15 दिन की सजा देते हैं। हमने कहा 15 दिन क्या आप हमें 15 साल सजा दे दो पर हमारा फैसला होना चाहिए। यह आन्दोलन 370, एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान के लिए और तिरंगा फहराने के लिए हुआ था। सत्याग्रहियों को पकड़कर जंगल में छोड आते थे ताकि उन्हें वहाँ से पैदल वापस आना पडे। माता–बहनों, बुजुर्गों, सभी का योगदान रहा। बुजुर्गों को उठाकर जम्मू से श्रीनगर ले गए, दिसम्बर जनवरी में, उस समय वहां बडी ठंड होती है। शंकराचार्य मंदिर के सामने जो सैन्ट्रल जेल है हमें वहां रखा गया। डॉ0 मुखर्जी की मृत्यु भी गलत दवाई देने के कारण, उनके मना करने के बावजूद भी, एक साजिश के तहत श्रीनगर में ही हुई। उनकी मृत्यु के बाद हमें जहाज में ड़ालकर श्रीनगर से जम्मू लाया गया और यहाँ आकर रिहा किया गया। गिरफतारी देने के बावजूद रिहा होने पर भी हम लगे रहे। रूके नहीं। यह पूछे जाने पर कि आप युवा नेताओं को क्या संदेश देना चाहते हो तो उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि पार्टी हमें भूल गई है पर फिर भी युवा नेता संघर्ष जारी रखें।

नोटः– इस साक्षात्कार का पूरा वीडियो नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

लाला बनारसी दास

dिनांक 29–08–2017 को श्री कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा लिए गए एक साक्षात्कार के दौरान पुरी साहब ने बताया कि जब 1952 में यह आंदोलन शुरू हुआ तो मैं कॉलेज द्वितीय वर्ष में था। शेख अब्दुल्लाह् की रहनुमाई में तिरंगें की जगह ऐन.सी का झंडा फहराया गया। हमनें उखाड़ दिया। हमें मारा गया। 28 दिन भूख हड़ताल की, फिर जेल में तन्हाइयों में रखा गया। फिर बैरको में रखा गया, किसी ने बताया कि भूख हड़ताल मरने के लिए नहीं है दूध पी सकते हैं, महिलाओं के साथ ज्यादतियाँ होती थीं। जेलों में रोटी लोहे के बर्तन में देते थे। डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जब लखनपुर आए तो उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का हिस्सा है, मैं वहां जाना चाहता हूं तो परमिट की क्या आवश्यकता है, उन्हे लखनपुर से गिरफ़तार कर श्रीनगर जेल ले गए। हिंदुत्व ही राष्ट्रत्व है, संघ की शखा में स्त्री सम्मान और गरीबों का भला करना सिखाते हैं। आज मोदी जी जो कर रहें हैं वह संघ शाखा का ही प्रभाव है।

यश पुरी साहब

नोटः– इस साक्षात्कार का पूरा वीडियो नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

दिनांक 20–08–2017 को श्री कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा लिए गए एक साक्षात्कार में बाल कृष्ण जी ने बताया कि आज उनकी उम्र 86 साल है। प्रजा परिषद् के संघर्ष के दौरान उनकी उम्र कितनी रही होगी, इसका अंदाजा साक्षात्कार लेने वाले स्वयं लगा लें। यह आंदोलन दो विधान, दो प्रधान, दो निशान के विरूद्ध हुआ था। उस समय बाज़ार छोटा था, छोटी–छोटी कच्ची दुकानें होती थी। हम उन दुकानों पर चढकर पंजाब पुलिस को पत्थर मारते थे। वह अपनी ड़ांगों (ड़डों) से हमें मारने की कोशिश करते थे, तो हम छतों पर पीछे हो जाते थे। पुलिस को अच्छी टक्कर देते थे। शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह् का मकसद इस आंदोलन को कुचलना था। फिर हम दो महीनें के लिए जालंधर चले गए। किताबों की मार्किट, जहां पंजाब के एक मंत्री कृष्ण लाल डल्ल, वहां पर चोपडा संघ के जिनकी जम्मू में भी किताबों की दुकानें हैं। वी.... रजिंदर ढक्की बाले वेद प्रकाश आदि की भी वहाँ किताबों की दुकानें थीं। यह दुकानें होशियारपुर अड्ड़े के साथ बांसो वाले बाजार के साथ थीं। जम्मू से आने वाली डाक/चिट्ठीयां यहाँ पर जमा होती थीं। मैं इनको लेकर रोज़ाना सुबह मिलाप चौक पर खड़ा हो जाता था। लाला जगत नारायण जी जो कि वहाँ के शिक्षा मंत्री भी थे उनकी प्रैस में काम करने वाले गरदिश जी (जो कि ऋषि कुमार कौशल के खास थे) को सारी ड़ाक दे देता था। फिर सारे दिन मैं माड़ल टाऊन जहाँ फूड एण्ड सप्पलाई का ऑफिस भी है उसके ही सामने जो संघ कार्यालय है वहां पर चला जाता था। और रात को सियालकोट से आए हुए खेलों का सामान बनाने वालों के घर रहता था। दोपहर को घूमता फिरता था संदेश की तलाश में। महिलाएँ कीर्तन करती रहतीं थीं, संघ कार्यालय में, जब कभी भी पुलिस का छापा पड़ता तो हम कहते थे कि हम यहीं के रहने वाले हैं। रियायस के बाहर जाने वाले को परमिट लेना पडता था और सबूत (निशानी) भी देना पड़ता था कि क्यों जा रहे हैं, पुलिस को निशानी दिखानी पड़ती थी। मुझे परमिट तो मिलना नहीं था इसलिए मैं लखनपुर से पहले ही उतर गया, वहाँ पर रावी दरिया दो तीन नालों में बंट जाता है। मछुआ (नाव) भी पड़ती हैं वहाँ कुछ सेना वाले किसी यूनिट के, कपड़े धो रहे थे, मैं भी कपड़े उतार कर, सिर पर बाँधकर उस तरफ हो गया। फिर 25 पैसे टांगे वाले को देकर पठानकोट पहुंच गया और वहाँ से गाड़ी पर जालंधर पहुँचा। औरतों ने भी इस आंदोलन में बढ़–चढ़ कर भाग लिया, माता पार्वती, हमारे मोहल्ले में चान्न हलवाई की मां, पत्तलें बनाने वाली ठेकेदारनी, चौगान सलाथीया की कृष्णी, आगे बढ़कर भाग लेती थीं। उन पर अत्याचार होते थे। डॉ0 मुखर्जी को गिरफ़तार करके सीधे श्रीनगर ले गए, वहां उनकी शहादत हुई। हमारे साथ अमरनाथ पांडा, अमरनाथ जोश, वकील राम नाथ, शाम लाल, नृसिंह दास बगैरा पूरी की पूरी टीम होती थी। युवा नेताओं को मेरा यह संदेश है कि जिस कार्य के लिए कुरवानियाँ दीं हैं। उन्हे पूरा करें और मेल जोल रखें।

नोटः– इस साक्षात्कार का पूरा वीडियो नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

बाल कृष्ण
(चौक चबूतरा)

वेद चौहान जी

दिनांक 21—08—2017 को श्री कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा लिए गए एक साक्षात्कार के दौरान वेद चौहान जी ने बताया कि, मैं जब ईन्टरमिड़िएट का विद्यार्थी था तब सांईस कॉलेज में 26 जनवरी के सिलसिले में ऐन.सी कार्यकर्तायों द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया था, जिसमें शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह् ने आना था, बात शायद 1952 की है, वहां तिरंगे की जगह ऐन.सी पार्टी का झंडा फहराया गया, हमने विरोध किया तो दूसरे गुट के साथ हमारा लड़ाई झगड़ा हो गया। हमे कईं सीनियरस के साथ ऐक्सप्ल किया गया। वेद मित्तल, यश भसीन उनमें से एक थे। हमारी लीडरशिप ने यह महसूस किया कि सरकार अड़िग है और मान नहीं रही है तो हमने भूख हडताल करने का फैसला लिया। पहले दिन 29 जनवरी की बात है लोगों की प्रतिक्रिया कम थी। उस दिन विश्वपाल, तिलकराज शर्मा, रामस्वरूप इत्यादि भूख हड़ताल पर बैठे, दूसरे दिन रिसपोंन्स मिलना शुरू हुआ। शहर और कॉलेज में हडताल शुरू हो गई, 30 जनवरी को मैं और ओम् प्रकाश गुप्ता जी रामनगर वाले भूख हड़ताल पर बैठे। हम पहले प्रिंसिपल के ऑफिस के पीछे बैठे थे, फिर हमें लॉन में शिफ़्ट कर दिया गया। महान विभूतियों की फोटों लगी हुई थीं, हम नीबू जूस ही ले रहे थे। एक रात को एस.एस. पी जम्मू कुछ पुलिस वालों के साथ वहाँ पहुँचे और हमें सैन्ट्रल जेल शिफ़्ट कर दिया गया। आठ दस दिन हमें वहां रखा, वह हमारी भूख हड़ताल तोड़ना चाहते थे। जेल में डॉ केशव मेरे जान पहचान के थे क्योंकि उनका बेटा भी मेरी तरह स्वयं सेवक था। उन्होंने हमें प्यार से समझाया कि मान जाओं नहीं तो यह लोग फोर्स फीडींग करेंगें। पर हमने जैसी ईन्सट्रक्शनस थीं वैसा ही किया, नहीं माने, तो नाक के रास्ते उन लोगों ने फोर्स फीडींग की कोशिश की, तो पाईप बाहर आ गई, हमनें भूख हड़ताल नहीं तोड़ी। फिर एक रात बख्शी गुलाम मोहम्मद् तत्कालीन डिपुटी सी.एम / पी. एम. वहां पर आए, उनके साथ आई.जी.पी, एम.ऐल.ऐ पुंछ भी थे। मज़ाक में उन्होनें कहा आपने भूख हड़ताल रखी है न कि

मरण व्रत, अरे जानते हो, जब गांधी जी भूख हड़ताल करते थे तो अपनी बकरी का दूध पीते थे, जिसे वह पिस्ता बादाम खिलाते थे और बड़ी देखभाल करते थे। अरे यह तो अपने बच्चे हैं इन्हें मुर्ग–मुस्ल्लम खिलाओं, बगैरा–बगैरा, शहर में जब हालात बिगड़ने लगे तो हमें रिहा किया गया वह भी रात को 2–3 दिन हम घर रहे। कॉलेज से नाम स्ट्रक ऑफ हो गया, हम भावना से ओतप्रोत थे, फिर आंदोलन से जुड़ गए क्योंकि हम इस आंदोलन को फलॉप नहीं होने देना चाहते थे। हमने दो टाँगें किए और उन पर हार पहनकर शांतिपूर्वक पक्का डंगा की तरफ चल पडे, पहला टाँगा निकल गया पर हमारे टाँगे को पुलिसवालों ने रोक लिया और हमे पकड़कर पुलिस थाने ले गए उनका लहज़ा बड़ा सख्त था। बात–बात पर धमकियां दे रहे थे। इसके बाद हमें सैन्ट्रल जेल ले गए वहां पर पुलिस अधीक्षक नज़ीर ने बडे सलीके से हमें कहा कि बच्चों आपने दोबारा यहाँ आकर बहुत बड़ी गलती की है। वह अपनी बातचीत से हमें पीड़ित कर रहे थे, इसके बाद हमें एक सप्ताह के लिए एकान्त कारावास में ड़ाल दिया, वहाँ की ज़मीन उबड खाबड और कच्ची थी। हमें नींबू देना बंद कर दिया, पेशाब में खून आने लगा। जब बेहोश होने लगे तो एक कमरे में दो–दो को रख दिया, जब हमारे हाथ–पांव सोते थे, एक दूसरे को दबाने लगते थे। जेल के अन्दर ही कोर्ट बनाई गई, जज भगत राम जी थे, पुलिस की तरफ से विश्वामित्र जी थे, उन्होनें आरोप पढ़े कि हम लोग टाँगों पर हार डालकर, नारे लगाते हुए जा रहे थे। धारा 144 का उल्लंधन किया, जो कि सरासर गलता था मिनटों में फैसला सुना दिया you have been awarded rigorous imprisonment for two months and two hundred fine। फैसले के बाद दोबारा हमें तन्हाइयों में डाल दिया। 17 दिन तन्हाई में रहे हालात ब्यान करना मुश्किल है। हमारे महबूब नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने संसद में आवाज़ पहुँचाई। शेख सरकार पर जोर डाला फिर हमे इकट्ठा कर दिया। 17 दिन बाद एक रात को बारिश के बीच जब हम अर्धचेतन अवस्था में थे, जेल के दूसरे कैदी जो वहाँ के लीडर बने हुए थे हमें सैन्ट्रल जेल के गेट तक छोड गए। हमारे कपडे वहाँ पर बदलवाए गए। और रात के वक्त छोड दिया। यादाशत चली गई जिसका असर आज तक है। तनहाई में मेरे साथ रामनगर वाले ओम् प्रकाश गुप्ता जी थे। कभी वो मेरे हाथ–पांव दबाते तो कभी मैं उनके हाथ पांव दबाता। अपना मनोबल बढ़ाने के लिए हम सलाखों के पास इकट्ठा खडे हो जाते और राष्ट्रगाण गाते थे। प्रजा परिषद् का यह आंदोलन ''बैल्ल आरगनाईज़ड'' था, जब हम जेल में थे तो वहाँ पर पंडित प्रेम नाम डोगरा एवं उनके साथी आए थे पर बाद में उन्हे वहाँ से ले जाया गया। एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान हो इसलिए यह तहरीक की गई थी।

नोटः– इस साक्षात्कार का पूरा वीडियो नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

दिनांक 31–08–2017 को श्री कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा लिए गए एक साक्षात्कार के दौरान मोहन लाल जी ने बताया कि प्रजा परिषद् नवम्बर 1947 में वजूद में आई थी। पंडित जी और बलराज माधोक जी ने इसकी एक व्यवस्था की थी। इसको मान्यता 1948 में शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह् की सरकार के खिलाफ आन्दोलन करके लेनी पड़ी थी। 1950 में कायदा तौर पर इसकी मैम्बरशिप हुई। 1952 में शेख मोहम्मद अब्दुल्लाह् जब अमेरिका से वापस आए तो उनके तेवर बदले हुए थे। वो दिल्ली में कुछ बोला, इधर आर. एस. पुरा में कुछ और तकरीर की। श्रीनगर में कुछ और बोला, उसकी यह हालत देखकर पंडित प्रेमनाथ डोगरा जी ने अपने घर पर बैठक बुलाई और एकमत होकर यह तय किया कि एक सम्मेलन बुलाया जाए। इस सम्मेलन में डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी, श्री एन.सी चैटर्जी, स्वामी जी, गुरूदत्त और चार एम.पी आए हुए थे। ज्वाहर लाल नेहरू, पंडित जी से बात करने को राजी नहीं हुए क्योंकि शेख पर उन्हें भरोसा था। दिसंबर 1952 में आंदोलन शुरू हुआ। पंडित जी को गिरफ़तार किया गया, बाद में अन्य संघ कार्यकर्ता भी गिरफ़तार हुए, हमारे अन्य साथी जैसे विशनदास जी, को भी गिरफ़तार किया गया, मिलिशिया बुलाई गई, मैं, शाम जी, पहले गुप्त रहे, फिर 3.12.1952 को मैंनें, शाम जी, वनारसी दास, राम स्वरूप लुद्दर मनी (खैरी वाले), नागरमल (रियाल वाले) और जोधराम (मजवाल वाले) ने गिरफ़तारी दी। विशनाह में, गिरफ़तारी के बाद हमें दो दिन विशनाह में रखा, तीसरे दिन आर.एस. पुरा ले गए। आठ दिन वहाँ रहनें के बाद हमे तहसीलदार ने सजा दी– एक साल कैद और 500 रूपये जुर्माना। फिर सैन्ट्रल जेल ले जाकर पहले तन्हाई में फिर बैरकों में रखा, जनवरी 1953 को हमें शत 12

मोहन लाल जी

बजे जेल से निकालकर बसों पर चढ़ाकर श्रीनगर भेज दिया गया। उधमपुर रखने के बजाए सीधे बनिहाल ले गए। वहां जाकर बसों को बसस्टेंड पर खड़ा कर दिया। वह हवा ठंडी थी हमारा खून जमनें लगा। 10 मिनट बाद गाडियाँ स्टार्ट कीं और श्रीनगर चल पड़े। रास्ते में आर्मी वालों नें गाडीयाँ आगे नहीं जाने दीं। बर्फ पड रही थी। फिर बसों को मोडकर बनिहाल बसस्टेंड पर खडा कर दिया। दिन के 12 बजे तक कोई रोटी पानी नहीं दिया गया। कुल 60 कैदी थे। जब हमनें शोर मचाया तो हमें चार आने की रोटी जिसमें छोटे–छोटे दो फुलके आते हैं, एक –एक आदमी को दिए गए। उन दो फुल्कों से हमारी भूख और तेज हो गई खाने को और कुछ नहीं दिया। बसों में डाल दिया गया, हवा चल रही थी, ठंडी। शाम पड़ गई हमने कहा हमें बसों से निकालो हमारी टांगें सूज गई हैं। न खाने को कुछ दिया है। वहां पर 8 फुट मुरब्बा के दो कमरे थे हमें वहां बैठा दिया। हमें दो–दो कंबल दिए गए। सर्दी बहुत थी, बर्फ पड रही थी, वहाँ पर बस/ट्रक वालों ने 5–5 रू डालकर हमें चाय पिलाई। इन्होंने कुछ नहीं दिया, दूसरे दिन आर्मी वालों ने चाए भेज दी। खाने के लिय जब हम चिल्लाए, तो तीसरे दिन आटे में रेत मिलाकर ले आए, कहा रोटियाँ बनाओं जब हमने रोटीयां बनाई और खाई तो लोगों को पेचिश शुरू हो गए। बीमार हो गए लोग। हम वहां पर सो नहीं सकते थे, सिर्फ बैठ सकते थे। बैठने से एक दूसरे के शरीर के गर्मी लगती तो जिससे हम बचते थे सर्दी से। अगर गर्मी होती तो जो कलकत्ता में ''लॉर्ड क्लाईव'' के समय में हुआ तो वो भी हो सकता था। इसके बाद दो दिन और हम वहां पर रूके। फिर कहने लगे आपको श्रीनगर ले चलते हैं हमने इनकार कर दिया। डीसी डोडा, एस.पी डोडा मिलिशिया के साथ हमारे पास आए। हमारे ग्रुप में संत राम बरू (सेवानिवृत जज), हमारे नेता चतरू राम डोगरा हमारे अध्यक्ष शिवराज विशनाह बाले, अखनूर के ठा0 हरि सिंह थे। हमे श्रीनगर ले जाने का फैसला हुआ दो दिन बाद, पर उसी रात को 10–20 फुट बर्फ पड़ गई वहां फिर हमे 8–9 दिन रहना पड़ा। खाने को वही आटा दूसरे चौथे दिन आता था। शोर डालने पर हमें बनिहाल डाक बंगले पर ले गए दरवाजे/खिडकियां टूटी हुई थीं, ठंड थी, बर्फ में ही टटी/पेशाब जाना पडता था। नहाने का तो नाम ही नहीं खाने को भी कुछ नहीं। हमारे सारे लोगो को पेचिश शुरू हो गए। हमारे साथ सूबेदार बंसत सिंह थे जो महात्मा गांधी जी की तरह वह अढ़ाई गज की धोती पहनते थे। उन्होंने मरण व्रत रख दिया कि हमें जम्मू ले जाओ हमारे कुछ और साथी भी उनके साथ बैठ गए, एक/दो दिन बाद वह जम्मू ले जाने को राजी हुए। एक बस में 16 कैदी और 16 मिलिशिया के जवान बैठाए गए। उधमपुर का एक जत्था शिव चरण जी की सदारत में वहाँ पहुँचा और हम कुल 80 आदमी हो गए। रास्ते में

हमें चिनैनी में रोका गया जम्मू से आई एक पुलिस की गाडी ने हमे रोका। रात को हमें कुद ले गए। वहां पर डी.सी / एस. पी थे डोडा के उन्होने हमें रात को रोटी खिलाई 4 दिन बाद रोटी मिली। दो दिन वहाँ रहे। जम्मू ले चलने के बहाने फिर बसें मोड़ करके बनिहाल ले गए। डाक बंगले में इखलाकी कैदीयों ने एक दिन के लिए रोटी का बंदोबस्त किया। सब–जेल बन दी गई बनिहाल में। वो सबसे ऊंची जगह थी जहां पर रेशम के कीडे पालते हैं। 3–4 महीनें हम वहां पर रहे वहां हमें जेल का सामान मिलना शुरू हो गया। दो समय रोटी मिलना शुरू हो गई, कई बिमार हो गए। बवासीर हो गई, चार महीनों तक हमने चाय और दूध का मुंह तक नहीं देखा। दहीं भी नहीं देखा डाक्टरी इलाज नहीं था। इस संघर्ष का मुख्य उद्देश्य धारा 370, चुनावों में हुई धांधली, सदर–ए–रियासत, अलग झंडा इत्यादि थे। हम श्रीनगर जेल में ही थे, जब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को गिरफ़्तार कर श्रीनगर लाया गया। उन्हे सिर्फ उस जेल में एनट्री करवाई और फिर एक कमरे में शिफ़्ट कर दिया जहाँ गलत टीका लगाने से उनकी मौत हो गई, जिस पर हमनें जेल में भूख हडताल शुरू कर दी, दो दिन तक हमने कुछ खाया पीया नहीं। उसके बाद आंदोलन बढ गया। दिल्ली से लोग आनें लगें। दिल्ली में भी आंदोलन हुआ। पंडित प्रेमनाथ डोगरा जी उनके शव के साथ कलकत्ता गए। उनका संस्कार कलकत्ता में हुआ, जब पंडित जी वापस आए तो ज्वाहर लाल जी ने उन्हे दिल्ली बुलाकर आग्रह किया कि वो संघर्ष वापस ले लें। ज्वाहर लाल नेहरू जो पंडित डोगरा जी से बात भी नहीं करना चाहते थे, उन्होंनें स्वयं उन्हे बुलाकर संघर्ष वापस लेने को कहा और माँगे मानने को भी तैयार हो गए। पंडित डोगरा जी ने आग्रह कर मौलाना आजाद जी को शेख को समझाने के लिए भेजा वह आठ दिन श्रीनगर रहें पर शेख ने कहा कि उसके पास मौलाना आजाद से मिलने का समय नहीं है। उसके बाद जब शेख को नेहरू जी ने बुलाया तो वह वहाँ भी नहीं गया, इसके बाद उसने नया सिस्टम शुरू कर दिया। Indian Dogs go back हमें हिंदुस्तान की हुकूमत नहीं चाहिए। अगर युरोप में स्विट्ज़रलैंड आज़ाद रह सकता है तो एशिया में कश्मीर भी आज़ाद रह सकता है। पंडित जी ने वापस आ कर 2–3 अगस्त को आंदोलन वापस ले लिया। फिर हमें जेलों से रिहा किया गया। 9 अगस्त को शेख अब्दुल्लाह् को गिरफ़्तार कर लिया गया, No Confidence pass करके। युवा नेताओं से यह विनती है कि हमें भूले नहीं।

नोटः– इस साक्षात्कार का पूरा वीडियो नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

दिनांक 20–09–2017 को श्री कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा लिए गए एक साक्षात्कार में सतपाल जी ने बताया कि कॉलेज में पढते थे तब प्रजा परिषद् का आंदोलन शुरू हो गया। शाखा जाते थे, संघ पर बैन था। यहाँ पर जो भी काम होता था वह प्रजा परिषद् के नाम से ही होता था। पंडित जी संघचालक भी थे और प्रजा परिषद् के प्रधान भी थे। इसलिए उनसे मिलना जुलना रहता था। कभी कोई काम होता तो हमे भी वह काम बताते थे। जब 1952 का आंदोलन हुआ तो उसमें हम सभी को कोई न कोई काम मिला हुआ था। हमारे पास रनर का काम था। जो अंडर ग्राऊड़ वर्कर थे, उनकी चिट्ठियां पते पर पहुंचाते थे। भगवत स्वरूप एवं राधा कृष्ण के साथ मैं रहा। उन ही के साथ कठुआ आना जाना लगा रहता था। उन्हीं दिनों 1952 में एक बैठक के दौरान पुलिस का छापा पड़ा और मैं पकड़ा गया। दो महीनें जेल में रहा। 1953 में डॉ मुखर्जी के देहांत के पश्चात यहां पर जबरदस्त हड़ताल हुई। लोगों में बड़ा जोश था। कई लोग सुन्दरबनी, रामबन, हीरानगर में शहीद हुए। मेला राम जी की शहादत सबसे पहले हुई। उनकी अंतिम यात्रा में हम सब संघ सेवक साथ थे। प्रचारक के रूप में प्रजा परिषद् के कार्यकाल / पंडित प्रेम नाम डोगरा जी की कोठी में देखरेख करनें का जिम्मा सौंपा गया। लगभग 6 महीने वहाँ रहा। व्यवस्था का काम था। पंडित जी के साथ कौन मिलने आता है, उसकी ठीक ढंग से बात हो जाए, उसके जलपान की व्यवस्था हो जाए यही काम था। 370 और एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की यह लडाई घर–घर पहुंच गई महिलाएँ माता पार्वती के नेतृत्व में सामनें आईं, जेलों में खाने के लिए एक लोहे के बाटू में दो रोटीयाँ दाल बगैरा मिलती थी। पानी भी उसी में पीना पड़ता था, दो कंबल मिलते थे। युवा नेताओं को मेरा यह संदेश है कि पुरानी बातों को भूलें नहीं, देने की तरफ ध्यान रखें, लेने की तरफ नहीं।

नोटः– इस साक्षात्कार का पूरा वीडियो नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

सतपाल जी

दिनांक 27–07–2017 को श्री कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा लिए गए एक साक्षात्कार में लाला करम चंद गुप्ता जी ने बताया कि 67 वर्षों से मैं संघ/भाजपा से जुडा हुआ हूं। तब प्रजा परिषद् का एक आंदोलन चला था उसमें काफी जिद्दोजहद हमें करनी पडी थी। इसी दौरान डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आना हुआ, एक बार तो हमने उनका कार्यक्रम आर्य समाज में रखा। हज़ारों की तादाद में लोग शामिल हुए, जब दोबारा वह परमिट सिस्टम तोड़नें के लिए आए तो पुल के उस पार वो थे और इस पार हम, बीच मे कांटों वाली तार बिछी हुई थी और पुलिस भी थी हमारे सामने उन्हे गिरफ़तार कर रात को श्रीनगर ले गए। वहाँ उनकी मृत्यु कैसे हुई इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। प्रजा परिषद् के बाद जन संघ बनीं। उसके बाद जनता पार्टी बनीं और जनता पार्टी के बाद भाजपा बनीं। भाजपा का पहला अधिवेशन जो मुंबई में हुआ था अटल जी की अध्यक्षता में उसमें मैं गया हुआ था। प्रत्येक दूर दराज वाले अधिवेशन में मैं जाता हूं।

नोटः– इस साक्षात्कार का पूरा वीडियो नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

लाला करम चंद गुप्ता

On August 5, 2019 for me, like many others in Jammu province, was a day of thanks-giving, joy and celebrations. It was on this epoch-making day that Prime Minister Narendra Modi and his trusted colleague Home Minister Amit Shah undo the grave wrongs committed by the Congress and Prime Minister Jawaharlal Nehru. They integrated the state fully into India by removing -- with the full concurrence of the Parliament -- from the Indian statue book Article 370, which had given a separate status to the state on the score of religion, and illegal Article 35A, which was discriminatory and humiliating. It was a long wait. It took 70 years and it happened in our lifetime.

It was, as I said, a day of thanks-giving for people like us who had been associated with "Ek Nishan, Ek Pradhan and Ek Vidhan" movement from childhood/since 1952. The memories of what the then Sheikh Abdullah Government did to us in the GGM Science College, Jammu, are still too fresh to be forgotten. We had opposed and defeated the ill-conceived move of the Sheikh administration to hoist National Conference flag within the college premises and we had to spend sometime in the unliveable Central Jail, Jammu. All these pleasant memories linger in our minds even today. We also cannot forget the senseless reign of brutalities unleashed by the Sheikh Abdullah Government on the innocent school and college students, including girl students. Similarly, we remember even today the rustication from the College of two Students of the National Movement (SNA) and what it culminated into. It culminated into not just in 29-long hunger-strike in Jammu against the anti-democratic and oppressive Sheikh Abdullah Government supported to the hilt by the Congress Government at the Centre, but also into the Praja Parishad agitation the same year under the effective and skilful leadership of Pt Prem Nath Dogra, popularly known as "Sher-e-Duggar".

The Narendra Modi Government not just abrogated Article

RAMESH SABHARWAL

370, Article 35A and Jammu & Kashmir Constitution but also reorganized the state by creating out of it two Union Territories – UT of Jammu & Kashmir and UT of Ladakh. We as the founders of the Jammu and Kashmir Nationalist Front and Jammu State Morcha had worked for the state's reorganization as per the RSS' 2002 Kurukshetra Resolution. In 2002, the Jammu State Morcha won one seat on the statehood-to-Jammu plank.

I vividly remember what PM Manmohan Singh on August 15, 2004 said about the state from the ramparts of the Red Fort. He had clarified and said: "Kashmir doesn't mean the whole state. The State consisted of three regions – Jammu, Kashmir and Ladakh". It would not be an overstatement if someone may say that the clarification of Manmohan Singh was recognition of what we as members of the Jammu Kashmir Nationalist Front and Jammu State Morcha did over the years to put things in perspective and counter the false narrative that Kashmir meant the state.

By creating two UTs out of the state and abolishing Articles 370 and 35A, the Narendra Modi Government dispended the long-awaited justice to the people of the state, nay the nation as a whole, and fulfilled the 66-year-old dream of the founder president of Bharatiya Jana Sangh and the Lion of Bengal, Dr Syama Prasad Mukherjee, who had made supreme sacrifice in Kashmir on June 23, 1953 by laying down his precious life. It was not just that the nation lost Dr Syama Prasad Mukherjee, 15 other integrationists from across Jammu province, including Chamb, Hiranagar, Ramban and Sunderbani, had also laid down their lives for the cause of the nation in the sensitive border State of Jammu and Kashmir.

Indeed, what the Prime Minister and the Home Minister did on August 5 was an eventful day in many respects. But more than that, that day, they told the international community that India was a sovereign country in the true sense of the term and it had the required will, the required capacity and the required ability to tackle security-related problems, menace of terror, and politics of separatism based on religious fanaticism and take the enemy nations, including Pakistan, head on. The steps the Narendra Modi Government took between June 2018 and August 5 and after August 5 established for the first time in 72 years that India finally got a government that it needed so badly.

Now that the Narendra Modi Government has fulfilled the nation's most cherished desire, it's time to reflect on the baneful influence of Article 370, Article 35A and separate Jammu & Kashmir Constitution on the state polity in general and Jammu and Ladakh in particular as well as on the national security and the country's territorial integrity. Both these Articles plus the separate Constitution had only promoted communalism, separatism and the menace of corruption in the Kashmir Valley, granted unbridled legislative, executive and financial powers to the Kashmir-based ruling elite and led to the rise of a situation

under which Jammu and Ladakh were considered as Kashmir's two colonies where the life of the people was not one of political, social, cultural and economic aspirations but one of slavery and servitude.

The status of these two regions, whose watchword and battle-cry all along had been the state's complete merger with India and application of the Indian Constitution to the state in full and a dispensation that treated all the state's three regions equally at all levels and in all spheres, was like the status the British India and the Princely States had under the Imperialist London. In other words, Articles 370 and 35A established the hegemony of Kashmir and Kashmir-based ruling elite on Jammu and Ladakh and rendered the people of these two wilfully ignored regions ineffective and unreal for all practical purposes. They were no more than second or third grade subjects.

The share of the people of Jammu and Ladakh in the civil secretariat, vital service sector, Legislative Assembly, financial institutions, corporations; revenue, finance, law, police and nation-building education departments was just negligible. The story of road development, infrastructure development, power generation, tourism promotion, share of Jammu youth in the technical and professional colleges and Agriculture University was as identical as it was woeful. The worst part of the whole situation was that the youth of Jammu were rigorously excluded even from the technical and professional institutions and Agriculture University located in Jammu itself. Such was the nature of the polity handed down to us by the New Delhi-backed Kashmiri ruling elite. And, this, notwithstanding the fact that Jammu contributed more than 70 per cent revenue to the state exchequer every year.

It is a sad reflection that the powers-that-be in New Delhi always took Jammu and Ladakh for a ride or that it considered these two distinct provinces irrelevant could be seen from the fact it made Sheikh Abdullah, who had no locus standi in the matter, a party to the state's accession in October 1947 and entered into negotiations with Sheikh Abdullah in 1952 leading to what the vested interests call "Delhi Agreement". There exists no such thing as a signed Delhi Agreement of 1952. It was a mere statement made by PM Nehru on the floor of the Lok Sabha. It must remain a matter of shame that Nehru always ignored and overlooked the sane counsels of Home Minister Sardar Patel, the Iron Man of India. Had the Sardar handled the Jammu & Kashmir issue, he would have integrated the state into India like he integrated the over 500 princely states, including Hyderabad and Junagadh. India would not have paid through its nose for such a long time, had Jammu & Kashmir been under the Sardar's Home Ministry and not under the Nehru's Ministry of Foreign Affairs.

Ramesh Sabharwal

Our Father, Shri Rup Lal Rohmetra ji had participated in the agitation to remove Permit system and Article 370 & 35A from Jammu and Kashmir in 1953. It was organised by then Jana Sangh, and Rup Lal Ji was given the duty at Pathankot, to guide agitators from other states towards Lakhanpur, J&K. He was at Pathankot for almost a month and at the end of the agitation, he accompanied Dr Shayama Prasad Mukherjee to cross Lakhanpur, J&K. Shri Rup Lal Ji were arrested alongwith Dr Mukherjee at Lakhanpur and sent to Srinagar Jail. They were kept separately in Srinagar. When Dr Mukherjee died there, his body was sent to Calcutta, and all the other agitators were brought to Jammu and released. Government removed Permit system immediately from J&K, but did nothing about article 370 and 35A. Now, when our Father heard that PM Modi Ji has removed both the articles from J&K and made one country, one Flag, one Constitution for whole India, he was very delighted and distributed sweets. We pray to God to keep him in best of health and happiness to spend many more years with his children.

SH. RUP LAL ROHMETRA JI

SD/
Arvind Rohmetra

राजीव भारद्वाज जी यादों के झरोखों में झांकते हुऐ बताया कि उनके पिता जी श्रीमान देश बंधु जी भारद्वाज जम्मू की पहली शाखा दिवान मन्दिर में स्वयं सेवक बने। पिता मास्टर गौरी नाथ जी का लगा कि मेरा इकलौता बेटा, संघ की शाखा में जाकर संघी बन जाऐगा उन्हे रोका जाने लगा क्योंकि पूरा ही परिवार कांग्रेस का अंध भक्त था। उससे पहले भी जब देश का बंटवारा हुआ तो श्री देश बंधु जी बडे सक्रिय रहे थे।

जब श्री देश बंधु जी ने शाखा जाना बन्द नहीं किया तो उन्हे इंजीनियरिंग करने के लिए बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय भेजा गया। देश बंधु जी को तो मानों मुंहमांगा वरदान मिल गया। वहां पर संघ के सक्रिय कार्यकर्ता बन गये। उस समय देश का वातावरण बदलने लगा था। गांधी जी का वध हो गया, संघ पर आरोप लगा और प्रतिबंध भी। गुरू जी को पकड़ लिया गया। गुरू जी को छोड़ो आन्दोलन आरंम्भ हो गया। संघ के स्वयं सेवको पर भी आन्दोलन को सक्रिय करने का दायित्व आ गया। इसके बीच श्री देश बंधु जी के पास एक Cyclostyle Machine आ गई और इनके जिम्मे ही रोज पर्चे Cyclostyle करके बांटने का दायित्व आ गया। बडी तेजी से पर्चे छपते और बंटने लगे। अंग्रेज CID और पुलिस वाले परेशान हो गये। किसी ने पुलिस की मुखबिरी की और पूज्य पिता श्री देश बंधु जी गिरफ़तार हो गये। पिस्तौल बरामद नहीं हो सका। लेकिन रात्रि में कुऐं में उल्टा लटका कर खूब पिटाई की जाने लगी। पिता जी से पुलिस कुछ भी ना जान सकी। अन्त में मुक्दमा दायर किया

श्री देश बंधु जी

गया, सजा हुई।

इस बीच घर से मनी आर्डर द्वारा पैसे निंरतर भेजे जाते थे जिन्हे वहां के कार्य कर्ता या अध्यापक ले कर इनके खाने–पीने और मुक्दमें में खर्च कर देते थे। जब जेल से छूटे तो अखबार में फोटो छपे। काफी देर बाद अखबार जम्मू पहुंचा और किसी ने घर वालों को फोटो दिखाकर समाचार भी पढाया। तब जाकर दादा जी ने इन्हें बनारस से वापिस लाये और और इंजीनियरिंग की पढाई वहीं की वहीं रह गई। जम्मू आकर भी संघ कार्य में नृसिंह गढ शाखा में अपनी सक्रियता बढ़ाई। इनके तब के सहयोगी कार्यकर्ता श्री मुल्ख राज जी शर्मा, श्री ओम प्रकाश जी दलाल, श्री वैसाखी राम जी और कृष्ण लाल जी थे। ऐसे ही अनगिणत कार्यकर्ताओं को महान त्याग से आज अपना संगठन आगे बड़ा है।

श्री गुरू जी की अद्‌भुत स्मरण शक्तिः–

पूज्य पिता श्री देश बंधु जी भारद्वाज दिवान मन्दिर शाखा के स्वयं सेवको में एक थे। श्री गुरू जी को जम्मू प्रवास के दौरान एक बैठक हुई जिसमें सबका परिचय हुआ। पिता जी श्री देश बंधु जी पढने के लिए बनारस गये। वहा पर किसी मित्र को छोडने रेलवे स्टेशन गये। मित्र को विदा कर के मुडे ही थे कि पीछे से आवाज आई – देश बंधु जी पिता जी ने पीछे मुडकर देखा तो हैरान रह गये, आवाज देने वाला कोई और नहीं पूज्य श्री गुरू जी थे। पिता जी ने आगे बढकर अभिवादन किया तो पूज्य श्री गुरू जी ने पूछा कि यहां कैस? पिता जी विस्मित थे, केवल एक बार जम्मु में परिचय हुआ था। और जिस दृढ़ विश्वास के साथ पूज्य गुरू जी ने आवाज दी थी, वह भी पीठ देखकर पीछे से और वह जमाना 1948 का था। जब भातत्यात के साधन भी बडे सीमित ही थे। और जम्मू के व्यक्ति की बनारस में उपस्थिति, बडी कठिन हो सकती थी, पुज्यणीय श्री गुरू जी की स्मरण शक्ति बडी विलक्षण थी।

SD/
राजीव भारद्वाज जी

अपने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह–प्रांत व्यवस्था प्रमुख श्री दर्शन चौधरी जी अपने पूज्य पिता श्री बलेदव राज जी के प्रजा परिषद् में सक्रिय सहयोग एवं परिवार का इसके बाद मिली प्रतिक्रियायों के बारे में बताते हुऐ कहा कि 1953 के प्रजा परिषद् के ऐतिहासिक आन्दोलन में उनके पिता जी बलदेव राज जी बडे अग्रणी रूप से शमिल हुये। उस समय जबकि पुराने जम्मू के बाद सारा ईलाका गजनसू तक घना जंगल ही हुआ करता था। आने जाने के साधन भी नहीं होते थे बड़ा अमीर आदमी ही घोडे पर आता जाता था।

आम आदमी तो बस अपने पैरों पर ही निर्भर करता था। इन कठिन परिस्थितियों में भी दिल में अंगार भर कर ऐसे आंदोलनकारी, अपने घर बार की चिंता छोडकर एक निशान, एक विधान के लिये अपना अपूर्व सहयोग दे रहे थे।

पुलिस की प्रताड़ना का जिक्र करते हुये श्री दर्शन जी ने बताया कि दिसम्बर 1953 की रात्रि में तत्कालीन डीएसपी विश्वमित्र उनके घर दल–बल के साथ आ धमके लेकिन बलदेव जी भी कहां हाथ आने वाले थे। अपनें साथियों श्री देव राज शर्मा और बलवन्त सिंह जी के साथ खेतों से होते हुये रफू चक्कर हो चुके थे और विश्वमित्र अपने हाथ मलते हुए वापिस लोट आये।

यह तीनों साथी खेतों से होते हुए बडियाल ब्राहमणा आर. एस. पुरा के लिये चल देये। रास्ते में इतनी ठंड में तवी भी पार करनी थी। जूते पानी में वह गये। कपडे गीले हो गये थे रास्ते में श्मशान घाट में किसी की चिता जल रही थी। वहां रूके गीले कपडों में ठंड से ठिठुरते लागों के लिये यही चिता जीवनदत्यनी थी। रात्रि में कुछ देर चिता की अग्नि से जीने की आस बंधी थी बडा ही विचित्र संयोग था कोई मरकर भी दूसरों को मौत से बचाने में कामयाब रहा।

श्री बलेदव राज
गजन सू

सुबह आगे बढ़े, एक मन्दिर में सतसंग हो रहा था। देव राज शर्मा जी के पांव में छाले भी पड गऐ थे और पावं सुन्न भी हो गऐ थे। इसलिए उन्होंने वहा से बडी मजबूरी की हालत में भगवान से अनेको बार माफी मांगते हुये एक जोडी जूते आने पांवों में पहन लिये। और किसी तरह यह दिवाने आन्दोलनकारी बडियाल ब्रहामणा पहुंचे और कुछ दिनों तक वहा छुप कर पुलिस से बचते रहे।

दूसरा संस्मरण सुनाते हुये बताया कि उन दिनों Social Media नहीं था और न ही Print Media था Electronic Media का तो नामो निशान तक नहीं था। इसलिय प्रचार का माध्यम पर्चे बांटना या पोस्टर लगाना ही हुआ करता था। गजनसू वासी श्री बलेदव राज जी के जिम्मे पोस्टर बांटने का काम लगा था। पंडित जी काफी सारे आदोलन के केन्द्र थे। दिसम्बर माह में रात्रि में पोस्टर लेकर पैदल विश्नाह जाना था।

पोस्टर लिये बगल में दबाये कम्बल ओढे जा रिहे थे। कच्ची छावनी से पीर मिठ्ठा होकर बावेवाली गली में जैस ही पहुंचे उन्हे अहसास हुआ कि कोई उनका पीछा कर रहा है। जहां आज गुर्जर नगर है, वहां पर बडा ही घना जंगल और डरावना माहौल था। कहा जाता है कि तवी के पार सामने वाली खड्ड में चीता और अन्य जंगली जानवार भी होते थे । लेकिन बलदेव राज जी की नजर में पीछे लगा CID वाला ज्यादा खतरनाक था। पोस्टर उसके हाथ नहीं आने चाहिए। यह कर्तव्य निभाना है। यही सोच ही मन मे थी।

कर्तव्य का पालन करना है, इसी ध्यान में कब तवी और जंगल पार करके जंगल में बसे डिल्ली गांव में लम्बडदार अनन्त राम जी के घर पहुंच गए, पता ही नहीं चला रात्रि में वहां विश्राम कर अगले दिन भी पदैल चलते हुये लगभग 35 किलीमीटर दूर विश्नाह में पहुंचकर, वहां के कार्यकर्ताओं को पोस्टर सौंप कर जम्मू वापिस आये।

'हैप्पो' लम्बडदार रठोओ घो मन्हासस के रहने वाले थे। अपने साथियों फलौरा के श्री बिश्मंबर दास जी, कुकीहयां के मेवा सिंह जी लम्बड़दार और घो मन्हासां के ही श्री काका मन्हास जी के साथ बडे सक्रिय रूप से प्रजा परिषद् के आन्दोलन में भाग ले रहे थे। पुलिस के हाथ न आने पर हैप्पो लम्बड़दार के घर पर डीएसपी विश्वमित्र ने छापा मारा। लम्बडदार जी तो गायब हो गये। परन्तु उनकी पत्नी से बडा शर्मनाक व्यवहार किया गया। इस समय के माता जी घर के लोगों के लिये खाना बना रही थी, उस समय की प्रथानुसार खाना बनाते समय महिलायें गिद्धी बाँधती थीं। उन माता जी को वस्त्र भी नही बदलने दिए गये। उसी अवस्था में उन्हे पुलिस गिरफ़तार करके ले गई। जेल में सिर के बाल भी काट दिए गये अनेको प्रकार की यातनायें और प्रताड़नाएँ दी गईं। 15 दिनों के बाद माता जी को रिहा किया गया।

प्रजा परिषद् के आन्दोलनकारियों और उनेक परिवारों को भी इसी तरह की जघन्य यातनाएँ सहनी पड़ी।

SD/
चौ0 दर्शन जी

यह कहानी है उस विद्धान महिला की जिस ने इस आन्दोलन में बढ–चढ कर हिस्सा लिया तब जब एक महिला पर घर से बाहर निकलने पर भी लगभग प्रतिबन्ध जैसा होता था यह महिला कोई और नहीं थी, यह मेरी दादी मां थी जिनका नाम विमला डोगरा था। और वो सुन्दरवनी से लगभग 9 किलोमीटर दूर गांव मल्ला भरोड़ में रहती थी। मल्ला भरोड एक ऐसा गांव है जो बिल्कुल बार्ड़र के साथ सटा हुआ है जिस के एक तरफ पकिस्तान और दूसरी तरफ जिला राजौरी है जो कि 1952 में जिला पुंछ था। जिला राजौरी तब अस्तित्व में नहीं था।

जब 1952 में एक निशान, एक विधान, एक प्रधान नाम का आन्दोलन शुरू हुआ तब विमला डोगरा की उम्र लगभग 24–25 साल की थी और उनकी शादी श्री फेतह् सिंह निवासी मल्ला भरोड से हो गई थी और उनका इकलौता बेटा जो की तब मात्र 7–8 साल का था, और वो अपने पति के साथ प्रजा परिषद् में भाग लेती थी। तब जब जागरूकता की भी कमी थी लेकिन विमला डोगरा इतनी जागरूक थी धारा 370 के बारे में उनकी बहुत जानकारी थी। वो सिर्फ यह चाहती थी की जम्मू कश्मीर से 370 हटना चाहिए और एक निशान, एक प्रधान, और एक विधान पुरे देश में होना चाहिए। उनका सिर्फ एक की मकसद था हम को सिर्फ भारत के साथ रहना है।

सन 1952 में एक विशाल प्रर्दशन सुन्दरबनी में आयोजित किया गया जिस में लगभग हर गांव हर मोहल्ले से लोगों ने भाग लिया और उस प्रर्दशन में भाग लेने वाले तकरीबन 3 से 4 हजार लोग थे। जिसमें विमला डोगरा एक महिला हो कर भी तिरंगा हाथ में लिये प्रर्दशन में सब के आगे चलने वाली इकलौती महिला थी। जब प्रर्दशन नायब तहसीलदार के कार्यलय में पहुंचा तब वहां मौजूद अधिकारियों जिनमें तब के डी. सी. पुंछ (तब जिला राजौरी व जिला पुंछ एक ही जिला होता था) भी वहां मौजूद थे जिन्होंने मुझे तिरंगा झण्डा उठाने और तहसील सुन्दरबनी में फहरने पर अपना गुस्सा जाहिर किया। लेकिन

विमला डोगरा
Brief History of Agitation in the year 1952 at Sunderbani for Merger of Jammu & Kashmir with India under Slogan
'एक निशान, एक प्रधान, एक विधान'

तब देश को न बँटने देने का जोश इतना था की उनको अपनी जान और बाल बच्चों की भी परवाह नहीं थी डी. सी पुंछ के सामने जब फिर से तिरंगा झण्डा लहराने लगे तो फिर उसने बहुत गुस्सा जाहिर किया। और जैसे ही डी.सी पुंछ ने तिरंगे को हाथ लगाने की कोशिश की, तभी विमला डोगरा ने डी.सी. को धप्पड जड़ दिया और वहां पर प्रजा परिषद् के लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू की दिया और गोली भी चलवा दी।

इधर संघर्ष चल रहा था और दुसरी तरफ विमला डोगरा ने नायब तहसीलदार सुन्दरबनी के ऑफिस के ऊपर तिरंगा लहरा दिया और जैसे ही पलट कर पीछे देखा तो गोलियों की बौछार चल रही थी सामने बाबा राम दास जो कि पुक्खरनीं पंचेरी गांव के रहने वाले थे खून के साथ लथपथ जमीन पर पडे हुए थे।

जब विमला डोगरा ने देखा की बाबा राम दास जमीन पर पडे हैं वो उनको समभालने लगी तब पुलिस ने उन पर लाठियों चलना शुरू की दी तब उनको सर पर चोट लग गई और खून बहने लगा और वो बच कर वहां से भाग निकलने में कामयाब हुई पुलिस ने बहुत पीछा किया पर वो पकड़ में नहीं आई उन्होनें भागते भागते सोने के आभूषण अपने शरीर से उतारे और अपने पहचान–परिचित आदमी को दे दिये के पुलिस मुझे गिरफ़तार कर लेगी और जब लौट के आऊंगी ले लुंगी और उन्होने बोला की मेरे पति को भी बता देना लेकिन भगवन जी का शुक्र रहा की वो पुलिस की गिरफत में नहीं आई और पुलिस लगातार पीछा कर रही थी लेकिन वो अपने पति के साथ दूर जंगल में रहने लगी और जंगल में रहते हुये भी अपने आन्दोलन को उन्होने कमजोर नहीं होने दिया।

यह प्रर्दशन इतना शक्तिशाली थी की प्रजा परिषद् में शामिल लोगों को मरने से भी नहीं डर लगता था। ठीक 9 दिन बाद सुन्दरबनी में हुऐ एक और प्रर्दशन में विमला डोगरा जब शामिल हुई और मकसद उस प्रर्दशन का यही था – एक निशान,एक विधान, एक प्रधान के यानी के आज के दौर में यह कहें की 370 को जम्मू कश्मीर से हटाना। इसी प्रर्दशन में शामिल विमला डोगरा पुलिस की पकड में आ गई और उनको 6 महीने अम्बफला जेल में गुजराने पडे जब कि उनका बेटा मात्र 8 साल की उम्र का था लेकिन हार नही मानी। आज वह इस दुनिया में नहीं हैं। लेकिन यह उनका सपना जो 370 को जम्मू कश्मीर से हटाने का था आज हमारे प्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंन्द्र मोदी जी ने पुरा किया और उन्होने विमला डोगरा जी की आत्मा को शान्ति प्रधान की जिसके लिए हमारा पूरा परिवार मोदी जी का धन्यवादी है।

SD/
कुलराज सिंह

श्रीमति प्रकाशो देवी जी का जन्म 1925 ई. में जम्मू प्रान्त के सांबा जिले के तरोड़ ग्राम में हुआ था। उस समय लड़कियों की शिक्षा और उनकी पढाई की तरफ बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जाता था और ना ही इसकी कोई जरूरत समझी जाती थी। इसलिए बहुत कम लड़कियां पढना–लिखना जानती थी। वह प्रारभिक शिक्षा भी ग्रहण नहीं कर पाती थी। क्योंकि 12, 13, साल की लड़की की शादी की दी जाती थी। श्रीमति प्रकाशो देवी की शादी भी 13 साल की उम्र में हो गई थी। जिस परिवार में इनकी शादी हुई वह परिवार स्वयंसेवक संघ से जुड था।

प्रकाशो देवी भी परिवार के साथ संघ का काम करने लगी। 1933 में इनकी शादी हुई थी और 1938 में माननीय लक्ष्मीबाई केलकर ने विजयादशमी के अवसर पर 'राष्ट्र सेविका का समिति' अखिल भारतीय महिला संघठन की स्थापना की थी और आज भारत के सभी प्रांतों में 90,000 से ज्यादा केन्द्रों पर समिति का सांस्कृतिक और सामाजिक कार्य चल रहा है। 1952 में राष्ट्र सेविका समिति की तरफ से पहली बार शाखा गुड दी छोनी में लगी थी।

1948 में महात्मा गांधी के देहान्त के बाद रा. स्व संघ पर प्रतिबंद्ध लगा, फलस्वरूप इनका परिवार भी इसकी चपेट में आ गया। 1953 में वह भूमिगत रहीं और प्रजा परिषद आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। गोवा सत्याग्रह के दौरान इन्हे दो मास के लिए हिसार जेल भेजा गया। 1975 की एमेरजन्सी में प्रान्त की केवलगात्र वह एक महिला थी जिन्हें डी॰। के तहत गिरफतार कर के जेल भेजा गया। अपनी जीवन काल में श्रीमति प्रकाशो देवी को 27 बार जेल जाना पडा। जय प्रकाश नारायण के आंदोलन में भी उन्होंने सक्रिय भाग लिया। वह 1952 से 1956 तक प्रजा परिषद महिला विभाग की प्रधान रहीं।

जम्मू प्रान्त में राष्ट्र सेविका समिति के केन्द्र की स्थापना का श्रेय श्रीमति प्रकाशो देवी जी को जाता है। आर्य समाज पुरानी मण्डी जम्मू में लड़कियों की प्रथम शाखा इनके द्वारा ही आरम्भ की गई। मुम्बई (महाराष्ट्र) की सिंधु ताई की दिशा निर्देश के अन्तर्गत इन्होंने महिलाओं का राष्ट्र सेविका समिति की गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। महिलाओं का राष्ट्र के प्रति जागृत करने के साथ–साथ उनको समाज में सम्मान से जीने की शिक्षा भी देती थी। 28 फरवरी 2013 को 88 वर्ष की आयु में इनकी देह लीला समाप्त हुई।

श्रीमति प्रकाशो देवी

जम्मू में राष्ट्र सेविका समिति की नीव का पत्थर

मेरे पिता जी श्री हंस राज गुप्ता जी का जन्म 17 मई 1913 को श्री चंद शाह जी के घर अखनूर में हुआ। मेरे पिता जी ने दसवीं तक की शिक्षा अखनूर से ही ग्रहण की। उनके अन्दर बचपन से ही देशभक्ति और धर्म के लिए कुछ करने का जज़्बा कूट–कूट कर भरा हुआ था। पिता जी अपने बाल्य काल से ही धर्म के कार्यों में बढ़–चढ़ की हिस्सा लेते थे। देश आजाद होने के बाद पिता जी अपनी हिन्दू विचारधारा की वजह से राष्ट्रीय स्वयं संघ और प्रजा परिषद् से जुड़ गए। सन् 1953 मे जब पंडित ज्वाहर लाल नेहरू और शेख अब्दुल्ला की गलत नीतियों का विरोध करते हुए और एक देश, एक विधान, और एक निशान के लिए प0 प्रेम नाथ डोगरा जी ने आन्दोलन चलाया तो मेरे पिता जी स0 लाला हंस राज गुप्ता जी उनके प्रमुख सहयोगी थे।

श्री हंस राज गुप्ता
सजवाल वाले

जब प0 प्रेम नाथ डोगरा जी ने आन्दोलन का बिगुल फूंका तो अखनूर से जो 24 लोगों का जत्था उनके साथ गया तो उसमें मेरे पिता जी थे। उन सबको अखनूर के तहसील कार्यालय में गिरफ़्तार कर लिया गया। श्रीनगर की जेल में भेज दिया गया। और 9 महीने उनको श्रीनगर की जेल में रखा गया।

और जब श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी का देहान्त हो गया उसके बाद उनको जेल से छोड़ा गया। जेल में उनको तरह तरह की यातनाए भी दी गई। पिता जी के जेल जाने के बाद हमारे घर में कमाने वाला कोई न था। मेरी तीन बहनों की उम्र 1–7 साल के बीच थी। हमारी मां ने बहुत मुश्किल से परिवार का पालन पोषण किया। पिता जी के जेल मे होने के दौरान मेरी एक बहन को ईलाज के अभाव में पोलियो हो गया मगर फिर भी पिता जी माफीनामा देकर जेल से बाहर नहीं आए और मेरी बहन सारी उम्र पोलियों से ग्रस्त रही। अपने पिता जी से प्रेरणा लेते हुए ही आज हमारे परिवार की तीसरी पीढी प्रजा परिषद् से होते हुए जनसंघ, भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुडी हुई है। मैं खुद भाजपा में बूथ स्तर के कार्यकर्ता से होते हुए आज वर्तमान में भाजपा जम्मू कश्मीर प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य हूं और आस.एस.एस में भी मैं मुख्य शिक्षक से लेकर नगर कार्यवाहक व संघचालक तक रहा हूं और मेरी धर्मपत्नी श्रीमति अमीता गुप्ता वर्तमान में अखनूर नगरपालिका वार्ड न0 2 से नगर पार्षद हैं। और मेरे बच्चे भी भाजपा में काफी सालों से सक्रिय है।

आज जब वर्तमान की केन्द्र सरकार ने जम्मू–कश्मीर से धारा – 370 और 35–ए को हटाया तो 5 अगस्त 2019 का दिन हम लोगों के लिए दूसरी आजादी का दिन था। इस दिन के लिए ही मेरे पिता जी और उन जैसे हजारों लोगों ने अपना सब कुछ बलिदान कर दिया था। आज मैं अपने दिल की गहराईयों से माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का धन्यवाद करता हूँ।

SD/
भारत भूषण गुप्ता
सदस्य प्रदेश कार्यकारिण
भाजपा जम्मू व कश्मीर

वैद्य देस राज शर्मा
'औदीच्य'

प्रिया सम्पादक

माँ भगवती जी की प्रकृति का भी यह कैसा नियम है कि भांति–भांति के विचारों को अपनी बुद्धि में संजो कर जीव उसी के अनुसार अपना जीवन काल व्यतीत करता है।

कुछ लोग देश के लिए 'अपना' संब कुछ लुटा देते हैं। तो कुछ देशभक्ति का लवादा ओढ कर 'अपने' लिए पूरे देश को लूट लेते हैं। स्वार्थी की दृष्टि कभी भी उस व्यक्ति की लम्बाई–चौडाई नहीं माप सकती जो पर–हित में अपना सब कुछ लुटा रहा हो। पर–हित में प्राण फूंकने वाले व्यक्ति को कभी किसी से इनाम यां प्रंशसा पाने की आकांक्षा नहीं करनी चाहिए। सत्य के मार्ग पर चलने वाला हमेशा अकेला होता है। उस मार्ग पर कोई छायादार पेड़ नहीं होता। बडे–बडे धनाढ़य बडे–बडे ओहदों का आवरण लपेटे हुए व्यक्ति भी शायद ही सत्य की हामी भर सकें। सत्यवादी व्यक्ति के हृदय का सत्य ही उसका 'राम' होता है। उसका अपना अन्तः करण ही उसकी अदालत होती है। और कदम–कदम पर ठोकर ही उसकी एकमात्र साथी होती है परन्तु अन्त में उसकी चिता से आकाश की और उठते हुए आग के ऊँचे–ऊँचे शोले जब उसके सत्य जीवन की गवाही देते हैं तो आस पास खडे हुए सब लोग अपने अपने मन में स्वयंमेंव ही यह कहने को विवश हो जाते हैं, कि यह 'भला आदमी' था। देश–हित के लिए ऐसे ही जीवन मिटा देने वालों की यादे ताजा रखने के लिए 'संकलन' का जो प्रयास करने का बीड़ा आपने उठाया है, उसके लिए बहुत–बहुत साधूवाद।

जम्मू में लगभग 55 किलोमीटर गावं जिन्द्राह में औदीच्य जातिय एक गुजराती ब्राह्मण परिवार लगभग दो सदियों से निवास करता है। यही के पं0 रामलाल जी गुजराती के घर 1932 में एक इकलौते पुत्र के रूप में वैद्य श्री देसराज जी का जन्म हुआ। बचपन में ही 1947 में देश विभाजन का असर बुद्धि पर पड़ा तो स्वयंमेव ही देशभक्ति की और खिंचते चले गए। उस समय देशभक्ति से लवालव

भरे हुए जवानों का एक की तरफ झुकाव था और वह था प्रजा प्ररिषद् का 'चढ़ता सूर्य'।

देशभक्ति आन्दोलन मुखर हो रहा था। पं0 प्रेमनाथ डोगरा बागडोर समभाले हुए महामन्त्री थे। श्री दुर्गादास ने प्रशासको की नाक में दम कर रखा था। जेले भरी जा रही थी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जेल भेज दिया गया था। बडे–बडे नेता भूमिगत हो गए थे। सूचनाओं के आदान प्रदान का कार्य स्कूल के बच्चों से लिया जाता था। ताकि किसी को संदेह न हो। देसराज जी की प्रारंभिक शिक्षा जिन्द्राह के बाद अपने नौनिहाल साम्बा में हुई। रधुनाथ पाठशाला में भी अध्यनरत हुए। पं0 मूलराज शास्त्री जी अध्यापक थे। श्री देसराज जी नित्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में जाते। वहीं से लौ लगी। पाठशाला की वर्दी में भूमीगत नेताओं की सूचनाऐं पहुंचाने का कार्य करते।

रियासत जम्मू कश्मीर में यद्यपि गुजराती ब्राह्मण के घर मात्र गिने–चुने ही हैं तथापि इनको गुजराती ब्राह्मण से ही दो हम विचार के मिल गए। एक थे श्री शिव कुमार त्रिपाठी जो बाद में भारतीय मजदूर संघ बटाला (पंजाब) के अध्यक्ष रहे। दूसरे थे श्री महेश चन्द्र जी जो बसोहली के एम.ऐल.ऐ रहे। घर में आगन्तुको का आना जाना लगा रहता था। राम नगर के श्री हंसराज वकील, विश्नाह के डा0 जगदीश दुबे, शेख अब्दूलरहमान जी के साथ आत्मीय संम्बंध थे। विधिवत वैद्यक की शिक्षा प्राप्त कर देसराज जी आर्युवैदिक ड़िस्पैंसरी मजालता में दवासाज के पद पर नियुक्त हुए परन्त आर.एस.एस का कार्यकर्ता व अपने न झुकने के स्वभाव के कारण संरकार की आंख की किरकिरी बन गए। उनके आगे नित्य नई परेशानियां खडी की जाने लगी। अतः तंग आकर उन्होंने शीघ्र ही नौकरी से त्याग पत्र दे दिया। यहीं से उनकी जिन्दगी का कठिन दौर आरम्भ हुआ। पांच बेटियां व तीन बेटे थे। तीन बहने भी थी। आय का कोई निश्चित स्रोत्र नहीं था। यद्यपि गुजराती ब्राह्मणों का अक्सर कार्य अन्य स्वर्ण जातियों के यहां वार्षिकी, अर्ध–वार्षिकी करवाना व दान इत्यादि ग्रहण करना था तथापि श्री देसराज जी इस कार्य को करना अच्छा नहीं समझते थे । उनका कहना था कि दान लेने से इन्सान का स्वभिमान समाप्त हो जाता है। दान देने वाले हमेशा उसे दवा कर रखते हैं। ऐसा करना सनातन नियम के विरूद्ध है पर हमारा समाज अभी इतना प्रकाशमय नहीं है कि दान देने और दान लेने के महत्व को आत्मसात कर सके।

जिन्दगी के कठिन दौर से गुजरते हुए भी भारतीय जनसंघ जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष थे डा0 बलराज मधोक का कार्य निरंतर करते रहे। जिसका चिन्ह हुआ 'दीपक'। देसराज जी मण्डल सचिव व प्रधान रहे। पंजाब से एम.पी वीर जगदत जो जम्मू के प्रभारी भी होते थे जब पार्टी कार्यक्रम पर आते तो जिन्द्राह में देसराज जी के घर पर ही ठहरना होता। वीर जगदत जी भुरे रंग का कलीदार पायजामा पहनते व स्वभाव के सख्त थे। असूल के आदमी थे। वीर भवन के एक अन्य बुजुर्ग जिनका नाम श्री दीना नाथ था सफेद कुर्ता पायजामा व

काले रंग का एक हैण्ड–वैग लिए अक्सर पार्टी के सिलसिले में घर में आते रहते वह खुश्क फुलका खाते थे। जिन्द्राह घरोटा से श्री राजेन्द्र सिंह जी एम.ऐल.ऐ रहे। श्री देसराज जी के अन्य साथियों में वैद्य पं0 श्री वेद प्रकाश रैणा गांव कन्याला 'पं0 ज्ञान चन्द जी, डन्साल' निककु शाह जी पटयाडी, राम चन्द जी मंगोत्रा, कठाड, श्री परसमार जी सन्याल, चिल्ला इत्यादि सभी से इक्टठे होकर प्रजा परिषद् के एक विधान, एक प्रधान, एक निशान के आन्दोलन में बढ़चढ़ कर कार्य किया। जेलों में गए, लाठियाँ खाई। पार्टी से जो आदेश मिलता, जी–जान से पूरा करने जुट जाते। हजारों कार्यकर्ता जेलों में भरे गए। सैकडों शहीद हुए। पं0 वैद्य देसराज जी एक अच्छे कर्मकाण्डी विद्ववान व सच्चे समाज सेवक थे। वैद्य सभा में सक्रिय थे। पदाधिकारी थे। प्रधान वैद्य गौरी शंकर द्विवेदी जी थे। श्री देसराज जी ने महसूस किया कि रियासत में गुजराती समाज व संस्कृति को भी बढावा देने की जरूरत है। आज तक अक्सर लोग नहीं जानते कि रियासत में औदीच्य व नागर दो गुजराती ब्राह्मण जातिऐं भी निवास करती हैं। इसलिए उन्होंने आज जम्मू कश्मीर गुजराती ब्राह्मण सभा की नींव रखी। श्री दयाराम गुजराती उधमपुर उपाध्यक्ष व मास्टर प्रकाश चन्द गुजराती अखनूर महासचिव हुए। देसराज जी डोगरा ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा से भी जुडे हुए थे। चाहे ग्रामीण समस्या हो या खाद आन्दोलन। राशन का आन्दोलन हो या 1971 में बंगलादेश की आजादी या एमरजैंसी का समय। श्री देसराज जी ने अपने साथियों के साथ ही दुःख सहते काम किया। वह जब भी घर से निकलते तो बता कर नहीं जाते कि कहां जा रहे है। क्योंकि जनसंघी होने के नाते इस बात का खतरा सदा मंडराता रहता कि कब किसी प्रोग्राम में पकड़ न लिए जाऐं। घरवाले परेशान न हों इसलिए कहां जा रहे हैं बताते ही न थे। मजबूरी में पडिताई के कार्य में कहीं जाने पर जो दान–दक्षिणा मिलती अक्सर पार्टी के कार्यों की भाग दौड में ही खर्च कर देते थे। लाला जगत नारायण जी के लेख बडे गौरव के साथ पढ़–पढ़ कर लोगों को सुनाते थे व कहीं भी आन्दोलन होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की काफी बढाई करते। सन 1996 जनवरी 27 को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके अपनी पंचतत्व की देह को मैया देविका गंगा जी में अर्पित कर, तत्वों में विलीन होकर ज्योति जोत समा गए।

अगर आज जिन्दा होते और अपनी आंखों से दफा 370 को टूटता देखते तो वह कितने हर्षित होते यह बात लिखना कलम से बाहर है।

SD/

Sushant Dave

दिनांक 25–08–17 को श्री कुलभूषण मोहत्रा एवं उनकी टीम द्वारा लिए गए एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि प्रजा परिषद् डा0 बलराज माघोक जी ने बनाई थी और मुझे कठुआ शहर का सेक्ट्ररी मुकर्रर किया गया था। डॉ0 मुखर्जी पहली बार जब जम्मू कश्मीर में आए तो कठुआ में उनके साथ दो और वरिष्ठ एम.पी. थे उन्होंने आर्य समाज मंदिर में भाषण दिया। उसके बाद हीरानगर चले गए। भाषण में उन्होंने कहा था मैं आपको हिन्दुस्तान का विधान दूँगा, नही तो अपनी जान दूँगा। यही शब्द उन्होंने हीरानगर, साम्बा और उधमपुर में भी बोले। जब डॉ0 मुखर्जी दोबारा जम्मू आए तो उनके साथ पर्सनल सेक्ट्ररी के रूप में अटलजी भी थे। उन्हें माधोपुर में ही गिरफ़तार कर लिया गया। और उन्होंने अटलजी को कहा कि पूरे हिन्दोस्तान को बता दो कि डॉ0 मुखर्जी जम्मू कश्मीर में शामिल (दाखिल) हो चुके हैं। पुल के बीच जहाँ से जम्मू कश्मीर की सीमा शुरू होती है वहाँ से वापस भेज दिया। SSP Abdul Majid Khan जो कि Ex. Capt. था उसने D.C के Warrant गिरफ़तारी पर Signature करवाकर उनको गिरफतार किया। बाद में उनको सीधे श्रीनगर ले गए।

नोटः– इस साक्षात्कार का पूरा वीडियो नानाजी देशमुख एवं प्रलेखन विभाग, भा0 ज0 पा0 कार्यालय त्रिकुटानगर में सुरक्षित है।

चौधरी चग्गर सिंह
(कठुआ वासी)

Gentle by nature, Sh Sham Lal Sharma was deeply involved in the working of RSS as also that of the Praja Parishad and that of Jana Sangh. He also held the post of Headmaster of S.D. Sabha High School for quite some time.

Sh Sharma was first amongst those who joined the RSS in late thirties and held the position of Nagar Karyavah. He was active in RSS even when Headmaster but later became the Chief Organiser of the Praja Parishad when this political body was floated in later 1947. He devoted his energies in building the organisational set up of Praja Parishad.

As being an important activist of the Praja Parishad, he was arrested and jailed quite often along with Pandit Prem Nath Dogra. When the Satyagraha movement was launched in November 1952, seeking the abrogation of Article 370 and get integrated J&K with the union of India like other over 550 princely states of the country. Sh Sharma was also arrested along with Pandit Ji and lodged in Central Jail Jammu for about eight months.

Sh Sharma's almost entire family was taking part in the Praja Parishad movement.

In addition to taking part in social and political activities, Sh Sharma was also having a literary taste. At later stage he framed a dictionary in Dogri also and devoted to some writings too.

SHAM LAL SHARMA

Smt Shakti Sharma wife of Sh Sham Lal Sharma also played quite important role in the Praja Parishad movement.

She organised teams of women for holding protest demonstrations against the atrocities of the police on satyagrahis and other acts of suppression.

Smt Shakti also organised groups of women to visit New Delhi and other important places of the county to apprise them about atrocities and excesses being committed by police to terrorise the workers and supporters of the Praja Parishad.

She also took care of the families of the arrested jailed activists of Praja Parishad.

PROF. SHAKTI SHARMA

श्री केशो राम, प्रेमचंद, संतराम, रामलाल अरोड़ा, कौशल्या देवी, देसराज अरोड़ा, 1953 इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा थे वर्तमान कभी उनको भूला नहीं सकता! यह सब समाज व देश के लिए जीते थे देश की आजादी के साथ इन लोगों ने संकल्प कर लिया के जम्मू कश्मीर को पूर्णआजादी नहीं मिली और पंडित जवाहरलाल नेहरू ने शेख अब्दुल्ला के साथ मिलकर भारत के संविधान में धारा 370 को रख लिया है इस कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन में तन मन धन से भाग लेना शुरू किया 1947 में देश की आजादी के साथ जम्मू कश्मीर में यह लोग काम करने लगे, इन सब की सक्रिय भूमिका रही और प्रजा परिषद के आंदोलन के साथ जुड़कर धारा 370 को खत्म करने के लिए प्रयास में लग गए और आज बहुत साल बाद देश को इस धारा से जो अलगाववाद और आतंकवाद की जननी है से छुटकारा मिला है! ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्होंने अपने प्राणों की, अपने व्यक्तिगत कामों को ,अपने सब स्वार्थों को छोड़, देशहित काम किया है, आज हम सब मिलकर उनकी इस भावना को प्रणाम करते हैं आज वह दुनिया में जीवित नहीं लेकिन भगवान के श्री

Kesho Ram Arora

Ram Lal Arora

Shakuntala Devi

Sant Ram Arora

"हम लाए हैं तूफान से कश्ती निकाल के"

चरणों में आज वह बैठकर इस बात का आनंद ले रहे होंगे कि जिस संघर्ष को उन्होंने शुरू किया या उसका हिस्सा बने, आज की वर्तमान पीढ़ी उसे लक्ष्य को हासिल कर चुकी है! धारा 370 इतिहास बन चुकी है आइए कुछ यादों को और कुछ कामों को जो कष्टों को उन्होंने सहा , इन महान व्यक्तियों का आज स्मरण करें!

चौक चबूतरा की एक गली से निकलता हुआ एक युवक बालक जिसकी उम्र 20 साल के पास थी गठीला पहलवानी शरीर था आस–पड़ोस के नौजवानों के घरों में सुबह–सुबह आवाज देकर शाखा चलने को कह रहा था देखते देखते 10 से 15 नौजवान अपने घरों से निकलकर ,उसके साथ दीवान मंदिर शाखा की ओर चल पड़े ,संघ की शाखा में जमीन बहुत सुकून देती थी! केशो राम ने देखा कि आज शाखा की संख्या 70 के करीब है 3 गन बनेंगे और 3 गन बनाने का आदेश हुआ! सूरज नमस्कार सबको करने की आज्ञा हुई और उसके उपरांत सब मिलकर सूर्य नमस्कार करने लगे देवी दीता माल जो की उम्र में कुछ बड़े थे ध्वज प्रणाम करके मुख्य शिक्षक को प्रणाम करने एक और नौजवान के पास पहुंचते हैं! शाखा का मुख्य शिक्षक था प्रणाम करने पर देवी दीता मल कहने लगे कि मैं योग ना कर पाऊंगा ,आपकी आज्ञा हो तो शाखा के किनारों पर चक्कर लगा लेता हूं! आप जानते हैं चोट के कारण में योग नहीं कर पाऊंगा ,सब जानते थे कि देवी दीता के दाहिने जांग पर काफी जगह चोट लगी हुई है! जख्म अभी भरा नहीं है, उसे योग ना करने की छूट दे देते हैं! योग के उपरांत खेल शुरू हुआ, सभी मंडल में अपने अपने खेल के लिए चल पड़ते हैं! मंडल लकड़ी के टुकड़े से निशान डाला जाता है और बीच में एक छोटा सा मंडल 10 इंच का डाला जाता है! चल रहे खेल का नाम था ,कश्मीर किसका, देवी दिता मल भी मंडल के पास पहुंचकर खेल का आनंद लेने लगे ,सब नारे का उत्तर का दे रहे थे कश्मीर किसका उत्तर–मेरा है, कश्मीर किसका– मेरा है !एक दूसरे को धक्का देकर मंडल से बाहर निकालते थे 10 कहने पर राकेश खुशी से नाचने लगा, क्योंकि उसके दोनों पैर मंडल के अंदर थे, बहुत अच्छा दो बार और खेल होगा, उसके उपरांत कबड्डी का मुकाबला होगा! यह सुनते ही सब खुशी से नारा लगाते हैं भारत माता की जय–खेल आगे बढ़ता है शाखा के अन्य कार्यक्रम होते हैं अंत में संख्या 110 तक पहुंच जाती है शाखा खत्म होने के बाद, कुछ कार्यकर्ता समूह में अलग–अलग घरों की ओर निकल पड़ते हैं! जो साथी नहीं आए उनका पता करने! केशो राम, देवी दीता मल को लेकर डॉक्टर बृजलाल को दिखाने के लिए ले जाते हैं! 1947 में एक जुलूस के अंदर

मुस्लिम बदमाशों ने उन्हें घेर लिया था उनकी पिटाई की थी काफी चोट दाईं टांग पर आ चुकी थी उन्होंने तेजधार हथियारों से ऐसा किया था, जो अब नासूर बन चुके थे! उनका उपचार करने का प्रयास किया मगर ठीक ना हो सका! अप्पर बाजार में डॉक्टर बृजलाल एवं डॉक्टर राम प्यारा जिन की दुकान चौक चबूतरा में थी उनका इलाज करते थे! देवी दीता को घर छोड़ने के बाद केशो राम अपने काम में सब्जी मंडी के लिए निकल पड़ते हैं !देवी दीता जो रिश्ते में केशो राम अरोड़ा के फूफा थे वही उस काम के मालिक थे लेकिन घाव तो ठीक होने का नाम नहीं ले रहा था और देवी दीता 1953 के आंदोलन में चोट के बाद भी आंदोलन में भाग ले रहे थे !

हर दिन, सब ओर एक ही आवाज गूंजती सुनाई देती थी, लेकर रहेंगे अपना हक, दो प्रधान दो विधान–दो निशान–नहीं चलेंगे–नहीं चलेंगे! 1947 में आई हुई चोट लगातार परेशान कर रही थी , इस कारण उनके काम को श्री केशो राम को संभालना पड़ता था! सूरज की पहली किरण के साथ पहले अखाड़ा, शाखा का काम, बीच में जुलूस के अंदर जाना यह क्रम 1953 के आते–आते जीवन का हिस्सा बन चुका था! प्रजा परिषद का आंदोलन अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुका था! अब तो अपना काम भी नहीं कर पा रहे थे, एक जुलूस पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज के बाद केशो राम सहित अनेक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया, उसी काल में उसकी बहन कोशल्या देवी ने भी और बहनों को लेकर गिरफ्तारी दी थी! सब को छोड़ने का नारा लगाते हुए सात बहनों के साथ कौशल्या देवी को पकड़ कर पक्का ढंगा थाना में बंद कर दीया गया था, और बाकी को छोड़ दिया! 24 घंटे बीत चुके थे खाना खाने को नहीं मिला था, भारत माता की जय की आवाज बहनों के बीच में से आती रहती थी! अगले रोज दोपहर 2:00 बजे खाना लेकर थाने कुछ लोग पहुंचे बहुत निवेदन करने के बाद उन तक खाना पहुंचा, पक्का ढंगा पुलिस स्टेशन, जो दीवान मंदिर के सामने एक गली में था! इतने में थाना प्रभारी पहुंच जाता है! और आते ही सबसे पूछने लगा के इन देवियों को कौन खाना देकर गया है ,प्रश्न के उत्तर का इंतजार किए बिना आदेश देता है कि आज से इनको सबक सिखाता हूं, सफाई कर्मचारी को संदेशा भेज कर बुलाया जाता है और थाना प्रभारी सामने पड़ी एक लकड़ी की पुरानी कुर्सी पर बैठ जाता है! उसके चेहरा गुस्से से लाल था, मानो खाना खाना भी अपराध था! सफाई कर्मचारी हाथ जोड़कर पूछता है जनाब क्या हुक्म है, आपने याद फरमाया है! आदेश हुआ कि कल से आदमी का मल अर्थात टट्टी थाने से जो साफ करते हो टोकरी के अंदर डालकर इस कमरे में फेंक देना जहां पर

आंदोलनकारी औरतों को रखा है और कल से खाना वहीं पर खाएंगी! बाहर फेंकने की जरूरत नहीं है और जब तक इनको छोड़ने का सरकारी हुकुम नहीं आता, तब तक खाना इसी कमरे में खाना पड़ेगा और शोच भी उसी कमरे में करेंगी, यह कमरे के बाहर नहीं जाएंगी! सिपाही को बुलाकर आदेश हुआ किसी ने अगर बाहर निकालना चाहा तो उसे नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा, यह बात सुनाते हुए कौशल्या देवी की आंखें नम हो गई , कुछ देर चुप रहने के बाद वह बोली, मेरे पति संतराम मुझको मिलने भी नहीं आते थे उन्हें मेरे काम से सहमति नहीं थी, मेरा आंदोलन और संघ से लगाव देखकर उन्होंने मुझे घर से बाहर निकाल दिया था! और मैं अपने मायके रहने चली गई थी!

लेकिन आंदोलन शांति से आगे बढ़ रहा था और धीरे–धीरे सारा समाज उसे जुड़ता जा रहा था, शकुंतला देवी के जीजा का नाम संतराम था, जो जला फिनिया वाले के परिवार का हिस्सा थे! वास्तव में जल्ला फेनिया वाले संतराम जी सुन वा बोल सकते थे और लेखक रमेश अरोड़ा के रिश्ते में फूफा लगते थे ,दूसरे भाई जिनका नाम रामलाल था वह सुन सकते थे मगर बोल नहीं सकते थे इशारों में अपनी बात करते थे, कृष्ण लाल जी उनके घर में एक कमरे में रहते थे संघ से जुड़े हुए थे समय–समय पर समाज के अंदर चल रही गतिविधियों की जानकारी जल्ला फेनिया वाले भाइयों को इशारों में समझाते रहते थे, और तीसरा सबसे बड़ा, भाई ना बोल सकता था ना सुन सकता था इशारों में बात होती थी! डॉक्टर ओम प्रकाश मेंगी, तिलक राज पंडो, श्याम लाल जी, दुर्गादास वर्मा इन सब से इस टोली का, मिलना लगातार होता था तिलक राज पंडो की टांग में आंदोलन के दौरान गोली भी लगी थी लेकिन देश को जोड़ने का संकल्प उनको रोक नहीं सका और प्रजा परिषद के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे उनका व्यक्तिगत काम भी सब्जी की आड़त का था!

जल्ला फेनिया वाले तीनों भाइयों की दुकान लिंक रोड चौक से पहले पढ़ती थी, तीनो भाई अपनी जवानी की चरम सीमा पर थे ,त्याग से भरा जीवन, हर वक्त संघर्ष करना, सब धार्मिक प्रवृत्ति के थे और समाजिक कामों से जुड़े थे! संत राम जी के बड़े भाई रामलाल जीवन भर जो भी कमाते, बांटते रहे! उन्होंने ने शादी नहीं की थी हरिद्वार से लेकर बनारस , जम्मू कश्मीर में बहुत से स्थान है जहां पर उन्होंने दान दिया उनका नाम आज भी अनेक स्थानों पर लिखा हुआ मिलता है, केवल मात्र अपना खाना और दो कपड़े वह अपने पास रखते थे बाकी सारी कमाई धार्मिक व सामाजिक कामों में वांट देते

थे! अंत में उन्होंने ट्रस्ट बनाकर कार्यकर्ताओं को अपनी दुकान व मकान भी दे दिया! जम्मू कश्मीर में प्रथा के अनुसार बड़ी उम्र में रामलाल जी की माता का देहांत हुआ था लोग उनको सजाने लगे रंग फेंकने लगे तो श्री रामलाल जी इस पर नाराज हुए उन्होंने इशारों में कहा ऐसा मत करो मेरी मां दुनिया से विदा हुई है यह रीति रिवाज ठीक नहीं!

श्री रामलाल की मृत्यु होने पर जब सामान की तलाशी की गई तो कुछ दान की रसीदें और 2 कपड़े जोड़ी ही उनकी संपत्ति थी बाकी सब दान कर देते थे! दुकान के नीचे पानी की टंकी बना रखी थी जहां जानवर ,गाय बगैरा पानी पी सकते थे, और ऊपर एक छोटा सा घोंसला बना कर रखा था जहां पर पानी व दाना डालने का स्थान था और चिड़ियों को दाना डाला जाता था!

देश आजाद हुए कुछ समय हुआ था 26 अक्टूबर 1947 को महाराजा हरि सिंह जी ने इस प्रदेश का विलय किया था 1947 में अनेक प्रकार से संघर्ष करके जम्मू की रक्षा इन भाइयों ने केशो राम व प्रेमचंद के साथ मिलकर की थी! हिंदुओं की रक्षा करने में महाराजा हरि सिंह जी का भी सहयोग मिलता था! प्रेमचंद श्री केशो राम के पिता थे जिनका अच्छा व्यापार था महाराजा हरि सिंह जी के साथ अच्छे संबंध थे क्योंकि एक अच्छे व्यापारी के नाते महाराजा हरि सिंह भी प्रेमचंद को लाला जी कहकर बुलाते थे, अपने हाथी पर बैठकर महल से बाहर निकलते तो प्रेमचंद जी की दुकान पर रुकते, लाला जी चीकू खाने की इच्छा है और कुछ और फल महल में चाहिए, उत्तर मिलता जनाब पहुंच जाएंगे, प्रेमचंद विक्रम चौक में रेलवे स्टेशन में जाकर सियालकोट से सामान लेने के लिए चले जाते थे! विक्रम चौक से मीरा साहब पहला स्टेशन पढ़ता था और अगला स्टेशन आर एस पुरा पढ़ता था सुचेतगढ़ से होते हुए ट्रेन सियालकोट की तरफ रवाना होती थी 1934 में जम्मू सियालकोट ट्रेन शुरू हुई थी उसके बाद पठानकोट में शुरू की गई थी! आज आर एस पुरा रेलवे स्टेशन और विक्रम चौक रेलवे स्टेशन तो मौजूद है लेकिन मीरा साहब रेलवे स्टेशन के नाम निशान नहीं!

1947 में मुसलमानों की ओर से आतंक फैलाने का हर प्रयास इस टोली ने असफल कर दिया जिसमें प्रेमचंद अरोड़ा, संतराम ,केशो राम , देवी दिता मल वह देवराज डिब्बा ने अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रमुख रूप से भूमिका निभाई! 1964 को प्रेमचंद का देहांत हुआ था लेकिन 1947 में महाराजा हरि सिंह के अनुरोध पर एक सिपाही इस टीम के साथ रहता था ताकि जरूरत पड़ने पर

महाराजा के नाम का इस्तेमाल कर सके, और अपनी हिंदू भाइयों की सुरक्षा कर सकें ऐसा आदेश महाराजा की ओर से दिया गया था क्योंकि प्रेमचंद के महाराजा से संबंध थे इस कारण इस प्रकार की व्यवस्था महाराजा की इच्छा के अनुसार की गई थी, मुस्लिम आतंक फैलाने वालों की पूरी कोशिश थी के हिंदुओं को नुकसान पहुंचाया जा सके लेकिन इस टोली ने उनकी इच्छा को पूरा नहीं होने दिया और हर बार लिंक रोड चौक, जैन बाजार के आसपास उनको रोक लिया जाता था और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर किया जाता था, और अनेक बार उनके इस प्रयास को विफल किया गया इस कारण जम्मू को छोड़कर उनको जाना पड़ा जम्मू कश्मीर के वर्तमान स्वरूप को आज हम जिस रूप में जानते हैं जिसके अंदर एक प्रधान एक विधान एक निशान का आंदोलन उस समय चलाया गया और उस सफलता इतने सालों बाद मिली और 370 धारा हटना 1947 से 1953 के 6 सालों में अनेक घटनाओं को लिखा वह बताया जा सकता है इन्हें समय के मर्यादा के कारण विषय वस्तु के कारण लिख पाना संभव नहीं है "तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहे ना रहे" और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रेरणा लेकर यह सारे साथी काम करते थे आंदोलन को दबाने का हर प्रयास का विरोध किया जाता था और एक ही भावना से चलते थे के "ढांचा चलाओगे जालिमो–आत्मा जलाई नहीं जाती–खून से डाली है लकीर–तलवार से मिटाए नहीं जाती "इस प्रकार की भावनाओं को लेकर यह लोग संघर्ष करते रहे! देवी दिता मल शरीर की परवाह किए बिना बढ़ते जा रहे थे! 1957 में जख्म के अंदर इस प्रकार कीड़े पड़ने लगे कि किसी भी डॉक्टर का इलाज उसे ठीक नहीं कर पाया श्री केशव राम उनके जख्मों की सफाई करते ,उनके कमरे में जाना भी मुश्किल हो चुका था क्योंकि दुर्गंध इतनी थी के कोई मिलने के लिए भी उनसे नहीं आता था! इन के अथक संघर्ष और बलिदानों ने संघर्ष की जोत जला के रखी और इतने सालों बाद उनका सपना पूरा हुआ और वास्तव में उन्होंने जीवन समाज के लिए वाह देश के लिए जिया है ऐसी विभूतियों को प्रणाम करते हैं!

"कोम की जिंदगी तीरों तलवार या एटम नहीं लिखता बुलंद हौसले ही उसकी उम्र का पता देते हैं कितने तुम अपने लिए जिए यह तुम्हारी कहानी बयां करती है"! कितना लोग कोम के लिए जिए या मरे यह कोम की जिंदगी है! जो लिखने वाले बयान करते हैं यह सांस मेरी खत्म होने से पहले तुम्हें आगे चलना है आगे कौम जिंदा लोगों की सांसो पलती है!

SD/

रमेश अरोड़ा

Having the family background for social services to the society, Dr Om Prakash Mengi was also quite interested for welfare of the people at large but he was quite devoted to the RSS work. He held various positions of the working to the extent of being the sanghchalak of Jammu and Kashmir for years.

His father Lala Ishwar Dass Mengi was professionally a school teacher and known for commanding respect amongst the students and the colleagues. But ever after his retirement, he devoted to the cause of aged and orphans. It was with his efforts along with the guidance and support of great dogra leader, Pandit Prem Nath Dogra the place for old age was developed in Ved Mandir area known as Vridh Ashram. This has now grown as an important centre for the old age people. Dr Om Prakash Mengi was a dental surgeon by profession but also spent lot of time in social activities, particularly the Sangh work in different capacities.

DR. OM PRAKASH MENGI

In politics, he held the position of the General Secretary of the All J&K Praja Parishad for over two years. He was arrested during the Praja Parishad movement of 1952-53 for removal of all the barriers between Jammu and Kashmir and rest of India caused by Article 370.

After his arrest, Dr Mengi along with two other Praja Parishad activists was forcibly airlifted to Srinagar Jail in February 1953 to face the vagaries of severe cold.

Team Library & Documentation Department

Smt Sheela Mengi wife of Dr Om Prakash Mengi was also active in the movement of Praja Parishad. She along with Smt Shakti Sharma and others organised teams of women activists to spread the message of unity and expose those elements who were indulging in committing atrocities on patriotic people working for one nation by having one constitution with the slogan of Ek Desh Mein Do Vidhan, Do Pradhan aur Do Nishan Nahin Challenge Challenge.

Thus, the women folk also played their significant role to carry forward the banner of great message of Pandit Prem Nath Dogra also that of towering leader of the country Dr Syama Prasad Mookherjee.

SMT. SHEELA MENGI

Shri Madhav Lal Nanda was a leading lawyer by profession, staunch RSS activist, elder son of Lala Rup Chand Nanda, born on 28 December 1928 in Jammu. He had his early education in Jammu and did his LLB from Delhi University.

Madhav Lal Nanda played important active role during all the agitations by Praja Parshid/Bharatya Jan Sangh. He was arrested several times during movements and faced jails. In 1949 Satyagrah movement seeking release of detained leader, Pt. Prem Nath Dogra was going on despite torture and excesses to terrorise the Praja Parishad activists. As a tactic Govt released his father Sh. Rup Chand Nanda. But to clear the air and keep up the morals of the agitation, Shri Madhav Lal Nanda took out a procession defying the prohibitory order and courted arrest same day and suffered jail in terrible conditions. He was severely tortured. Shri Nanda remained in Jail till Pt. Dogra and other were released.

In 1960, he shifted his base to Reasi and made Reasi as his "karm Bhoomi" till his death on 01-06-1999 in Reasi. He was a leading lawyer but not charging anything to his poor clients and was pleading their cases in courts irrespective of religion. He was a man of principles with vast legal and religious knowledge. He always followed and remained committed for high ethics and moral values in his profession and public life. Beside his legal practice, Shri Madhav Lal Nanda remained always active in people causes, agitations. social, charity and political activities and had acted as head of some social Organisations e.g. Hindu Sabha, Santhan Dharm Sabha etc and Bar association. Throughout his life, he remained associated with RSS, Praja Parshad, Bharatya Jan Sangh and BJP and also contested one time election from Reasi.

Shri Madhav Lal Nanda played very important leading role along with Shri Rishi Kumar Koushal during all the agitations carried out in Reasi including Food, PUC Class, and District Status etc. and was arrested several times during movements. It is worth mentioning here that Reasi was a District before 1947 and was only place in J&K, which was demoted from District to Tehsil after 1947, intentionally following biased agenda against people of Reasi by Sheikh Mohd Abdullah. The only fault of the people of Reasi, was that they had strongly opposed the anti national agenda of National Conferrence and actively participated in all Praja Parshad movements. The Wazir Commission had recommended the creation of a separate district of Reasi. Since the recommendations remained unimplemented, in September-October 1988 a historic agitation was started in Reasi for restoration of District status. Several people were arrested during the agitation. Reasi observed continuously complete BANDH for 72 Days. Shri Nanda was arrested in terrible conditions and suffered jail for several days under severe sections imposed by the NC Government headed by Farooq Abdullah.

SH. MADHAV LAL NANDA
(Advocate)
28-12-1928 to 01-06-1999

Ajay Nanda

Lala Roop Chand Nanda was a leading lawyer and used to play important role in public activities. He gained significance in 1943 when in Food agitation on sept.24, nine people were killed in police firing and the Maharaja had appointed enquiry commission which was head by Justice of Bombay High Court.

Advocate Nanda along with Dr. Saif-ud-Din Kitchloo of Punjab and some other lawyers appeared before the commission to plead the public cause.

On basis of findings of this commission two police officials were dismissed from service and the then Prime Minister Shri Haksar had to lose his job.

The Rationing system was introduced. All this enhanced the stature of Advocate Sh. Nanda.

Because of his services to the public cause in early 1949, Shri Nanda was entrusted the task to lead the Praja Parishad in a difficult situation as Pt. Dogra and some other were arrested & detained in Srinagar Jail.

The then section 50 was imposed in the city to deny the Praja Parishad from holding meeting keeping in view this ban, a big public meeting was organised at Ragoora, in Jammu Tawi island area. This meeting was presided over by Ch. Mira Baksh.

This successful gathering caused an alarm in the hierarchy of the new rulers. Beside his legal practice, Shri Roop Chand Nanda, prior to 1947 had acted as head of some social and political bodies including the Hindu Maha Sabha and contested elections.

In 1949 Satyagraha movement seeking release of detained leader, Pt. Prem Nath Dogra was going on despite torture and excess to terrorise the Praja Parishad activists, the Govt. leaders as a tactic released Shri Nanda amidst several rumours. But to clear the air and keep up the morale of the agitators, Shri Nanda's elder son, Shri Madhav Lal took out a procession defying the prohibitory orders and courted arrest the same day and suffered jail in terrible conditions. Shri Madhav remained in Jail till Pt. Dogra and other were released.

Ajay Nanda

ROOP CHAND NANDA
REASI

LIFE HISTORY OF LATE SHAHEED SWAMI RAJ KATAL

Shaheed Swami Raj Katal was born in December 1929, in a poor family, of village Mounda, Tehsil Bhadarwah, District Doda, Jammu and Kashmir. His father and mother expired when he was 5years and seven years old .Thereafter he was being looked after by his old grandfather but he too expired when he was just 9yers old .He lost all his elders at the age of nine years as the grandmother had already expired . After losing all his dear ones he was brought up by next door neighbourers .He studied up to 9th standard but that too by borrowing second hand books from the senior students of the village as he had no money to buy new books. The story of miseries does not ended here In 1947, all moveable and immoveable property was looted or razzed to ground by infiltrators and the people of the Athkhar area were forced to flee from their native place .He along with other people left his house and migrated to Basohli District Kathua where they lived for about six months and there after returned back to their native place-After reaching back all villagers constructed houses with the help of each other.

In 1947 he was just eighteen years old. His maternal uncle was kind enough and in 1949 he married his daughter to him besides seeing the fact that the orphan boy was very poor. After marriage he started doing private job. Later on he started the work of stamp vender and there after he became petition writer.

His grandfather was lambardar and in the beginning he carried out the legacy of lamberdar also. Being lambardar he came into the contact of leaders of Praja parishad party and became and active member and participated in 1953 agitation .After joining Praja Parishad he never looked back and continued to work in the party afterwords in Jansang and Bharatia Janta Party. Shri Balraj Madhook firebrand leader of Jan Sangh has stayed at his residence when he reached Bhadarwah via Chamba. He remained all along the office secretary/tehsil secretary and at later stage he was appointed as vice president of B.J.P in erstwhile Doda District .He went to jail twice i.e during food agitation in 1962, for eleven months during

emergency. He was staunch worker of R.S.S and B.J.P. He laid his life for the sovereignty of the state.

After mass exodus of the Kashmiri Pandits from valley, militants extended their activities to District Doda by killing Hindus to create fear to force them to flee from the said area but he along with his party colleagues stood like a rock and made the militants to understand that they will not succeed in their nefarious design.

He was in the hit list of the militants, therefore government had provided security cover to him but even then militants made first bid to eliminate him on 22 September 1993 at 10.00 am.He was hit by two bullets and his P.S.0 was injured seriously .Both of them were airlifted to Government Medical College Hospital Jammu for specialized treatment but his P.S.O succumbed to injuries.

Even after being injured and under treatment in the hospital he used to say that soon after recovery I will rush back to my hometown to stay with my villagers otherwise they will be demoralized.

Shri Indresh kumar ji the then Prant Pracharak in his book titled" Jammu and Kashmir Ki Shourya Gatha" has mentioned that when Sh. Swami Raj Katal JI was being treated in hospital he went there and was told by Shri Swami Raj Katal;-

'इन्द्रेश जी आंतकवादियों को बता दें कि मैं स्वस्थ होते ही शीघ्र अपने गांव जाऊँगा, अगर वह सोचते हैं कि वह मुझे डराकर भगादेंगें तो वह उनकी गलतफेहमी है और संबधी व घर वालों को बता दें कि मैं धरती तथा धर्म छोडने वाला नहीं''

He was of the opinion that where we have been brought up we must stand for security and integrity of the birth place. In his last address to the public of Bhadarwah delivered in presence of Shri Prem Kumar ji Dhumal B.J.P leader Himachal he quoted;-

'' फूल खाये इस वृक्ष के गंदे किए इनके पात धर्म हमारा है यही जलें वृक्ष के साथ''

He had three sons and out of three two were residing in Jammu city. All his well wishers requested him to stay at Jammu till the normalcy returns but he did not stay even for a week after discharge from the hospital .After he left for his native place and started routine activities to infuse courage amongst the fellow supporters.

After eight months i.e on 30 may 1994 he was again attacked by the militant and shot dead on the spot. He was aware of the fact that one day he will be killed but he continued to stay back with the people of Bhadarwah and finally laid his life .His sacrifice proved counter productive as Hindu community also took arms, sensing communal violence the then government moved security forces to the District Doda and also established village defense committees with the result militancy was contained and people of District Doda had a sigh of relief. Before his assassination many Hindus were found dead on high reaches but all such deaths were called as accidental deaths and Government paid no heed though the same were militancy related incidents. All credit goes to his sacrifice as all people got united and also joined village defense committees and saved the life and property of minority community of District Doda.

It was my proud privilege to be informed by the Library & Documentation Department of BJP, J&K headquarters that there was a serious attempt undertaken by it to document facts about the Praja Parishad movement. In this connection, we met some of the relatives, friends and colleagues of the leaders and activists of the movement belonging to the Kashmir valley and especially Shri Omkar Nath Kak. His narrative helped a lot to compile this fact of the movement. The movement led by the revered leader, Pt. Prem Nath Ji Dogra created history in the Jammu and Kashmir state that was written in golden letters.

Praja Parishad Agitation of 1951-53 was supported by the Kashmiri Pandit community; in fact, it contributed to its success immensely. It needs to be clarified that there was a great contribution that the Pandits offered in this movement when a group of youngsters joined the movement and took important assignments during the period of the agitation.

The leading figures that came out as full-timers at that time in Kashmir Valley (who worked in the Jammu region for the movement) included: Shri Janki Nath Dhobi, Makhan Lal Harkar, Som Nath Ogra, Omkar Nath Kak, Brij Nath Miyan, Amarnath Vaishnavi, Niranjan Nath Kaul, Prem Nath Bhat, Pran Nath Miya, Devkinanadan Nakhasi and Avtar Krishen Kaw. These are some of the names that our research could gather in this regard. We knew many of them and are fortunate to have worked with them for the cause of the nation and the community.

They were all full-timers for two to four years each. When I was an RSS Pracharak, a number of important people and even commoners in the areas such as Kishtwar, Bhaderwah, Udhampur, Akhnoor, Samba and Kathua detailed me about their contributions and work. Shri Makhan Lal Harkara (Aima) was declared persona-non-grata in the then J&K state by the Sheikh Abdullah regime and was indeed a hero

Shri Tika Lal Taploo

Pt. Omkar Nath Kaak

Sh. Amar Nath Vaishanavi

Advocate Prem Nath Bhat [RSS]

of the movement at the age of 18.

All these men of material were well read and had acquired degrees and diplomas at a young age. A few of them were in service of the government of the day. When they joined the movement, they eventually left their government jobs as well. A few of them were also married at a young age but that also didn't deter them from joining their cherished mission to which they were committed so intensely.

Shri Som Nath Ogra of Sathu, Srinagar is alive and is residing somewhere in Gujarat. Shri Omkar Nath Kak lives in Talab Tillo, Jammu. I have great respect for him. Let me inform all that Shri O.N. Kak is far senior to many of his ilk at All India level in RSS/BJP. Kak Saheb used to be the RSS Secretary, Jammu Division (Jammu Vibhag Karivah 1979-81). He continued to be in that position for a number of years.

